| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,599.91 |
| निफ्टी | 24,565.35 |
| सोना | 99820 |
| चांदी | 113000 |
| डॉलर | 87.23 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

PMG

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
शनिवार 02 अगस्त 2025
श्रावण शुक्ल 09 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 308
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in


## खास खबर

### वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने 47वें सह नौसेना प्रमुख का पदभार ग्रहण किया

नई दिल्ली। वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने भारतीय नौसेना के 47वें सह नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय समर स्मारक, नई दिल्ली में शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे के 71वें कोर्स के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल वात्स्यायन ने 01 जनवरी 1988 को भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त किया। तोपखाना एवं मिसाइल प्रणालियों में विशेषज्ञता प्राप्त अधिकारी ने तीन दशकों से अधिक के अपने शानदार करियर में अनेक महत्वपूर्ण परिचालन, कमान और स्टाफ नियुक्तियों में सेवा दी है।

### रिंकू सिंह से ब्रांड एंबेसडर पद छीना

लखनऊ। क्रिकेटर रिंकू सिंह से चुनाव आयोग ने ब्रांड एंबेसडर पद छीन लिया है। वह मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़े थे। आयोग ने उनसे जुड़ी सभी प्रचार सामग्री को हटाने का आदेश दिया है। इस बारे में जिला प्रशासन को पत्र भी लिखा गया है। रिंकू की जौनपुर की मछली शहर से सपा सांसद प्रिया सरोज के साथ सगाई हुई थी। इसे कारण बताते हुए चुनाव आयोग ने यह फैसला लिया है। चुनाव आयोग ने कहा- रिंकू की सपा सांसद के साथ सगाई से राजनीतिक पक्षपात हो सकता है। अब उनका जुड़ाव किसी राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ माना जा सकता है। इसलिए सभी सामग्री जैसे- पोस्टर, बैनर, वीडियो और डिजिटल विज्ञापन से रिंकू सिंह की तस्वीरें और नाम हटाए जाएं।

### कंगना रनोट को हाईकोर्ट से झटका

चंडीगढ़। हिमाचल प्रदेश की सांसद और अभिनेत्री कंगना रनोट को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से झटका लगा है। अदालत ने उनकी मानहानि की शिकायत रद्द करने संबंधी याचिका खारिज कर दी है।



यह मामला 2021 का है, जब किसान आंदोलन चल रहा था। उस दौरान कंगना ने बठिंडा के गांव बहादुरगढ़ जंडिया की रहने वाली 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला किसान महिंदर कौर को 100-100 रुपए लेकर धरने में शामिल होने वाली महिला बताते हुए ट्वीट किया था। इसके खिलाफ महिंदर कौर ने कोर्ट में केस दर्ज करवाया था। कंगना का कहना था कि उन्होंने केवल एक वकील की पोस्ट को री-पोस्ट किया था। हालांकि, अभी तक हाईकोर्ट का विस्तृत आदेश नहीं आया है। साफ है कि अब इस मामले की सुनवाई बठिंडा की अदालत में होगी। हालांकि, कंगना के पास सुप्रीम कोर्ट जाने का विकल्प रहेगा।

### कुछ ना कहना




#### बिहार एसआईआर को लेकर संसद में भी हंगामा, राहुल गांधी ने कहा...

# अफसर चोरी करा रहे, हम छोड़ेंगे नहीं

नई दिल्ली। बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के काम का विपक्ष द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है। इस मुद्दे पर संसद में भी काफी हंगामा जारी है। विपक्ष इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहा है। विपक्ष इस प्रक्रिया को वोटों की चोरी बताकर खारिज कर रहा है। वहीं चुनाव आयोग इसे अवैध मतदाताओं को वोटर लिस्ट से हटाने की कवायद बता रहा है। फिलहाल इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी में शामिल है और हमारे पास इसके सबूत भी हैं। चुनाव आयोग ऐसे निराधार आरोपों को नजरअंदाज करता है। लगातार दी जा रही धमकियों के बावजूद, हम सभी चुनाव अधिकारियों से कहना चाहते हैं कि वे पहले की तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करें। गैरजिम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करें।



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पिछले 9 दिनों में चुनाव आयोग के अधिकारियों को दूसरी बार धमकाया है। शुक्रवार को संसद से बाहर निकलने पर राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है। हमारे पास एटम बम है। जब फटेगा तो चुनाव आयोग बचेगा नहीं। चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं, जो देशद्रोह है। आप कहीं भी हों, चाहे आप रिटायर ही क्यों न हो जाएं, हम आपको ढूंढ निकालेंगे। इससे पहले 24 जुलाई को राहुल ने कहा था कि मैं चुनाव आयोग को एक मैसेज देना चाहता हूं। अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच जाएंगे, तो ये आपकी गलतफहमी है। हम आपको बच के जाने नहीं देंगे।

#### हमारे पास एटम बम

राहुल गांधी ने कहा कि हमारे पास इस बात के स्पष्ट सबूत हैं कि चुनाव आयोग वोट चोरी में शामिल है। जल्द ही पूरे देश को इसके बारे में पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग वोट चोरी करा रहा है। हमें मध्य प्रदेश, लोकसभा चुनाव में हमें शक था और महाराष्ट्र में वो थोड़ा आगे गया। एक करोड़ मतदाता जोड़े गए थे। इसके बाद हमने अपनी ही जांच की और उस जांच में जो मिला है, वो एटम बम है। राहुल गांधी ने कहा कि मैं पूरी गंभीरता से बोल रहा हूं कि ऊपर से नीचे तक जो भी इस काम में शामिल है, हम आपको नहीं छोड़ेंगे। आप भारत के खिलाफ काम कर रहे हैं और यह देशद्रोह से कम नहीं है। आप कहीं भी हों, भले ही आप सेवानिवृत्त हों, हम आपको ढूंढ निकालेंगे।

## उपराष्ट्रपति पद का चुनाव 9 सितंबर को होगा, आयोग ने जारी किया शेडयूल

नई दिल्ली। जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद उपराष्ट्रपति पद का चुनाव 9 सितंबर को होगा। चुनाव आयोग की ओर से इलेक्शन की डेट जारी की गई है। आयोग का कहना है कि 21 अगस्त तक नामांकन स्वीकार किए जाएंगे और 9 सितंबर को चुनाव होगा। उसी दिन शाम तक वोटों की गिनती के बाद नतीजे का ऐलान कर दिया जाएगा। चुनाव आयोग की ओर से शेड्यूल के मुताबिक 7 को उपराष्ट्रपति पद पर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होगी। इसके बाद 21 अगस्त तक नामांकन दाखिल करने की डेट रहेगी। 22 अगस्त को नामांकन पत्र की जांच और 25 तारीख तक उन्हें वापस लिया जा सकेगा। यदि एक से ज्यादा उम्मीदवारों का नामांकन आता हैं तब चुनाव कराना पड़ेगा और ऐसी स्थिति में 9 सितंबर को मतदान होगा। 9 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग होगी। इसके बाद काउंटिंग और शाम तक रिजल्ट आ जाएगा। बता दें कि धनखड़ ने 21 जुलाई की शाम को अचानक ही पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने इसकी जानकारी भी खुद ही एक्स अकाउंट पर शेयर करके दी थी। इससे पहले वे राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को इस्तीफा सौंप आए थे। बता दें कि धनखड़ के इस्तीफे को लेकर अब तक कयासों का दौर जारी है। भले ही उन्होंने अपने इस्तीफे में बिगड़ते स्वास्थ्य का हवाला दिया था, लेकिन विपक्ष की ओर से लगातार कयास लगाए जा रहे हैं कि आखिर उन्होंने अचानक पद क्यों छोड़ा है। मोदी सरकार के साथ उनके रिश्ते बिगड़ने को लेकर भी तमाम अपुष्ट दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन सरकार या फिर धनखड़ की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ कहा नहीं गया है। गौरतलब है कि धनखड़ ने किसानों के मुद्दे पर तीखी राय जाहिर की थी। इसके अलावा बीते कुछ महीनों में विपक्ष के साथ उनके रिश्ते ज्यादा गहराने की भी चर्चाएं चलती रहीं हैं।

## बांग्लादेश के नक्शे में भारत के 7 राज्यों के हिस्से दिखाए गए, संसद में हुआ हंगामा

### जयशंकर बोले- तैयार है प्रोपेगेंडा से निपटने की

नई दिल्ली। बांग्लादेश में प्रदर्शित एक विवादित नक्शा, जिसमें भारत के सात राज्यों के हिस्से शामिल दिखाए गए हैं, संसद में मुद्दा गरमाया है। गुरुवार को राज्यसभा में कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने इस विषय को जोर-शोर से उठाया और केंद्र सरकार से इस पर कार्रवाई और स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। इस पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा है कि प्रोपेगेंडा पर कड़ी नजर है और इससे निपटने की तैयारी भी है।

दरअसल बांग्लादेश के नक्शे में भारत के सात राज्यों के कुछ हिस्सों को शामिल किए जाने को लेकर संसद में सुरजेवाला ने सरकार से पूछा है, कि क्या सरकार ने इस मामले में बांग्लादेश से कूटनीतिक स्तर पर बात की है और क्या तुर्की व पाकिस्तान की बढ़ती भूमिका पर सुरक्षा के लिहाज से कोई आकलन किया गया है? यहां बताते चलें कि इस कथित नक्शे में पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, त्रिपुरा, बिहार, झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्सों को बांग्लादेश का हिस्सा दिखाया गया है। यह नक्शा 14 अप्रैल 2025 को ढाका यूनिवर्सिटी में लगी एक प्रदर्शनी में लगाया गया था, जिसे सल्तनत-ए-बांग्ला नामक एक कट्टरपंथी संगठन द्वारा तैयार किया गया बताया जा रहा है।



इस मामले में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जो सदन को बताया, उसके प्रमुख चार बिंदु हैं, इसके तहत प्रथमतः भारत सरकार को नक्शे की जानकारी है, जिसमें भारत के हिस्सों को ग्रेटर बांग्लादेश के अंतर्गत दर्शाया गया है। दूसरा बांग्लादेश सरकार के फैक्ट-चेकिंग पोर्टल 'बांग्लाफेक्ट' ने दावा किया है कि सल्तनत-ए-बांग्ला के अस्तित्व का कोई ठोस प्रमाण नहीं है। तीसरा यह कि यह नक्शा कथित तौर पर इतिहास आधारित प्रदर्शनी का हिस्सा था, जिसमें पुराने बंगाल सल्तनत का संदर्भ दिया गया है। चौथा बिंदु यह है कि भारत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सभी घटनाक्रमों पर सतर्क निगरानी रखे हुए है और इस तरह के प्रोपेगेंडा से सख्ती से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

#### सवालों के घेरे में जांच एजेंसी की कार्यशैली

## ईडी ने 10 साल में दर्ज किए 5892 मामले, लेकिन सजा सिर्फ 15 को

नई दिल्ली। देश की सबसे शक्तिशाली जांच एजेंसियों में से एक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर वर्षों से सवाल उठते रहे हैं, अब संसद में पेश ताजा आंकड़े इन सवालों को और मजबूती प्रदान करते दिखे हैं। बीते 10 सालों (1 जनवरी 2015 से 30 जून 2025) के दौरान ईडी ने 5892 मामलों में जांच शुरू की, लेकिन इनमें से सिर्फ 8 मामलों में दोष सिद्ध हो सका और महज 15 लोगों को सजा सुनाई गई।

यह जानकारी राज्यसभा में सांसद साकेत गोखले के सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने दी। रिपोर्ट के अनुसार कुल जांच किए गए मामलों की संख्या 5892 रही, जबकि अदालत तक पहुंचे मामलों की संख्या 1751 है, जिनमें 1398 मुख्य अभियोजन शिकायतें और 353 पूरक अभियोजन शिकायतें शामिल हैं। आरोप तय (चार्ज फ्रेम) हुए केसों की संख्या 366 रही जबकि सजा पाए मामलों की संख्या महज 8 है और दोषी ठहराए गए लोगों की संख्या 15 है। इस प्रकार कुल सजा दर 0.13 प्रतिशत ठहरती है।

ईडी की यह सारी कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत होती है, जिसे मनी लॉन्ड्रिंग जैसे आर्थिक अपराधों को रोकने के लिए लागू किया गया था।

#### क्या उठते हैं सवाल?

इन आंकड़ों से सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि अगर हजारों लोगों पर छापेमारी, पूछताछ और गिरफ्तारियां की जा रही हैं, तो अंततः दोष सिद्ध क्यों नहीं हो पा रहे? कई मामलों में राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई का आरोप भी लगता रहा है। खासकर विपक्षी दलों ने बार-बार आरोप लगाया है कि ईडी का उपयोग सरकार विरोधियों को डराने-धमकाने के लिए किया जा रहा है। 2023 में सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए गए हलफनामे में बताया गया था कि 2005 से लेकर 2022 तक ईडी ने 501 लोगों को गिरफ्तार किया।

### विमानन संबंधी मीडिया रिपोर्टिंग के लिए दिशानिर्देश, मद्रास उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज की

चेन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय ने विमानन संबंधी मीडिया रिपोर्टिंग के लिए दिशानिर्देश तय करने की मांग वाली याचिका को खारिज किया है। यह याचिका अधिवक्ता एम. प्रवीण द्वारा दायर की गई थी, जिसमें मांग की गई थी कि मीडिया को आधिकारिक जांच पूरी होने तक विमानन दुर्घटनाओं के बारे में समय से पहले या अटकलें लगाने वाले बयान देने से रोका जाना चाहिए।

याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि विमानन दुर्घटनाओं के बाद हमेशा समाचार मीडिया, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर असत्यापित सामग्री प्रकाशित होती है, जिससे पायलटों को पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर दोषी ठहराया जाता है। याचिका में कहा गया था कि यह प्रथा न केवल पायलटों की प्रतिष्ठा और करियर को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि उनकी व्यक्तिगत गरिमा और मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है।

याचिका में अहमदाबाद विमान दुर्घटना का उदाहरण दिया गया, जिसमें जांच लंबित होने के बावजूद विमान के चालक दल को दोषी ठहराने वाली अटकलें लगाने वाली मीडिया रिपोर्टें व्यापक रूप से प्रसारित की गई थीं।

#### 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा

## शाहरुख और विक्रांत मैसी बेस्ट एक्टर, रानी मुखर्जी बेस्ट एक्ट्रेस



नई दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार को 71वें नेशनल अवॉर्ड्स का ऐलान हुआ। शाहरुख खान को फिल्म जवान और विक्रांत मैसी को 12वीं फेल के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड संयुक्त रूप से दिया गया है। फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया है। कटहल को मिला बेस्ट हिंदी फिल्म का अवॉर्ड दिया गया है। हिंदी फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है को बेस्ट डायलॉग के लिए पुरस्कार मिला। इस फिल्म के डायलॉग दीपक किंगरानी ने लिखे हैं।

- बेस्ट गुजराती फिल्म- वश
- बेस्ट बंगाली फिल्म- डीप फ्रीज
- बेस्ट असमी फिल्म- रोंगातपु
- बेस्ट हिंदी फिल्म- कटहल
- बेस्ट कन्नड़ फिल्म- कंडीलू
- बेस्ट स्पेशल मेंशन फीचर फिल्म - एनिमल (री रिकॉर्डिंग मिक्सर, एमआर राजाकृष्णन)
- बेस्ट ताई फाके फीचर फिल्म- पाई तांग... स्टेप ऑफ होप
- बेस्ट गारो फीचर फिल्म- रिमदोगितांगा
- बेस्ट तेलुगु फीचर फिल्म- भगवंत केसरी
- बेस्ट तमिल फीचर फिल्म- पार्किंग
- बेस्ट पंजाबी फीचर फिल्म- गोड्डे गोड्डे चा
- बेस्ट ओडिया फीचर फिल्म- पुष्कर
- बेस्ट मराठी फीचर फिल्म- श्यामचि आई
- बेस्ट मलयालम फीचर फिल्म- उल्लुझुकु




# पुरानी पेंशन बहाली संघ द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर किया गया चरणबद्ध आंदोलन का आगाज

## नगर में निकाली आक्रोश रैली, कलेक्ट्रेट में सौपा ज्ञापन, वर्षो से लंबित विभिन्न मांगों को पूरा किए जाने की लगाई गुहार, 5 सितंबर को सामूहिक उपवास, तो 25 नवंबर को दिल्ली में संवैधानिक रैली की दी चेतावनी



**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। वर्षों से लंबित अपनी विभिन्न सूत्रीय मांगे पूरी ना होने से जिले के समस्त शिक्षक संवर्ग प्रदेश सरकार से खासा नाराज है।जिन्होंने प्रदेश सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए अपनी विभिन्न सूत्रीय मांगे पूरी करने की गुहार लगाई है।जहां विभिन्न लंबित मांगे पूरी ना होने से नाराज सभी शिक्षक संवर्ग एंव संगठन से जुड़े अन्य विभागीय संगठनों ने राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संघ के बैनर तले पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य सूत्रीय मांगों को पूरा करने को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण में शुक्रवार को राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संघ के बैनर तले नगर में एक आक्रोश रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौपा गया।जिसमें उन्होंने पुरानी पेंशन बहाल करने, पेंशन वरिष्ठता का लाभ देने, प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दी जाने, क्रमोन्नति का लाभ देने, समयमान वेतनमान सहित वर्षों से लंबित अपनी विभिन्न मांगों को पूरा कराया जाने की गुहार लगाई है। जहां उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ शुरू किए गए इस चरणबद्ध आंदोलन के दूसरे चरण में 5 सितंबर शिक्षक दिवस के दिन सामूहिक रूप से उपवास करने, और उसपर भी बात न बनने पर, 25 नवंबर को जंतर मंतर दिल्ली में सामूहिक रूप से संवैधानिक रैली निकालकर अपना आक्रोश जताए जाने की चेतावनी दी है।**

### इन मांगों को लेकर सौपा ज्ञापन

राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संघ द्वारा सौपे गए इस ज्ञापन में पुरानी पेंशन बहाल करने, उच्च माध्यमिक शिक्षक संवर्ग को 12 व 24 वर्ष पूर्ण होने पर क्रमोन्नति का लाभ देने, 24 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले माध्यमिक शिक्षक संवर्ग को क्रमोन्नति का लाभ देने, समयमान वेतनमान देने, प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि गणना कर ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण वरिष्ठता लागु करने, एनपीएस धारी मुत शासकीय सेवक के आश्रित परिवार को केन्द्रीय कर्मचारीयों के समान राज्य के कर्मचारीयों को परिवार पेंशन स्कीम तत्काल लागु करने,2005 के पूर्व नियुक्त सभी विभागों के कर्मचारी एवं राज्य शिक्षा में नियुक्त शिक्षको की पुरानी पेंशन स्कीम लागु करने,युनीफाईड पेंशन स्कीम नहीं बल्कि मध्यप्रदेश सरकार पुरानी पेंशन स्कीम लागु करने, ई-अटेंडेंस व्यवस्था समाप्त करने, पुरानी पेंशन बहाली और निजीकरण की समाप्ती करने सहित अन्य मांगो को पूरा करने की गुहार लगाई है।

### बुढ़ापे की लाठी पेंशन व्यवस्था बहाल करे सरकार

पदाधिकारियो ने बताया कि देश भर में एक करोड़ शिक्षक कर्मचारी एवं समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी एनपीएस के दायरे में आते हैं जो लगातार पुरानी पेंशन बहानी के मांग कर रहें है। लेकिन सरकार द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल नही किया गया बल्कि यूनीफाईड पेशन स्कीम जैसी अहितकारी एक नई व्यवस्था लागु की गई जो कर्मचारी की दृष्टी में राष्ट्रीय पेंशन योजना से भी खराब व्यवस्था हैं, अधिकांश केद्रिय कर्मचारीयों का यूपीएस में शामिल न होना इस बात का प्रमाण है की यह उनके हित में नहीं है। इसलिये पुरानी पेंशन बहाली की मांग बढ़ती जा रही है।उन्होंने बताया कि सरकारी संस्थाओं की निजीकरण होना देश के नौजवानों, देश के लिये अफसोसजनक है।इससे पुंजीवाद बढेगा और सरकारी संस्थाओं में रोजगार सृजन के मौके समाप्त होंगे।

### आदेश के बावजूद भी नही दिया जा रहा क्रमोन्नति का लाभ

पदाधिकारियो ने बताया कि जबलपुर संभाग के अंतर्गत कार्यरत बालाघाट जिले के माध्यमिक शिक्षक संवर्ग द्वारा 24 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण किये जाने के उपरांत 24 वर्षीय द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान और उच्च माध्यमिक शिक्षक संवर्ग के शिक्षक जिनकी सेवा अवधि 12 व 24 वर्ष हो गई है, उनके क्रमोन्नत आदेश आज दिनांक तक कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग द्वारा बालाघाट जिले मे कार्यरत शिक्षकों को जारी नही हुये है। जबकि मध्यप्रदेश शासन स्कुल शिक्षा विभाग द्वारा 05.अक्टूबर 2023 को समयमान वेतनमान / क्रमोन्नत वेतनमान जारी करने के आदेश हो चुके है।

### शिक्षक दिवस के दिन करेंगे सामूहिक उपवास ,25 नवंबर को दिल्ली में संवैधानिक रैली- ठाकरे

राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संघ प्रांतीय संगठन मंत्री गिरधारी ठाकरे ने बताया कि संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु एवं प्रांतीय अध्यक्ष परमानन्द डहेरिया के आह्वान पर आज कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश के सभी जिला मुख्यालय में संगठन द्वारा ज्ञापन सौपा गया है।यह हमारे चरणबद्ध आंदोलन का पहला चरण है। इसके दूसरे चरण में 5 सितंबर शिक्षक दिवस के दिन सामूहिक रूप से उपवास किया जाएगा, तो वहीं इसके तीसरे चरण में 25 नवंबर को दिल्ली के जंतर मंतर में पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर संवैधानिक रैली निकाली जाएगी।जिसकी शुरुआत आज प्रथम चरण से की जा चुकी है उन्होंने बताया कि हमारी वर्षों से कई मांगे लंबित है जिसको लेकर संगठन द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है आज आक्रोश रैली के माध्यम से जिला मुख्यालय में ज्ञापन सौपा गया है। जिसमें पुरानी पेंशन वरिष्ठता के साथ प्रथम नियुक्ती से वरिष्ठता दिए जाने, ईअटेंडेंस सभी विभागों में लागू करने के बाद ही शिक्षा विभाग में से लागू करने सहित विभिन्न मांगों का शमावेश है। जिसे जल्द से जल्द पूरी किए जाने की गुहार लगाई गई है। हमने इन मांगों को लेकर कई बार आवेदन निवेदन किए हैं पर कहीं कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

### सांसद विधायक को अच्छा वेतन और मिल रही पेंशन, तो हमें क्यों नहीं- श्रीराम घरते

वही मध्य प्रदेश वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण संघ जिला अध्यक्ष श्रीराम घरते ने बताया कि हमारे जनसेवक जिन्हें हम चुन कर लाते हैं विधायक, सांसद सभी को अच्छी खासी वेतन मिल रही है। उन्हें पेंशन भी मिलती है। लेकिन हमारे कर्मचारी जो जीवन भर शासन की सेवा करते हैं उन्हें पुरानी पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा है। हमारी मांग है कि एनपीएस को हटाकर ओपीएस प्रणाली को तत्काल लागू किया जाए।

### यूपी में कर्मचारियों को मिल रहा लाभ, एमपी में नहीं- बीके पटेल

राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संघ जिला अध्यक्ष बीके पटेल ने बताया कि वर्ष 1998 से शिक्षा कर्मी संवर्ग कार्यरत है।लेकिन आज तक उन्हें ग्रेजवेटी, पेंशन का लाभ नहीं दिया गया है। जबकि उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2005 के पहले के कर्मचारियों को यह लाभ दिया है। जब वहां मिल सकता है तो मध्य प्रदेश में भी यह लाभ देना चाहिए। इसके अलावा अन्य मांगे हैं जिसको लेकर ज्ञापन सौपा गया है।

# सेलवटपार के डेविड बाकट पर धोखाधड़ी का मामला कायम

## मामला १८ लाख ५० हजार रूपये लेकर नहीं देने का

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी पुलिस ने वार्ड नंबर ३ निवासी २० वर्षीय कौशिक चौहान की शिकायत पर डेविड बाकट के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया है। जिसमें डेविड बाकट के द्वारा अलग.अलग तिथि में १८ लाख ५० हजार रुपये लेकर अधिक रुपये देने का लालच देकर रुपये वापस नहीं किये गये है। शिकायकर्ता कौशिक चौहान ने शिकायत में बताया की मैं वार्ड नं.३ वारासिवनी थाना वारासिवनी का स्थाई निवासी हूं। मैं और डेविड बाकट एक साथ सेज़ यूनिर्वसिटी भोपाल में बीबीए वर्ष २०२२ में कर रहे थे इस कारण दोनों में मधुर संबंध स्थापित हो गये थे। डेविड बाकट ने जून २०२२ में बोला की तुम मुझे पैसे दों में कम समय में तुम्हारे दिए गए पैसो से बहुत ज्यादा पैसे बनाकर तुम्हे वापस कर दूंगा। तब कौशिक ने अपने पिता व रिश्तेदारों से पैसे रूपये एकत्र किये और १५ जून २०२२ की शाम ४ बजे लगभग डेविड बाकट हमारे घर वार्ड नं.३ वारासिवनी में आया था। तब मेरे घर में ही डेविड बाकट को १० लाख रूपये नगद दिया था। इसके बाद २८ जुलाई २०२२ क दोपहर २ बजे लगभग ४ लाख रूपये व १ सितम्बर २०२२ की शाम ४ बजे लगभग ४ लाख ५० हजार रूपये हमारे वार्ड नं. ३ वारासिवनी में डेविड बाकट को नगद दिए थे। इस प्रकार कुल १८५०००० रूपये में अभी तक डेविड बाकट को दे चुका हूँ। डेविड बाकट ने कौशिक चौहान को अलग अलग बैंक के अलग अलग दिनांक के कुल ७ चैक प्रदान किया। जो सभी चैक में कुल २६ लाख रूपये की राशि लेख है और डेविड बाकट ने कहा कि लगभग ८ से १० माह में मेरे दिए हुए चैक लगाना और वह अधिक राशि वापस कर देगा। तब कौशिक चौहान के सामने डेविड बाकट ने कई लोगों से राशि लेकर अधिक राशि प्रदान की थी। इस कारण आवेदक को अनावेदक पर विश्वास हो गया। ८ से १० महीने बाद जब मैं डेविड बाकट से अपने रूपये वापस मांगता तो डेविड बाकट मुझसे कहता रहा कि अभी यह चैक मत लगाना मैं चैक सुरक्षा के रूप में दिया हूँ और चेक वापस लेकर नगद राशि दूँगा। चूंकि डेविड बाकट और कौशिक चौहान एक साथ अध्ययन कार्य करते थे इस कारण भरोसा हो गया था और जब भी राशि की मांग करता था तो डेविड बाकट आश्वासन देता था । चेक मत लगाओं मुझे अभी तक ऐसा लगते रहा की मेरे पैसे वापस मिल जायंगे कि अधिक राशि दूँगा भरोसा करो और इस कारण मेने रिपोर्ट नहीं किया था। लेकिन बार बार मेरे मांगने पर भी डेविड बाकट मेरे पैसे वापस नहीं कर रहा है। अनावेदक डेविट बाकट ने मुझे अधिक पैसे वापस करने का लालच देकर मुझसे पैसे लेकर मेरे साथ धोखाधडी किया है। पुलिस ने प्रार्थी कौशिक पिता राजेन्द्र चौहान उम्र २० वर्ष निवासी वार्ड नं.३ वारासिवनी की शिकायत पर डेविड पिता होमचंद बाकट उम्र २१ वर्ष निवासी सेलवटपार थाना रामपायली के खिलाफ अपराध क्रमांक ३६९/२५ भारतीय दंड विधान की धारा ४२० के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

**The Court Of Additional Judge To I District Judge, District Court, Balaghat**

**Presiding Officer- कविता इवनाती**

**( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )**
**( MJC GW/0000007/2025 )**

**पायल सुखरेल.........................................वादी**
**Vs**
**सर्वसाधारण.........................................प्रतिवादी**

**Process Id**-30/2025
पेशी दिनांक- 25/09/2025

**प्रेषिती-**
**सर्वसाधारण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी पायल सुखरेल ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 (2) हिन्दु अप्राप्तव्यता और संरक्षता अधिनियम 1956 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 25 छ्ह्ह्य4 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायधीश**
**प्रथम जिला न्यायाधीश न्यायालय**
**के अतिरिक्त न्यायाधीश वारासिवनी**
**जिला-बालाघाट ( म.प्र. )**

**कृपया ध्यान दे:-**

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**आवश्यकता है**

**ऑफिस कार्य हेतु**
**Computer ऑपरेटर**
**की आवश्यकता है**
**पद - 01 (फिमेल)**
**सैलरी-योग्यतानुसार**
**-संपर्क करें-**
**TST ऑफिस**
**प्रेमनगर बालाघाट**
**मो. 9584903881**

# कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में छात्र संघ निर्वाचन एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज) । स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ का छात्र संघ निर्वाचन संपन्न हुआ। नियमानुसार गोपनीय मतदान के द्वारा संपन्न हुये इस निर्वाचन में छात्र संघ अध्यक्ष ध्रुव पथिक कक्षा ११वीं कृषि निर्वाचित हुए। इसी प्रकार उपाध्यक्ष छात्रा कु. इकरा खान १२वीं कला, सचिव आरक्षित छात्रा पद पर कु. वैशाली पथिक कक्षा ११वीं जीव विज्ञान, सहसचिव कु. विभा गजभिये कक्षा ८वीं, क्रीडा सचिव छात्र पियुष गुर्जर ११वीं कृषि एवं सांस्कृतिक सचिव छात्रा कु. रागिनी हेड़ाऊ कक्षा १० वीं निर्वाचित हुए। इनके अतिरिक्त उपाध्यक्ष छात्र आरक्षित रिजवान कुरैशी कक्षा ११वीं, कृषि सांस्कृतिक सचिव छात्र हितेश भेंडारकर कक्षा १२वीं कला एवं क्रीडा सचिव छात्रा कु. श्रुति गौतम कक्षा ११वीं जीव विज्ञान निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपरोक्त के अतिरिक्त कक्षा नायकों एवं उपनायकों का निर्वाचन भी संपन्न हुआ, जिनमें संकल्प टेंभरे, कु. आशु हिवारे, प्रिंस चौधरी, कु. कांशी केकती, देवांशु आमाडारे, ईशान्त हेड़ाऊ, कु. कृतिका सोनकुसरे, कु. आरूषि बावने, आर्यन बावने, कु. अंशिका हेड़ाऊ, कु. सोनम पारस सारंगपुरे, रेहान शेख, आयुष खरोले, कु. माही बारेकर, रिजवान कुरैशी, भूमिका सोनकुसरे, ईशिका सोनकुसरे, कु. वैशाली पथिक, कु. मानसी हेड़ाऊ, संजीव बलाड़ी, शुभम शरणागत, हर्ष सारंगपुरे एवं कु. इकरा खान सम्मिलित है। स्कुल संचालक प्राचार्य निरंजन बिसेन के द्वारा जिन पदों पर मनोनयन किया गया, उनमें उच्चतर माध्यमिक विभाग से अनुशासन प्रमुख छात्र संजीव बलाड़ी ,छात्रा कु. सलोनी पटले स्वच्छता प्रमुख, छात्र शुभम शरणागत, छात्रा कु. भूमिका सोनकुसरे, पर्यावरण छात्र प्रमुख विनय ठाकरे एवं छात्रा कु. ईशिका सोनकुसरे सम्मिलित है। श्री बिसेन के द्वारा पूर्व माध्यमिक विभाग से भी पदाधिकारी का मनोनमन किया गया। उनमें अनुशासन प्रमुख छात्र प्रेम हेड़ाऊ, छात्रा कु. आरूशी बावने, स्वच्छता प्रमुख छात्र देवांशु आमाडारे एवं छात्रा कु. पूर्वी शरणागत सम्मिलित है। इस छात्र संघ निर्वाचन में नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को स्कूल संचालक प्राचार्य निरंजन बिसेन के द्वारा पद की शपथ दिलाई गई। छात्र संघ निर्वाचन एवं शपथ ग्रहण समारोह का संचालन छात्र संघ प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता राकेश कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।

# बालाघाट नगर मंडल के अध्यक्ष बनाए गए राकेश सेवईवार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । भारतीय जनता पार्टी द्वारा बालाघाट नगर मंडल के नाम की घोषणा कर दी गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 27 निवासी राकेश सेवईवार को बालाघाट नगर मंडल के पद पर नियुक्त किया गया है। आपको बता दे कि कुछ महीनों पहले दिसंबर महीने में भारतीय जनता पार्टी में संगठन पर्व के अंतर्गत संगठन में नई कार्यकारिणी का गठन के साथ नए जिला अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष बनाए गए थे। इस बार भाजपा में 36 मंडलो में एक अतिरिक्त मंडल बालाघाट उत्तर मंडल का



गठन करते हुए 37 मंडल पर नियुक्ति संगठन द्वारा की जानी थी। सभी 36 मंडलों में जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी गई थी। बालाघाट नगर मंडल में आपसी सहमति नहीं बनने के कारण बालाघाट नगर मंडल में अध्यक्ष के नाम की घोषणा नहीं की गई थी। जिसमें लंबे समय से सभी को नगर मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा होने का इंतजार था। जिसमें 1 अगस्त को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा शहर के वार्ड नंबर 27 निवासी राकेश सेवईवार को बालाघाट नगर मंडल के अध्यक्ष पर नियुक्त कर दिया गया है । जिसके बाद स्थानीय भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी के साथ जश्न का माहौल देखने को मिला । यहां भाजपा कार्यकर्ता सहित राकेश सेवईवार के समर्थकों ने एक दूसरे को मिठाई बांटते हुए राकेश सेवईवार को नगर मंडल अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामना दी। साथ ही इस बार बालाघाट नगर मंडल के लिए तीन लोगों ने दावेदारी की थी, जिसमें श्वेता जैन, गौरी लिल्हारे और राकेश सेवईवार का नाम सम्मिलित था। जिसमें बहुत दिनों तक श्वेता जैन और गौरी लिल्हारे के नाम पर चर्चाएं चलती रही और बड़े नेताओं का हस्तक्षेप होने के कारण इस नगर मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा नहीं की गई थी। इसमें जिले की बड़ी भाजपा नेत्री का मानना था कि श्वेता जैन को नगर मंडल अध्यक्ष का पद दिया जाए, तो वहीं भाजपा के वरिष्ठ मंत्री का झुकाव कुछ और ही था। जिस कारण यह नियुक्ति लंबे समय से नहीं हो पाई थी, किंतु जैसे ही प्रदेश अध्यक्ष बदले उसके बाद से ही पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन सक्रिय नजर आए । इसके बाद से रुकी हुई नियुक्तियां होना शुरू हो गई और 1 अगस्त को बालाघाट नगर मंडल अध्यक्ष के पद पर राकेश सेवईवार को नियुक्त कर दिया गया।

## जाहिर सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, ग्राम कोल्हवा के कोठिया कुतराहे की चार संताने क्रमश: रामबती बाई, दमड़ीलाल, यशवंती बाई, खेलनबाई है की ग्राम कोल्हवा, प.ह.नं. 12 मे खसरा नं. 74/1, 126/2, 107/3 कुल रकबा 3.69 एकड़ कृषि एवं मकान हाताबाड़ी की भूमि स्थित है के संबंध मे तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 कुमुदनी पटेल बालाघाट के न्यायालय मे व्य.वा. क्र. 103/2005 दिनांक 31.03.2004 को उक्त भूमि का बंटवारा हेतु दावा प्रस्तुत किया था, जिसमें न्यायालय द्वारा दिनांक 30.11.2005 को निर्णय एवं डिक्री पारित करते हुये तीनो बहन क्रमश: रामबती बाई, यशवंती बाई, खेलनबाई को खसरा नं. 126/2 रकबा 2.02 एकड़ मे से 0.31-0.31 डि.मी. मिली थी, जिसके आधार पर रा.प्र.क्र. 15/अ-27/2006-07 तीनो बहनो के द्वारा तहसीलदार बालाघाट के न्यायालय मे नामांतरण हेतु प्रस्तुत किया गया था, जिसके आधार पर रामबती बाई पति सुखलाल को खसरा नं. 126/8 रकबा 0.31 डि.मी., यशवंतीबाई पति मानिकराम को खसरा नं. 126/9 रकबा 0.31 डि.मी., खेलनबाई पिता कोठिया पति हरि दशहरे को खसरा नं. 126/10 रकबा 0.31 डि.मी. भूमि दिनांक 05.06. 2008 के आदेशानुसार राजस्व प्रलेखो मे दर्ज चली आ रही है के बाद रामबती बाई, यशवंती बाई एवं खेलनबाई द्वारा पूर्व निर्णय एवं डिक्री दिनांक 30.11.2005 के आधार पर तहसीलदार बालाघाट के न्यायालय मे पुन: बंटवारा हेतु रा.प्र.क्र. 6274/अ-6/2023-24 खेलनबाई, रामबतीबाई, यशवंतीबाई बनाम दमड़ी प्रस्तुत किया था, जिसमें दमड़ी वल्द कोठिया कुतराहे द्वारा आपत्ति भी की गई थी को बावजूद भी तीनो बहनो के द्वारा अपने पक्ष मे दोबारा बंटवारा दिनांक 17.01.2024 को कराकर अपना-अपना नाम राजस्व प्रलेखो मे दर्ज करा लिया है, जिसके विरुद्ध दमड़ी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बालाघाट के न्यायालय मे अपील प्रकरण क्र. 0020 / अपील / 2024-25 दमड़ी बनाम खेलनबाई व अन्य प्रस्तुत किया है, जिसमें न्यायालय द्वारा दिनांक 18.07.2025 को अपील के निराकरण तक रोक लगाया है। इस प्रकार भी रामबती बाई, यशवंती बाई और खेलनबाई के द्वारा दोबारा फर्जी तौर पर नाम चढ़ाया है तथा अन्य व्यक्ति को विक्रय करना चाहती है के संबंध मे कलेक्टर बालाघाट, पुलिस अधीक्षक बालाघाट, उप पंजीयक बालाघाट, तहसीलदार बालाघाट, हल्का पटवारी ग्राम कोल्हवा, कमिश्नर महोदय जबलपुर पुलिस महा निदेशक पुलिस भोपाल, पुलिस महा निरीक्षक बालाघाट, मानव अधिकार आयोग भोपाल को दिनांक 31.07.2025 को आवेदन पत्र दिया है। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त तीनो बहनो से अपने पक्ष मे विक्रय पत्र या किसी प्रकार का दस्तावेज निष्पादित करता है तो न्यायालय द्वारा रोक के आधार पर उक्त दस्तावेज अपने आप मे शून्य माना जायेगा और दमड़ी वल्द कोठिया कुतराहे पर बंधनकारक नही होगा।

अत: जाहिर सूचना प्रेषित है।

**बालाघाट**
**दिनांक**-01.08.2025

**दमड़ी वल्द कोठिया कुतराहे जाति लोधी**
**निवासी ग्राम कोल्हवा**
**तह. जिला बालाघाट ( म.प्र. )**
**मो.नं. 9300517232**

**स्थान परिवर्तन**

**मेसर्स पंकज एफ अग्रवाल एंड एसोसिएट्स चार्टर्ड एकाउंटेंट का कार्यालय जो वर्तमान में वार्ड नं 20 अन्नपूर्णा मंदिर के पास बालाघाट में स्थित है। अब अपने नवनिर्मित कार्यालय, आर्थिक आर्केड, दूसरी मंजिल, यूको बैंक के ऊपर, रेलवे स्टेशन रोड, बालाघाट में संचालित होगा**

**संपर्क नं- 9425138797**

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

**लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध**



**निर्माता**
**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**
**मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट**
**फोन:- 07632-243531**
**मो:- 8989976858, 9425139998**

# गर्रा सरपंच के घर पर हुए हमले को लेकर बंद रहा ग्राम गर्रा

## ग्रामीण और पंचों ने रैली के माध्यम से गर्रा भ्रमण कर घटना की करी निंदा, आरोपियों की गिरफ्तारी करने की करी मांग






**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। सरपंच वैभव बिसेन के घर पर हुए हमले को लेकर 1 अगस्त को ग्राम गर्रा बंद रहा । यहां ग्राम गर्रा के ग्रामीणों सहित ग्राम पंचायत के पंचों ने सरपंच पर हुए हमले के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर गर्रा को बंद किया। यहां सुबह से ही ग्रामीणों द्वारा एक रिक्शा के माध्यम से ग्राम गर्रा को बंद किए जाने का आवाहन किया । जिसमें स्वत- से ही कुछ दुकानदार सहित व्यवसाईयों ने अपनी दुकान बंद रखी, तो वही ग्रामीणों द्वारा रैली निकालते हुए कुछ दुकानों को बंद करने का आवाहन किया गया , जिसके बाद गर्रा की सभी दुकानें बंद हो गई गर्रा यहां गर्रा चौक पर सभी ग्रामीणों सहित ग्राम पंचायत के पंचों और सरपंच द्वारा 11:00 बजे एक सभा का आयोजन किया। जहां सभी ने बारी बारी से सभा में ग्राम सरपंच पर हुए हमले की घटना की निंदा की और सभी ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी किए जाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार से ग्राम में गुंडागर्दी करने और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वाले लोगों पर विभाग को तत्काल कार्रवाई करना चाहिए। नहीं तो इसके बाद वह और उग्र आंदोलन की रणनीति बनाएंगे।**

आपको बता दे कि गर्रा पंचायत सरपंच और सरपंच संघ अध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन पर हमला करने की नियत से घर में घुसे लोगों पर कार्यवाही की मांग को लेकर, शुक्रवार को सुबह से ही पंचायत क्षेत्र बंद रहा , औद्योगिक क्षेत्र में जहां सुबह से ही चाय-नाश्ते और दैनिक उपयोग की सामग्री के लिए, चहल-पहल रहती है, वहां सन्नाटा पसरा है। पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण, सरपंच पर हमला करने की नियत से घुसे लोगों पर कार्यवाही और अतिक्रमण में बने भवन और शराब दुकान को हटाने की मांग कर रहे है। 29 जुलाई की रात आधा दर्जन से ज्यादा हमलावरों ने पंचायत सरपंच वैभवसिंह बिसेन के घर, हमला करने की नियत से घुसे थे। जिसका सीसीटीव्ही फुटेज सामने आने के बाद मामले में पुलिस ने धर्मेन्द्र उर्फ राजू मिश्रा सहित अन्य आठ लोगों पर बीएनएस की धाराओ के तहत अपराध दर्ज किया है लेकिन पंचायत सरपंच वैभवसिंह बिसेन, उन पर संगठित धाराओ के तहत भी मामला दर्ज करने की मांग कर रहे है। उनका कहना है कि सजायाफ्ता लोग, शांतप्रिय बालाघाट जिले में संगठित अपराध को बढ़ावा दे रहे है। जिले में लगातार तीन दिनों से यह मामला सुर्खियो में है और शुक्रवार को मामले को लेकर क्षेत्रीय महिलाओं ने अतिक्रमित भूमि पर बने भवन और शराब दुकान को हटाने के साथ ही सरपंच पर हमला करने की नियत से घुसे लोगों पर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर, पंचायत क्षेत्र को बंद कराया । जिससे गर्रा पंचायत के पूरे क्षेत्र में बंद का व्यापक असर देखा गया।

यहां ग्रामीण और पंचों द्वारा सुबह से ही एक रिक्शे के माध्यम से ग्रामीण और व्यवसाईयों से दुकान बंद किए जाने का आवाहन किया गया। जिसके बाद सभी ने स्वत: से ही अपनी अपनी दुकान बंद कर दी । सभी ने गर्रा चौक पर पहुंचकर सभा का आयोजन किया। जिसमें ग्रामीणों सहित पंच, सरपंच ने सभा के माध्यम से अपनी अपनी बात रखी। जिसमें सरपंच वैभव सिंह बिसेन सहित कुछ ग्रामीणों और पंचों ने इस पूरी घटना की निंदा की और इस प्रकार से घर में घुसकर हमला करने वाले आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करते हुए, इसमें सम्मिलित सभी लोगों पर कार्रवाई किए जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता तो वह आगे इससे भी बड़ा उग्र आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने भी कहा कि इस प्रकार से किसी के घर में घुसकर हमला नहीं करना था , जो भी विषय था उसे सभी की सहमति और संबंधित विभागों के माध्यम से अपनी बात को रखना था । सभी ने ग्राम से शराब भट्टी हटाए जाने सहित शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को तोड़े जाने की मांग रखी । दोपहर 2:00 बजे के बाद यह प्रदर्शन समाप्त हुआ और सभी ग्रामीण अपने-अपने घर चले गए लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल देर शाम तक लगा रहा।

### भारी मात्रा में पुलिस बल रहा तैनात

जैसे ही पुलिस को जानकारी लगी की ग्रामीण और पंचों द्वारा गर्रा बंद कर प्रदर्शन किया जा रहा है । जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा सुबह से ही गर्रा ग्राम के चौक चौराहों सहित मार्गों पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात कर दिया गया था । गर्रा चौक पर सभा होने के कारण यहां जाम जैसी स्थिति भी थोड़ी-थोड़ी देर में बनती रही। जिसे यातायात पुलिस द्वारा हटाते हुए जाम को क्लियर करवाया गया । देर शाम तक सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के बड़े अधिकारी और कर्मचारी गर्रा में ही सुरक्षा की दृष्टि से उपस्थित रहे ।

# राखी और तीज पर्व पर जैन आर्ट ग्रुप का दो दिवसीय सावन मेले का हुआ शुभारंभ

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । जैन आर्ट ग्रुप द्वारा राखी और तीज पर्व पर स्पेशल दो दिवसीय सावन मेले का आयोजन स्थानीय सुजान धर्मशाला में आयोजित किया जा रहा है । इस मेले का शुभारंभ 1 अगस्त को नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत ठाकुर और अन्य संगठनों की महिलाओं द्वारा किया गया। यह मेला एक और 2 अगस्त तक स्थानीय सुजान धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा । इसका समय प्रात: 11-00 बजे से रात्रि 8-00 बजे तक आम जनों के लिए शुरू रहेगा। इसमें 18 स्टॉल जैन आर्ट ग्रुप के सदस्यों द्वारा लगाए गए हैं । जिसमें अलग-अलग स्टॉल में अलग-अलग समान और श्रृंगार के यह स्टॉल लगे हैं। जिसमें राखी, सहित महिलाओं के श्रृंगार के यहां स्टॉल प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आपको बता दे की जैन आर्ट ग्रुप द्वारा राखी एवं तीज पर्व पर प्रमुखता से दो दिवसीय सावन मेले का आयोजन शहर के स्थानीय सुजान धरमशाला गोंदिया रोड पर किया गया है। इसका शुभारंभ 1 अगस्त को नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत ठाकुर और ग्रुप की महिला सदस्यों ने किया । जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा मेले का फीता खोलकर इस मेले को शुरू किया गया । इस मेले में 18 स्टॉल अलग-अलग सामानों के लगाए गए हैं। जिसमें राखी , ज्वेलरी, फैंसी आइटम सहित महिलाओं के श्रृंगार से संबंधित स्टॉल ग्रुप के सदस्यों द्वारा लगाए गए हैं । यह सावन मेला एक और 2 अगस्त तक ही शुरू रहेगा । इस मेले का समय प्रात: 11-00 बजे से रात्रि 8-00 बजे तक ग्रुप द्वारा रखा गया है। शुभारंभ पर पहुंची नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा इस मेले को अच्छी पहल बताया गया है। उन्होंने कहा कि जैन आर्ट ऑफ ग्रुप द्वारा उन महिलाओं को घर से निकलने का मौका दिया जाता है , जो वर्ष भर अपने घरों पर अपने दैनिक दिनचर्या के कामों में रहती है। उन्हें दो दिन अपनी प्रतिभा को सबके सामने रखने का मौका मिलता है। हर वर्ष इस मेले को दो दिन नहीं बल्कि और अधिक दिनों तक आयोजित किया जाना चाहिए। साथ ही स्टालों की संख्या को बढ़ाना चाहिए , जिससे यह कार्यक्रम और सावन मेला बहुत वृहद स्तर पर आयोजित किया जाए। ग्रुप की पदाधिकारी संगीता जैन और वर्षा जैन द्वारा पद्मेश न्यूज़ से चर्चा के दौरान बताया गया कि वह 9 वर्षों से यह सावन मेले का आयोजन कर रहे हैं । यह राखी और तीज पर्व के लिए स्पेशल आयोजित किया जाता है । यह उन महिलाओं को मंच देने के लिए आयोजित होता है , जो वर्ष भर अपने घरों पर काम करती है , किंतु उन्हें इस आयोजन से दो दिन मंच प्रदान किया जाता है , वह अपनी प्रतिभा को इस मंच के माध्यम से रख सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जो महिलाएं लगातार घरों में काम करती है उन्हें घर से बाहर आकर इस प्रकार के आयोजनों में सम्मिलित होना चाहिए। आने वाले वर्ष में वह इस आयोजन को और बड़े रूप में करेंगे । साथ ही इस मेले में प्रमुख रूप से राखी और महिलाओं के श्रृंगार संबंधित सामानों के स्टॉल लगाए गये हैं ।



# वन विभाग की भूमि से हटाया जाए अवैध कब्जा

## ग्राम सुंदरवाही के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में सौपा ज्ञापन, मांग पूरी करने दिया 8 दिनों का अल्टीमेटम, कहां मांग पूरी नहीं हुई तो हम ग्रामीण भी जंगल की भूमि में करेंगे कब्जा



बालाघाट( पद्मेश न्यूज)। तहसील बिरसा के दमोह क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सुंदरवाही के ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा है ।जहां सौपे गए इस ज्ञापन में उन्होंने वन विभाग द्वारा गांव की वन समिति को आवंटित की गई वन भूमि से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की है ।उन्होंने आसपास गांवो के ग्रामीणो पर वन विभाग की जंगल भूमि के पेड़ पौधे,व प्लांटेशन को काटकर वन समिति को दी गई उक्त भूमि पर अवैध तौर पर खेती किए जाने का आरोप लगाया है। तो वही अवैधतौर पर उक्त भूमि के फर्जी पट्टे बनवाए जाने की बात कही है ।जिस पर ऐतराज जताते हुए ग्राम सुंदरवही के ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपते हुए अन्य गांव के लोगों द्वारा वन विभाग की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को तत्काल हटाए जाने की मांग की है। शुक्रवार दोपहर सौंपे गए इस ज्ञापन में उन्होंने मांग पूरी करने के लिए प्रशासन को 8 दिनों की मोहलत दी है। जिन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि यदि समय सीमा के भीतर उनकी मांग पूरी कर वन विभाग की भूमि से अवैध कब्जा नहीं हटाया जाता तो फिर ग्राम सुंदरवही सहित अन्य ग्रामो के समस्त ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के जंगल में घुसकर पेड़ों को काटकर वहाँ अवैध रूप से कब्जा किया जाएगा। जिसकी तमाम जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### 5 गांवो के लोग चारागाह के लिए हो रहे परेशान

ग्रामीणों ने बताया वन परिक्षेत्र बिरसा के दमोह बिट अंतर्गत वन विभाग कक्ष क्रमांक 1696/97 में सेरपार, पण्डीपथरा और गर्राटोला के लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे पांच गांव के पालतू पशुओं के लिए चरागाह की जगह नहीं बची है, जिससे हम सभी ग्रामिणजनों को गौचर के लिए परेशानियों का सामना करना पड रहा है, और हम अपने पशुओं को पालने से वंचित हो रहे हैं,क्योंकि हमारे पशुओं को गौचर का स्थान नही मिल पा रहा है।

### फर्जी पट्टा बनाकर ,वन भूमि में जता रहे अधिकार

ग्रामीणों का आरोप है कि आसपास गांवो के कुछ लोंगों द्वारा उक्त वन भूमि का फर्ज़ी पट्टा बनवाकर अपना अधिकार जताया जा रहा है,तो कोई वन अधिकार पट्टा के लिए आवेदन कर रहा है,जिसकी जांच कर वन अधिकार पट्टा को निरस्त किया जाये। लोगों द्वारा बताया गया कि उक्त कक्ष क्रमांक में सुन्दरवाही वन समिति द्वारा समिति निर्माण के समय से ही सुरक्षित की जा रही है और जब किसी कब्जेधारी द्वारा 2005 के पहले से कोई कब्जा नहीं किया गया था,सभी अतिक्रमणकारी द्वारा 2014- 2015 या उसके बाद वन में कब्जा किया गया है तो उनके वनाधिकार के पट्टे किस आधार पर बने है।

### मांग पूरी न होने पर हम भी जंगल को काटकर करेंगे कब्जा- परम सिंह

ग्राम सुंदरवही के सरपंच परम सिंह मेंरावी ने बताया कि वन विभाग द्वारा हमारे गांव की समिति को उक्त भूमि दी गई थी ।जिस पर दूसरे गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैध तौर पर कब्जा कर वहां खेती की जा रही है ।वहां लगे पेड़ पौधे प्लांटेशन को काट दिया गया है। ऐसे जंगल बर्बाद हो रहा है, वही मवेशियों के चारागाह की समस्या बन रही है ।इसके अलावा वन संपदा को भी नुकसान हो रहा है इसके पूर्व कई बार बिरसा तहसील, वन विभाग, कलेक्टर कार्यालय में भी शिकायत की गई है पर इसका कोई समाधान नहीं निकला ।यदि ऐसा ही चलता रहा तो जंगल पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा। हमारी मांग है कि अवैध वन अधिकार पट्टा में रोक लगाया जाएं अगर वन अधिकार पटटा में रोक नही लगाया गया तो वन सम्पदा नष्ट हो जाएगी और पर्यावरण में दुषित प्रभाव पडेगा ।इसके लिए हमने प्रशासन को 8 दिनों का अल्टीमेटम दिया है ।यदि समय सीमा में हमारी मांग पूरी नही होती या सम्बधितो पर कोई कार्यवाही नहीं कि जाती तो वें पांच गांव अजगरा, दोसीटोला, सुदीनटोला सुन्दरवाही एवं ईमलीटोला ग्रामों के ग्रामीण वन क्षेत्र में घुसकर पेड़ काटकर वहां कब्जा करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# एक व्यक्ति ने अपनी गर्भवती पत्नी को धोखे में रखकर गर्भपात की दवा खिलाकर करवाया गर्भपात

## गर्भपात से पीडित युवती जिला अस्पताल में भर्ती, ग्रामीण पुलिस ने इस युवती के पति मनीष लिल्हारे के विरुद्ध दर्ज किया अपराध

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम बम्हनी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी गर्भवती पत्नी को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भपात की दवा खिलाकर गर्भपात करवा दिया। गर्भपात होने के बाद अस्वस्थ इस महिला को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है वहीं ग्रामीण पुलिस ने इस युवती द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके पति मनीष लिल्हारे के विरुद्ध पत्नी को प्रताडित कर उसका जानबूझकर गर्भपात करवाने के आरोप में अपराध दर्ज किया है। अपना दर्ज होने के बाद मनीष लिल्हारे फरार बताया गया है। जिसकी तलाश की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस युवती का मायका किरनापुर थाना क्षेत्र का है।जिसका विवाह पिछले वर्ष 2024 में मनीष लिल्हारे ग्राम बम्हनी निवासी के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुआ था। शादी के एक वर्ष बाद यह युवती गर्भवती हुई थी। जिसका 5 माह का गर्भ था। गर्भवती होने के बाद इस युवती का उसके पति मनीष लिल्हारे ने इलाज नहीं करवाया। युवती जब भी अपने पति मनीष लिल्हारे से इलाज करवाने के लिए बोलती तो बहुत नाराज हो जाता था और कहता था कि अभी बच्चा नहीं चाहिए कह कर वह इस युवती को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। 24 जुलाई को इस युवती ने बालाघाट नगर की एक निजी चिकित्सक के यहां अपना इलाज करवाई। सोनोग्राफी में चिकित्सक ने बच्चों को स्वस्थ होना बताई थी। 25 जुलाई की रात्रि 9-00 बजे मनीष लिल्हारे ने अपनी पत्नी इस युवती को पानी के साथ कुछ दवाई मिलाकर दिया था। युवती ने पति मनीष लिल्हारे द्वारा दिया गया पानी पी ली थी। इसके बाद मनीष लिल्हारे खाना खाकर बाहर चला गया। दवाई खाने के 1 घंटे बाद इस युवती के पेट में दर्द होने लगा। तब उसने अपने पति मनीष लिल्हारे को फोन लगाई और मैसेज भी की थी। किंतु मनीष लिल्हारे ने कोई जवाब नहीं दिया। रात्रि 2-00 बजे मनीष लिल्हारे घर आया तब युवती ने उसे पेट दर्द होने के संबंध में बताई। किंतु उसने कोई ध्यान नहीं दिया। दूसरे दिन सुबह 7 बजे घर के सभी लोग अपने-अपने काम में लग गए थे। युवती को पेट दर्द होने पर वह बाथरूम गई तो। बाथरूम में उसका गर्भपात हो गया। इस संबंध में इस युवती ने अपने पति मनीष लिल्हारे को बताई। 10-00 बजे इस युवती को उसके पति मनीष लिल्हारे ने बालाघाट नगर के एक निजी अस्पताल में ले गया और इलाज करवाया। एक दिन अस्पताल में भर्ती रही। दूसरे दिन छुट्टी होने के बाद अपने ससुराल गई। इसके बाद यह युवती अपने मायके चली गई थी। घटना की सारी बात अपने मायके वालों को बताई। इस प्रकार मनीष लिल्हारे ने अपनी पत्नी को धोखे में रखकर उसे गर्भपात की दवा खिलाकर उसका गर्भपात करवा दिया। 30 जुलाई को यहयुवती रिपोर्ट करने के लिए ग्रामीण थाना पहुंची। ग्रामीण पुलिस ने इस युवती को जिला अस्पताल में भर्ती किये और उसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके पति मनीष लिल्हारे के विरुद्ध इस युवती को शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताडित कर उसका जबर्दस्ती गर्भपात करवाने के आरोप में धारा 85 88 91 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। अपराध दर्ज होने के बाद मनीष लिल्हारे फरार बताया गया है। जिसकी तलाश की जा रही है।

# न्यू दुर्गा बस के सह संचालक सोविंद पात्रे का अल्पायु में स्वर्गवास

## शोकाकुल माहौल में हुई अंत्येष्टि

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी न्यू दुर्गा बस सर्विस के संचालक प्रेमलाल,कन्हैया लाल,ईश्वरी,गोविंद एवँ अरविंद पात्रे के छोटे भाई सोविंद पात्रे का लंबी बीमारी के चलते शुक्रवार की देर रात्रि ४० वर्ष की अल्पायु में स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास से दोपहर ३ बजे निकाल कर वारासिवनी स्थित मोक्षधाम में की गई। स्व.पात्रे के अंतिम संस्कार में बस एशोसिएशन के पंकज मंगे, विक्रम मंगे, संजीव जायसवाल, पप्पू बिसेन,नरेश जैन, तूफान गुप्ता, संजय सिंह कछवाहा, भागसिंह कापसे,थानी पटले,मोहन वर्मा,मनीष रंगारे सहित सैकड़ो बस अभिकर्ताओं एवँ नागरिक गणों ने उन्हें अपनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कार की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति घायल

## वारासिवनी रोड डोंगरिया के पास हुई सड़क दुर्घटना

बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी रोड ग्राम डोंगरिया मंगलम पेट्रोल पंप के पास कार की ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। घायल दोनों व्यक्ति देवीलाल पिता तुलाराम कंगाली 33 वर्ष नरेंद्र पिता चैनलाल कोसरे 42 वर्ष दोनों ग्राम बरबसपुर थाना दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया जहां से गंभीर रूप से घायल नरेंद्र कोसरे को बेहतर उपचार हेतु हायर सेंटर नागपुर रिफर प कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवीलाल कंगाली और नरेंद्र कोसरे दोनों अपने परिवार के साथ खेती मजदूरी करते हैं। देवीलाल खेती किसानी के अलावा ड्राइवरी भी करता है। बताया गया है कि अगस्त को 1 अगस्त को देवीलाल कंगाली और नरेंद्र कोसरे मोटरसाइकिल में अपने किसी काम से ग्राम डोंगरिया गए थे। शाम 5:00 बजे करीब दोनों व्यक्ति डोंगरिया से काम निपटा करके मोटरसाइकिल में अपने घर बरबसपुर जा रहे थे। तभी बालाघाट वारासिवनी रोड पर स्थित ग्राम डोंगरिया समीप मंगलम पेट्रोल पंप के पास स्पीड ब्रेकर पार करते समय पीछे से तेज रफ्तार से आ रही कार ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। कार की जबरदस्त ठोकर से मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्ति घायल हो गए। इस दुर्घटना में नरेंद्र कोसरे गंभीर रूप से घायल और बेहोश हो गया था। जिसे उसी कार वाले ने जिला अस्पताल लाकर भर्ती किये ।अन्य घायल देवीलाल कंगाली को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाकर भर्ती किया गया ।जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद नरेंद्र कोसरे को मेडिकल कॉलेज नागपुर रेफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल पुलिस ने इस दुर्घटना में दोनों घायल के परिजनों का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु घटनास्थल से संबंधित पुलिस थाना वारासिवनी में भिजवा दी है।





# कीचड़ एवं गंदगी में तब्दील हुआ नगर का एकमात्र खेल मैदान

## सुबह की सैर में आने वाले आमजन एवं खिलाड़ियों को हो रही परेशानी, खिलाड़ियों ने खेल मैदान की साफ-सफाई करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय क ा एकमात्र खेल मैदान हाईस्कूल मैदान विगत कई दिनों से हो रही अनवरत बारिश के कारण कीचड़ में तब्दील हो चुका है। साथ ही गत दिवस प्रदर्शनी मेला हाई स्कूल मैदान में लगा था जो समाप्त होने के बाद साफ-सफाई नही की गई है जिससे गंदगी फैली हुई है। जिसके चलते खेल मैदान में कीचड़ व गंदगी होने से खिलाड़ियों को खेल का अभ्यास करने में परेशानी हो रही है। तो वही सुबह की सैर में टहलने एवं घुमने, व्यायाम करने में आमजन मानस को भी मैदान की दुर्दशा देखकर निराश होकर लौटना पड़ रहा है। इसलिए खिलाड़ियों व नगर के जागरूक नागरिकों ने ग्राम पंचायत पांढरवानी एवं जनपद पंचायत लालबर्रा प्रशासन से खेल मैदान की जल्द साफ-सफाई एवं कीचड़ में रेत डलवाने की मांग की है। आपकों बता दें कि क्षेत्र में विगत कई दिनों से हो रही बारिश के कारण नगर का एकमात्र खेल मैदान पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो चुका है। साथ ही गत दिवस खेल मैदान में लगा प्रदर्शनी मेला जो समाप्त होने के बाद प्रदर्शनीय वालों ने अपनी सामग्री लेकर चले गये है। लेकिन साफ-सफाई नही किये, जिसके काण गंदगी फैली हुई है। जिससे रोजाना अपने खेल का अभ्यास करने पहुंच रहे खिलाड़ियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और आमजन मानस जो सुबह मैदान में सुबह की सैर करने, व्यायाम करने, दौड़ने के लिये मैदान आते है वे भी मैदान में कीचड़ व गंदगी होने की वजह से सुबह की सैर व व्यायाम नहीं कर पा रहे है। वही स्थानीय प्रशासन व जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे खिलाड़ियों एवं आमजन मानस में प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। खिलाड़ियों ने बताया कि यह नगर मुख्यालय का एकमात्र खेल मैदान है जहां पर हम रोजाना अपना खेल का अभ्यास करते है, लेकिन गत दिनों से हो रही निरंतर बारिश के चलते यह मैदान पुरी से कीचड़नुमा हो चुका है और जहां-तहां गंदगी फैली हुई है। साथ ही जगह जगह पर पानी जमा होने एवं कीचड़ होने से हम इस मैदान में अभ्यास नहीं कर पा रहे है और प्रशासन के द्वारा भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि प्रशासन को नियमित रूप से मैदान की साफ सफाई करवाई जानी चाहिये और कीचड़ के लिये रेत डलवाकर समस्या का समाधान करना चाहिये जिससे हम नियमित रूप से अपने खेल का अभ्यास कर सके। साथ ही यह भी बताया कि हाईस्कूल मैदान एक बड़ा मैदान है जहां पर सुबह की सैर व व्यायाम आमतौर पर स्थानीयजन रोजाना करते है। लेकिन विगत कई दिनों से मैदान में कीचड़ ही कीचड़ फैला हुआ है जिसकी वजह से अब लोग मैदान में टहलने या व्यायाम करने नहीं आ रहे है जिससे उन्हें अन्य जगह पर नियमित रूप से व्यायाम करना पड़ रहा है। हमारी प्रशासन से मांग है कि वे इस समस्या को गंभीरता से लेकर जल्द से जल्द मैदान की साफ-सफाई करवाये।

# बघोली के भीम आर्मी भारत एकता मिशन के अध्यक्ष बने फईम खान



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत बघोली में गुरूवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक भीम आर्मी भारत एकता मिशन तहसील अध्यक्ष संजीव राव की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। आयोजित बैठक में ग्राम बघोली के भीम आर्मी भारत एकता मिशन का गठन एवं पदाधिकारी नियुक्त करने सहित आगामी समय में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसके बाद बघोली भीम आर्मी भारत मिशन का गठन कर सर्वसम्मति से फईम खान को अध्यक्ष, अभिलाष खरोले को उपाध्यक्ष, हमीद खान को महासचिव, महबूब खान को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं उपस्थित पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए समाज व सरकारी तंत्र में होने वाले अन्याय, भ्रष्टाचार, जातिय भेदभाव के खिलाफ हमेशा संगठित होकर लड़ाई लड़ने की बात कही है। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष विजय कांगड़े, महा सचिव इम्तियाज खान, उपाध्यक्ष सत्यशील मेश्राम, अशरफ खान, सचिव आई आर खान, अभय मेश्राम, वरिष्ठ सदस्य भाई सफीक, ( सप्पु ) खान, मोंटी भाई, नदीम भाई, एहसान खान, तोसिक अली, इरफान खान, नफीश खान, अजहर खान, दीना खान, शाहरूख खान सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# बजरंग मंदिर में मनाई गई कवि तुलसीदास की जयंती



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित बजरंग मंदिर में गुरूवार की रात 8 बजे कवि तुलसीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह जयंती कार्यक्रम बजरंग मंदिर समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। इस अवसर पर भगवान हनुमान एवं कवि तुलसीदास की विधि-विधान से पूजा अर्चना के पश्चात् आरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस जयंती के अवसर पर उपस्थित मंदिर के पदाधिकारियों ने कवि तुलसीदास के जीवन गाथाओं के बारे में उपस्थितजनों को जानकारी प्रदान की। जिसके बाद बजरंग मंदिर में सावन माह के शुरूआत से जारी अखण्ड रामायण पाठ के समापन सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई और सावन मास के चौथे सोमवार 4 अगस्त को प्रात: 8 बजे से विशाल कांवड यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है एवं 11 अगस्त को हवन-पूजन एवं महाप्रसादी वितरण कर एक माह से जारी संगीतमय अखण्ड रामायण पाठ का समापन किया जायेगा। चर्चा में बजरंग मंदिर समिति लालबर्रा के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन माह के शुरूआत से ही संगीतमय अखण्ड रामायण पाठ बजरंग मंदिर में जारी है जिसका समापन रक्षाबंधन पर्व के दुसरे दिन किया जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि हिन्दू पंचांग के अनुसार सावन माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को तुलसीदास जयंती मनाई जाती है। इसी कड़ी में 31 जुलाई की रात में बजरंग मंदिर लालबर्रा में कवि तुलसीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई और इस दौरान विविध धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। साथ ही यह भी बताया कि इस दिन रामचरित मानस के रचियता गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म हुआ था और वाल्मीकि रामायण के आधार पर तुलसीदास जी ने आम लोगों की भाषा में रामकथा लिखी और इन्हें जनकवि के रूप में भी जाना जाता है। इस अवसर पर बजरंग मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं श्रध्दालुजन उपस्थित रहे।

# मंडी कॉम्पेलक्स परिसर की सफाई करवाने एवं मंडी परिसर में लग रही दुकानों को हटाने की मांग की





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। म.प्र. आदिवासी सर्व समाज के द्वारा आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मंडी काम्पलेक्स परिसर में भव्य रूप से मनाया जायेगा। गुरूवार की शाम में आदिवासी सर्व समाज के पदाधिकारी एवं पांढरवानी सरपंच अनीस खान के द्वारा मंडी काम्पलेक्स परिसर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आसपास गंदगी फैली हुई दिखाई दी एवं मंडी परिसर में गुपचुप सहित अन्य दुकाने लगी हुई थी। जिससे 9 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम में परेशानी हो सकती है इसलिए आदिवासी सर्वसमाज के पदाधिकारियों ने पांढरवानी सरपंच अनीस खान से गंदगी की साफ-सफाई करवाने एवं दुकानों को हटाने की मांग की है। जिसके बाद गुपचुप व अन्य दुकान लगाने वाले दुकानदारों को हिदायत दी है कि 9 अगस्त को दुकान न लगाये एवं मंडी परिसर में स्व%छता बनाये रखे। वहीं आदिवासी सर्व समाज के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राजाभोज जैविक प्राकृतिक कृषि उपज मंडी परिसर में 9 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी पुरी कर ली गई है। पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा, जिसकी तैयारी आदिवासी सर्वसमाज के द्वारा प्रारंभ कर दी गई है और इस कार्यक्रम में पंचायत पूरा सहयोग करेगी। गुरूवार को मंडी परिसर का आदिवासी सर्व समाज के पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया है एवं जल्द साफ-सफाई करवा दी जायेगी। साथ ही यह भी बताया कि दुकानदारों से 9 अगस्त को जिस स्थान पर कार्यक्रम होना है उस स्थान पर दुकाने न लगाने कहा गया है। इस अवसर पर सरपंच अनीस खान, म.प्र. आदिवासी विकास परिषद लालबर्रा कार्यकारी अध्यक्ष झनकारसिंह उइके, सचिव अनिल उइके, भूपेन्द्र कुमरे सहित अन्य आदिवासी सर्वसमाज के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ाई करे सफलता अवश्य मिलेगी - फरखंदा

## बोरी में सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन, आईएएस फरखंदा कुरैशी का किया गया सम्मान





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत बोरी स्थित लक्ष्मीबाई एकेडमी इंग्लिश स्कूल में प्रबुध्द तथागत फाउंडेशन बोरी के तत्वाधान में गत दिवस सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम नवचयनित आईएएस कु. फरखंदा कुरैशी के मुख्य आतिथ्य एवं प्रबुध्द तथागत फाउंडेशन के पदाधिकारी, स्कूल के प्राचार्य व शिक्षकों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस सम्मान समारोह के अवसर पर यूपीएससी 2024 में म.प्र. के बालाघाट निवासी कु. फरखंदा कुरैशी ने 67 वां रैंक प्राप्त कर आईएएस के चयनित हुई है जिसका प्रबुध्द तथागत फाउंडेशन के पदाधिकारी व स्कूल के द्वारा शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं आईएएस कु. फरखंदा कुरैशी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणजनों को यूपीएससी परीक्षा की तैयारी और अपने पढ़ाई के दौरान किये गये मेहनतो को साझा करते हुऐ कहा कि पढ़ाई के दौरान लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी करें सफलता अवश्य मिलेगी। साथ ही लक्ष्मीबाई एकेडमी इंग्लिश स्कूल में पढ़ाई कर रहे ब%चे के बीच तैयारी के दौरान किये गये मेहनतों को साझा भी किया। डॉ. दिनेश मेश्राम ने उपस्थित बच्चों को यूपीएससी परीक्षा के लिये की जाने वाली तैयारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की सबसे कठिन और टप्प इम्तेहान है। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हमारे बीच में आईएएस फरखंदा कुरैशी उपस्थित है जो जिलेवासियों के लिए गौरव की बात है। साथ ही अपने भाई और सीनियर आईएएस मुकेश मेश्राम के द्वारा की गई यूपीएससी परीक्षा की तैयारी को उपस्थित बच्चों के बीच में साझा करते हुए अच्छी पढ़ाई कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही। वहीं उपस्थित अन्य अतिथियों ने कहा कि यूपीएससी 2024 में मध्यप्रदेश में बालाघाट की निवासी कु. फरखंदा कुरैशी को 67 वा रैंक प्राप्त होने पर जो गौरव हासिल किया है वह इस जिले के लिए गौरव की बात है। ऐसी हस्तियों से आने वाले बच्चों को प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं कार्यक्रम को समाजसेवी श्याम कौशल सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। प्रबुध्द तथागत फाउंडेशन के सचिव महेन्द्र मेश्राम ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बोरी के पूर्व सरपंच वसीम खान, इमरान कुरैशी, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त होने पर शिक्षिका शुभलता बिसेन को दी गई विदाई

## बेहरई के शासकीय माध्य. स्कूल में विदाई समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन



बेहरई/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेहरई स्थित शासकीय माध्यमिक स्कूल में 1 अगस्त को विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम सरपंच श्रीमती शारदा दिलीप टेंभरे, पूर्व सरपंच दिलीप टेंभरे, सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती शुभलता बिसेन के प्रमुख आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्र'वलित कर माल्यार्पण किया। इस विदाई समारोह कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती शुभलता बिसेन का तिलकवंदन कर शाल, श्रीफल, उपहार भेंट कर उसके उ'जवल भविष्य की कामना की है। आपकों बता दें कि शिक्षिका श्रीमती शुभलता बिसेन बेहरई के शासकीय माध्यमिक शाला में 9 साल तक सेवाएं देते हुए 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुई है। जिनके सेवानिवृत्त होने पर 1 अगस्त को स्कूल में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती बिसेन को विदाई देकर उनके उ'जवल भविष्य की कामना की है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच शारदा दिलीप टेम्भरे एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती शुभलता बिसेन के उ'जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की है। इस अवसर पर शिक्षक प्रदीप भांडेकर, योगेश शरणागत, प्रमेन्द्र मानवटकर, हनुमान प्रसाद अतकरे, श्रीमती संगीता गौतम, सुनीता पटले, चंद्रकला कुम्हारे, राजेश बिसेन जन शिक्षक, कुंवरलाल पटले शिक्षक, यशोमती काटेकर, सचिव मनोज चौहान, पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष राजेन्द्र कोसरे सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# घोटी से निकलेगी विशाल कांवड़ यात्रा 3 को



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 6 किमी. दूर ग्राम पंचायत घोटी स्थित बजरंग मंदिर से 3 अगस्त को प्रात: 8 बजे विशाल कांवड़ यात्रा निकलेगी। चर्चा में सीताराम गजबे ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन मास के पावन अवसर पर ग्राम स्थित बजरंग मंदिर से 3 अगस्त को प्रात: 8 बजे से विशाल कांवड़ यात्रा निकलेगी जो घोटी, डोरली, बम्हनी होते हुए पोटियापाट धाम पहुंचेगी और वैनगंगा नदी से जल लाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जायेगा। इस अवसर पर शिव भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील कार्यक्रम आयोजक चेतन गौतम, प्रकाश देशमुख, सीताराम गजबे, मेघाराम, हर्षित बघेल, गजेन्द्र आगुरे, उल्लास गिरी, गजेन्द्र बोरकर, लक्ष्मण बोमछरे, लेखराम सर्वे, दुलेन्द्र बोरकर, धनेन्द, सुरेन्द्र आवले एवं समस्त ग्रामीणजनों ने की है।

# शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मेंढ़की में अव्यवस्था का आलम

## स्कूल परिसर में गंदगी, चोरी और जारी कार्यों में लेट लातिफी से ग्रामीणों में आक्रोश

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मेंढ़की के प्रेम नगर स्थित एकीकृत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में चारों तरफ अव्यवस्था बनी हुई है। जिससे छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां गंदगी और बीते दिनों हुई चोरी के साथ स्वीकृत कार्यों में भी लेट लतिफी ग्रामीणों के आक्रोश का कारण बनी हुई है। जिसको लेकर लंबे समय से व्यवस्था बनाए जाने की मांग विद्यालय प्रबंधन से की जा रही है, किंतु वर्तमान तक किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं की गई है। जिसका कारण है कि हर किसी को समस्या का सामना करते हुए शिक्षा अध्ययन एवं अध्यापन करना पड़ रहा है। ऐसे में ग्रामीणों के द्वारा शासन प्रशासन से जल्द व्यवस्था बनाए जाने की मांग की जा रही है।**









### विद्यालय में लगा गंदगी का अंबार

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मेंढ़की के प्रेम नगर में एकीकृत शाला परिसर बना हुआ है। जहां पर शासकीय प्राथमिक ,शासकीय माध्यमिक ,शासकीय हाई स्कूल एवं शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय एक परिसर में ही स्थित है। जहां कक्षा १ से १२ तक संचालित की जाती है जिसमें ग्राम पंचायत मेंढ़की सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों के विद्यार्थी प्रतिदिन शिक्षा अध्ययन करने के लिए आते हैं। उक्त विद्यालय में करीब ६०० से अधिक छात्र छात्राएं शिक्षा अध्ययन करते हैं जहां पर विभिन्न प्रकार की समस्याएं बनी हुई है। जिससे उन्हें और उनके साथ शिक्षक शिक्षिकाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जैसे कि पूरे परिसर में केवल नवीन भवन का वॉशरूम उपयोग होता है बाकी जगह अव्यवस्था है, भवन की छत से पानी टपकता है, प्राथमिक भवन में छत का प्लास्टर झड़ गया है, सरिया दिख रही है, रसोई घर भी खराब हो गया है। तो वहीं पुरानी बिल्डिंग में नीचे ऊपर भारी मात्रा में कबाड़ पड़ा हुआ है इसी बीच कक्षाएं भी संचालित हो रही है। नवीन भवन में कक्षाओं के पास ही महिला, पुरुष और दिव्यांग वॉशरूम स्थित है वहां भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है तो वहीं बीते दिनों स्कूल में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की वारदात भी की गई। जिसमें उनके द्वारा छत में लगने वाले ९ पंखे ,१६ ट्यूबलाइट चोरी कर लिए गए परंतु इसमें कोई गेट का ताला चोरों के द्वारा नहीं तोड़ा गया। तो वहीं अन्य भवनों में भी वॉशरूम शौचालय की व्यवस्था है परंतु वहां पानी की व्यवस्था साफ सफाई नहीं होने के कारण वहां कोई जाना उचित नहीं समझ रहा है। उक्त विद्यालय में शिक्षा अध्ययन करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों के द्वारा गंदगी की समस्या अपने पालकों को भी बताई गई है जिनमे विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उनके द्वारा शासन प्रशासन से बेहतर व्यवस्था बनाए जाने की मांग की जा रही है ताकि विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण शुद्ध हवा और पीने का शुद्ध पानी प्राप्त हो सके।

### विद्यालय प्रबंधन की व्यवस्था ठीक नही है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है-रणधीर बिसेन

ग्रामीण रणधीर बिसेन ने बताया कि ग्राम में बहुत सारे लोगों के द्वारा शिकायत आ रही है की स्कूल में बच्चों के बैठने की व्यवस्था नहीं है प्रसाधन में गंदगी बनी रहती है परिसर में साफ सफाई नहीं है। यही अवस्थाओं के कारण गांव के दो.चार बच्चे टीसी लेकर दूसरे स्कूल जाने लगे हैं इसके पहले भी फोन के माध्यम से चर्चा हुई थी। जिसमें विद्यालय प्रबंधन के द्वारा व्यवस्था बनाने की बात कही गई थी परंतु उसमें टालमटोल कर उसे वहीं छोड़ दिया गया। अभी १ लाख ७५ हजार रूपये पुराने भवन मरम्मत का स्वीकृत हुआ है जिसमें केवल पुताई देखने मिल रही है । कई जगह सलाखें निकल गई है स्कूल की हालत देखकर हमें बहुत आक्रोश आ रहा है। कबाड़ इधर.उधर पड़ा हुआ है कीड़े मकोड़े सांप बिच्छू का डर लगा हुआ है हम यही चाहते हैं कि विद्यालय में स्वच्छता बनी रहे जो राशि आई है उसका सदुपयोग किया जायें।



### विद्यालय की लापरवाही से चोरी हुई ,गंदगी का आलम है छात्र छात्रायें परेशान है-उपेंद्र बिसेन

जनभागीदारी अध्यक्ष उपेंद्र बिसेन ने बताया कि २ महीने पहले जन भागीदारी की बैठक में निर्णय लिया गया था कि यह जो शौचालय वॉशरूम की समस्या है उसमें सुधार किया जाए किंतु वर्तमान तक कोई भी व्यवस्था नहीं बनाई गई है। सभी भवन और उनमें स्थित वॉशरूम में अव्यवस्था व्याप्त है १ लाख ७५ हजार रुपए से माध्यमिक भवन के सुधार के लिए स्वीकृत हुआ है उसमें भी कोई कार्य की प्रगति समझ नहीं आ रही है। अभी ६ जुलाई को ९ पंख ,१६ ट्यूबलाइट चोरी हो गए किंतु गेट के ताले नहीं टूटे यह कैसी चोरी है इसमें विद्यालय की लापरवाही है जो यह चोरी हुई। अभी शासन ने वॉशरूम के लिए ७५ हजार रूपये दिए हैं वह भी काम देखने नहीं मिल रहा है। हमारे गांव सहित आसपास के ६०० विद्यार्थी यहां पढ़ने आते हैं विद्यार्थी और शिक्षक एक ही वॉशरूम का उपयोग कर रहे हैं इससे भी गंदगी हो रही है बाकी वॉशरूम टूटे हुए हैं। जबकि विद्यालय को बता दिया गया है कि नए फंड आया हैं उससे कार्य करवाए बच्चों को व्यवस्था दे किंतु कोई ध्यान इधर नहीं दे रहा है।



### इनका कहना है

चर्चा में बताया कि हमारे विद्यालय में उच्च कार्यालय के माध्यम से टेंडर लगाए गए थे। इसमें जिन्हें कार्य करना था तो उनके द्वारा भवन और शौचालय का कार्य नहीं किया गया है। जिसमें संबंधित से चर्चा कर उन्हें पत्र भी लिखा गया है परिसर में साफसफाई हर सप्ताह करवाई जाती है किंतु इस सप्ताह नहीं करवाई गई है जो करवा दी जायेगी।

**श्रीमती नंदा रंगारी**
**प्रभारी प्राचार्य मेंढ़की**

चर्चा में बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय वारासिवनी में हाल ही में मेरे द्वारा ज्वाइन किया गया है मुझे उक्त विषय की जानकारी नहीं है। यह मामला मेरे संज्ञान में आया है तो मौका निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्राचार्य को दिए जाएंगे।

**वीरेंद्र बनोटे**
**बीईओ वारासिवनी**

# डीए एआई में २६ लाख २५ हजार रूपये निवेशकों के डूबे

## अनुरोध मिश्रा पर धोखाधड़ी का अपराध कायम

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार कम समय में थोड़ा रुपये लगाकर अधिक रुपये कमाने के लालच से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। किंतु लगातार लोगों के द्वारा अच्छे रिटर्न का लालच देकर धोखाधड़ी की जा रही है। ऐसा ही एक मामला थाना वारासिवनी में प्रकाश में आया है जिसमें पुलिस ने किशोर डेकाटे की डीए एआई ऐप के माध्यम से अच्छे रिटर्न का लालच देकर धोखाधड़ी करने की शिकायत पर अनुरोध मिश्रा के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। हालांकि मामले के प्रारंभ में २६ लाख २५ हजार रुपए की धोखाधड़ी सामने आई है जो नगर के कुछ लोगों के साथ इन्वेस्टमेंट के नाम पर करवायी गई थी। इस मामले में धोखाधड़ी के शिकार हुए लोगों की संख्या और राशि बढ़ने की संभावना बताई जा रही है।




### यह है मामला

प्रार्थी किशोरे डेकाटे उम्र ४३ वर्ष ने शिकायत में बताया को मैं वार्ड नंबर २ वारासिवनी का रहने वाला हूँ। अनावेदक अनुरोध मिश्रा पिता अवधेश मिश्रा निवासी वार्ड नं.१५ वारासिवनी का रहने वाला है। अनुरोध मिश्रा ने मुझको लालच देकर डीए एआई ऐप में रुपये डलवाकर अच्छे रिटर्न का लालच देकर धोखे से निवेश करवाया था। मैने अनुरोध मिश्रा के कहने में ३ जुलाई २०२४ की दोपहर २ बजे से लेकर दिनांक २२ जुलाई २०२४ के शाम ७ बजे के बीच मेरे घर से ही मोबाइल से डीए एआई ऐप में दिए हुए बार कोड़ में लगभग ७ लाख रुपये ट्रान्सफर कर दिया था। लेकिन दिनांक २२ जुलाई २०२४ की रात ९ बजे लगभग डीए एआई ऐप अचानक बंद हो गया। जब मैने अनुरोध मिश्रा से अपने निवेश के रुपयों के बारे में पूछा तो अनुरोध मिश्रा ने बोला की मुझे नहीं पता वह ऐप तो बंद हो गया है बोलने लगा। जब मैंने अपने रूपये वापस मांगे तो अनुरोध मिश्रा रुपये वापस करने में आनाकानी करने लगा जिससे मेरे ७००००० रुपये डूब गये। मैने जब इस बारे में पता किया तो मुझे मालूम चला की मेरे तरह ही अनुरोध मिश्रा ने वारासिनी में ही अन्य लोगो को डीए एआई ऐप में रुपये डलवाकर अच्छे रिटर्न का लालच देकर धोखे से निवेश करवाया था। जब मैने इन लोगो से बात की तो मुझे पता चला कि राजेश मिश्र के १ लाख ५० हजार रूपये ,विक्कल चौबे के २ लाख १५ हजार रुपये ,घनश्याम नागपुरे के १ लाख ५० हजार रुपये, शिरीन खान के १० लाख रुपये ,आशुतोष कोहाड़ के २ लाख रुपये, राज डेकाटे के ७० हजार रूपये, खेमराज ऐडे के १ लाख १० हजार रूपये, कैलाश बीरनवार के ३० हजार रुपये डीए एआई ऐप में निवेश किये थे जो डूब गए है। इस तरह अनुरोध मिश्रा ने मुझसे व अन्य लोगो के साथ धोखे से रुपये जमा करवाये और अब रुपये वापस मांगने पर आनाकानी कर रहा है। पुलिस ने उक्त शिकायत की जांच के उपरांत मामले में प्रार्थी किशोर पिता तुक्ड़्यादास डेकाटे की रिपोर्ट पर अनुरोध मिश्रा पिता अवधेश मिश्रा निवासी वार्ड नं.१५ सिविल लाईन वारासिवनी के खिलाफअपराध क्रमांक ३७४/२५ में भारतीय न्याय संहिता की धारा ३१८ (४) के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### इस प्रकार से कराया जा रहा था निवेश

मामले में बताया जा रहा है कि डीए एआई ऐप जो लिंक के माध्यम से एक मोबाइल से दूसरे मोबाइल में दी जाती थी। उसे खोलने पर उसके अंदर हजारों रुपये में एआई रोबोट को खरीदा जाता था। यह मासिक अवधि के लिए निवेश होता था जिसमें प्रतिदिन सैकड़ो या हजारों रुपये देने का दावा किया जाता था। वहीं ऐप के व्हाट्सप्प ग्रुप के माध्यम से कूपन और विभिन्न ऑफर दिए जाते थे जिससे अच्छे रिटर्न मिलने की लालसा में लोगों के द्वारा निवेश किया गया था। किंतु लोगों का मासिक टर्म पूरा होने के पहले ही डीए एआई ऐप बंद हो गया जिसमें लोगों के लाखों रुपये डूब गए।

### इनका कहना है

दुरभाष पर चर्चा में बताया कि उक्त विषय को लेकर अपराध दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।

**हेमंत नायक**
**थाना प्रभारी वारासिवनी**

# माध्यमिक एवं हाई स्कूल के विद्यार्थीयों को साईकिल का हुआ वितरण





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत वारा के वाराटोला स्थित स्कूल में विद्यार्थीयों को साइकिल का वितरण किया गया। जहां वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला एवं शासकीय हाई स्कूल के पात्र विद्यार्थियों को जनपद शिक्षा केंद्र एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा साईकिल वितरण किया गया। इस दौरान देखने में आया कि कुछ दूर दराज के स्कूलों के विद्यार्थियों के द्वारा साइकिल प्राप्त की गई जिन्हें परेशानियों का सामना कर साइकिल को ले जाना पड़ा। तो वहीं पालकों को भी अपनी मजदूरी छोड़कर साइकिल लेने आना पड़ा । बाकी सभी विद्यालयों के द्वारा ट्रांसपोर्ट के माध्यम से समस्त साइकिल ले जा ली गई। जहां उनके द्वारा विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की जाएगी। इस दौरान कुछ पालकों के द्वारा स्कूलों पर ट्रांसपोर्ट के माध्यम से साइकिल स्कूल लाने की जगह उन्हें परेशान करने की बात कही गयी। शासन की निःशुल्क साइकिल योजना अंतर्गत जनपद शिक्षा केंद्र के समस्त ७५ शासकीय माध्यमिक स्कूलों में २८ स्कूलों के करीब ११८ विद्यार्थी पात्र पाये गये। जिसमें २७ स्कूलों को ११० साइकिल का वितरण किया गया है वहीं मेंढ़की स्कूल को ८ साइकिलों का वितरण करना बाकी है। इसी प्रकार विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अंतर्गत ११ हाई स्कूल एवं ११ हायर सेकेंडरी स्कूल इस प्रकार २२ स्कूल है जिसमें करीब ११०० साइकिलों का वितरण होना है। ऐसे में १५ स्कूलो को ४८९ साइकिलों का वितरण किया गया है बाकी ७ स्कूलों को आगामी समय में साइकिलों का वितरण किया जायेगा। साइकिल वितरण केंद्र में पहुंचे शिक्षकों के द्वारा पिकअप या अन्य वाहनों से साइकिलों को स्कूल ले जाया गया है।

### आलेझरी स्कुल के सभी बच्चों के पालकों ने अपने स्वंय के ट्रांसपोर्ट से ले गये साइकिल-दिलीप धारने

पालक दिलीप धारने ने बताया की हम रेंगाटोला रहते हैं हमारा बच्चा आलेझरी स्कूल में पड़ता है बच्चों को साइकिल वितरण होना था इसीलिए हम यहां आए हुए हैं। यहां पर बच्चों को साइकिल दे दी गई है बाकी स्कूल वालों ने पिकअप से साइकिल लेकर गए हैं हम लोग अपनी मोटरसाइकिल में लेकर जा रहे हैं। आलेझरी के सभी बच्चों के पालक आए थे बाकी और बच्चे थे जिन्होंने खुद साइकिल लेकर गए हैं। हमें अपना काम छोड़कर यहां आना पड़ा यही बताया गया था कि बच्चों को साथ में जाना है । अब यहां बच्चों के साथ हम आए तो समस्या तो हुई हमारा काम धंधा छूट गया।

### इनका कहना हैं

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत स्कूलों के पात्र विद्यार्थियों को साइकिल का वितरण किया गया है। मैं कार्यालय के काम से जिला कार्यालय में था जिस कारण से साइकिल वितरण की पूर्ण जानकारी नहीं है। प्रभारी से मामले में संपूर्ण जानकारी लेकर मामले में पता किया जायेगा।

**सतेन्द्र शरणगात**
**बीआरसी वारासिवनी**

# महाविद्यालय के एलएलबी के नियमित छात्रो ने पूर्व मंत्री को सौंपा ज्ञापन

## प्रदीप जायसवाल ने फर्नीचर, पुस्तकालय सहित अन्य विषय पर प्राचार्य से की चर्चा



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। कानून की किताबो का अध्धयन करने वाले शासकीय एसएसपी महाविद्यालय के एलएलबी के तीनो संकाय के नियमित छात्र इन दिनो बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे है। आज इन छात्रो ने पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था में सुधार करवाने की मांग की है। विद्यार्थीयों ने ज्ञापन में बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की आंगनवाडी का स्तर सुविधाओं के मद्देनजर उनके संकाय से ज्यादा अच्छा प्रतित हो रहा है। पीले पीले गंदगीयुक्त पानी का नजारा प्लास्टिक की बोतलो में प्रस्तुत किया। छात्रो ने बताया कि विधायक विवेक पटेल के द्वारा जो वाटर कुलर कालेज को समर्पित किया गया है उसमें फिल्टर और कुलिंग सिस्टम तक नही है। और पेयजल के लिये जो लाईन बिछायी गयी है वह शौचालय की तरफ से आने के कारण पेयजल बेहद गंदगीयुक्त आ रहा है। अत:सबसे पहले स्वच्छ पेयजल की सुविधा मुहैया करायी जायें। पिछले कार्यकाल में प्रदीप जायसवाल ने ७० लाख रूपये की लागत से एलएलबी भवन का निर्माण कराया है। किंतू उनके बाद महाविधालय की जनभागीदारी समिति ने फर्नीचर तक उपलब्ध नही करा पायी है। इसी तरह प्राचार्य के समक्ष अनेको बार पुस्तकालय जैसी समस्याओं के लिये भी गुहार लगायी गयी है। किंतू प्राचार्य और जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अपने दायित्वों को पूर्ण करने में पूर्णत असफल नजर आ रही है। और तो और महाविधालय में अध्धयन के लिये पहुंच मार्ग तक पुर्णत किचडनूमा हो गया है। छात्रो की मांगों को पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने तत्काल प्राचार्य डॉ. एस एस गेडाम से दूरभाष पर चर्चा कर इन मांगो के समाधान के लिये सोमवार तक का समय दिया है। साथ ही जल्द महाविधालय जाकर अन्य समस्याओं के समाधान के लिये छात्रवर्ग को आश्वस्त किया है। ज्ञापन सौपने वालो में कुलदीप भरने, विधासागर आसटकर, रेशम बनवाले, खुश्बू ठाकरे, श्वेता मेश्राम, गौरव चिमनानी, यामिनी, मेघा, सानू सांची, प्रतिभा सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

# पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन की यात्रा प्रारम्भ

प्रकृति के आँगन में पर्यावरण प्रेमी व पर्यटक देख सकेंगे, सुहावना मौसम व रिमझिम बौछार,झरते झरने व मनभावन नज़ारे पश्चिमी रेलवे के रतलाम डिवीजन द्वारा हेरीट्रेज टेन सप्ताह के शनिवार व रविवार को चलेगी भारतीय रेलवें अपने यात्रियों की सुख: सुविधाओं का ना केवल ध्यान रखती है।बल्कि उन्हें सस्ती,सुरक्षित गणतव्य स्थान पर पहुंचना अपना सेवा धर्म मानती है।वही दूसरी ओर रेलवे भारतीय संस्कृति व विरासत को ना सुरक्षित रखती है,बल्कि हमें भी उन दुलर्भ विरासत से रूह -वरूह का स्वर्णिम अवशर प्रदान करती रहती है।इसी श्रंखला में विगत दिनों पश्चिमी रेलवे के रतलाम मंडल के द्वारा संचालित हेरिटेज ट्रेन जो कि मध्य प्रदेश एक एकलोती हेरिटेज ट्रेन है।26जुलाई 25 से पुन: परिचालन शुरू किया गया है।अब प्रकृति के आँगन में पर्यावरण प्रेमी व पर्यटक देख सकेंगे,सुहावना मौसम व रिमझिम बौछार,झरते झरने व मनभावन नज़ारे पश्चिमी रेलवे के रतलाम डिवीजन द्वारा हेरीट्रेज टेन सप्ताह के शनिवार व रविवार को चलेगी*पातालपानी-कालाकुंड जो प्रकृति की गोद में रची-बसी हसीन बारियों का आप आनंद ले सकेंगे।जहाँ पर आपको दुशमनों को ललकारतें व सर्तक पहरेदारी करते पहाड़ियों की लम्बीश्रंख्लाएं अपने बदन पे हरे रंग की चुनरी ओढ़े हुए मिले,वही खेतों दूर-दूर तक हर्षित लहराहते हुए सोयाबीन,झर-झर झरते हुए झरने के आनेवाले अतिथियों के स्वागत में कर्णप्रिय संगीत सुनाने को आतुर है।तो दूसरी ओर सावधान मुद्रा में सर्तक सागवान के पड़े खड़े,व वही,घुमादार कची-पक्की सड़कें मिलेगी।एक जगह जहाँ आप को आदिवासी संस्कृति और स्थानीय अनोखी विरासत को नज्दीक से मिलेगी।यहाँ पर आपके मन प्रशन उठना स्वाभाविक है कि आखिर ऐसी कौन सी वह ऐतिहासिक जगह है जहाँ पर एक ही जगह है जहाँ पर प्राकृतिक सौन्दर्य,पयर्टन,सांस्कृतिक घरोहर को नजदीक से देखने का अवशर हमें मिलने वाला है।तो मै आज आप सभी को मध्यप्रदेश के इन्दौर व महाकाल की नगरी के कुछ ही दुरी पर स्थित ऐतिहासिक पातालपानीङ्क कालाकुंड रेल खंड की हैरिटेज यात्रा के बारे में जानकारी दे जा रहे है।भारतीय रेलवे की धरोहर के रूप में मीटर गेज रेल लाइन लगभग160 वर्ष पुरानी,जिसकी अपनी एक दिलचस्प कहानी ।स्थानीय लोगों के अनुसार पातालपानी -कालाकुंड खंड का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में तुकोजी राव होल्कर द्वितीय ने इंदौर से खंडवा तक रेल लाइन बिछाने का प्रस्ताव रखा था।जिसे तत्कालीन ब्रिटिश सरकार से इसकी स्वीकृति मिलने में 6 वर्ष लगे तथा ?1करोड़ के ऋण(4.5त्न ब्याज दर पर)के बाद इस परियोजना को मंजूरी मिली।इसका निर्माण कार्य 1870 में शुरू हुआ और1878 में पूरा हुआ।यह मीटर गेज लाइन जयपुर से सिकंदरा बाद के बीच उत्तर-दक्षिण लिंक का हिस्सा थी।जिसे 2008 में केंद्र सरकार ने रतलाम-डॉ0 अम्बेडकर नगर-खंडवा मीटर गेज लाइन को ब्रॉड गेज में बदलने की मंजूरी दी।जो डॉ.अम्बेडकर नगर स्टेशन से लगभग 5 किमी दूर है।वही रेलवे प्रशासन ने पातालपानी से कालाकुंड के मीटर गेज रेलखंड को हेरिटेज सेक्शन के रूप में संरक्षित करने का निर्णय लिया है।पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल द्वारा इस हेरिटेज ट्रेन की शुरुआत25 दिसंबर,2018 को की गई।जिसे मीटर गेज सेक्शन को हेरिटेज सेक्शन के रूप में विकसित किया गया था।मध्यप्रदेश की इस पहली हेरिटेज ट्रेन का संचालन 25 दिसंबर 2018 को शुरू हुआ था।कुछ माह में ही इस ट्रेन ने प्रदेश सहित देशभर में अपनी पहचान बना ली थी,लेकिन वैश्विक महामारी कोरोना काल के चलते अप्रैल 2020 में इस ट्रेन का संचालन बंद कर दिया गया था।जिसे पुन:चार अगस्त 2021को ट्रेन में कई बदलाव कर दोबारा संचालन शुरू किया था।इसके लिए आपको पातालपानी स्टेशन पहुँचना होगा ।मै आप को बताना चाहूँगा कि इस रेलखण्ड की कुल लंबाई 9.5किमी,कुल4सुरंगें (लंबाईलगभग0.5किमी) और 24 तीव्र मोड़ हैं।कुल वक्र मार्ग कीलंबाई 6.5 किमी है।औसत ढाल 1ऱ्55 है,जिसमें एक 5 किमी लंबा खंड 1ऱ्40 की सबसे तीव्र ढाल पर है।इस खंड में 4 अनिवार्य तकनीकी स्टॉप हैं।

# भारत आजाद है किसी से डरने की चिंता करना नहीं चाहिए

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प आज कल टैरीफ को लेकर चर्चा का विषय बने हुए हैं दरअसल ऑपरेशन सिंदूर के बाद ही राष्ट्रपति ट्रम्प के सीजफायर पर संसद में उनका गुणगान नहीं किया गया और बदले की भावना से रूस से भारत के तेल व्यापार का बहाना बनाकर भारत पर 25परसेंट टैरीफ लगाने का ऐलान कर दिया इससे भारत को चिंता करने की बात नहीं है अटलजी जब प्रधानमंत्री थे तो 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण पर भी आर्थिक प्रतिबंध इससे कहीं अधिक था लेकिन बाद में आर्थिक प्रतिबन्ध को हटाना पड़ा क्योंकि उससे अमेरिका का ही बाजार बन्द हुआ और नुकसान हुआ अब 25 परसेंट लगावो या 100 परसेंट भारत 140 करोड़ जनता का देश है और लोकतान्त्रिक व्यवस्था है अत: हम क्यों डरे भारत एक कृषि प्रधान देश है और हमारे मजदूर वर्ग ?ोई चोरी से नहीं मेहनत से रोटी के लिए खून पसीना एक कर देता है चाहे गर्मी हो या बरसात और एक आक?ा के मुताबिक भारत के गरीब और मध्यम वर्ग के लोग बीजेपी को सबसे ज्यादा वोट देते हैं हमारा देश भगवान राम के आदर्शो पर चलने वाला देश है किसी भी देश की अपनी आतंरिक मामलों पर दखल देना हरगिज पसन्द नहीं करेगा भारत माता में हमारी पुरी आस्था है और हमारे जवान जुझारू हैं हमारी टेक्नोलॉजी को पुरी दुनिया लोहा मानती हैं अत: कभी भी भारत को किसी भी क्षेत्र में कम आंकना गलत होगा टैलेंटेड लोगो की खान है भारत, तभी अमेरिका के लाख मना करने और उसके सेटेलाईट को मात देकर परमाणु परीक्षण किया और देश में कलाम और चिदंबरम जैसे वैज्ञानिक हुए देश उस समय गर्व से एकता का प्रदर्शन किया और अभी भी भारत को इन सब से चिंता नहीं चैलेन्ज की तरह लेना चाहिए। इसी पर एक कहानी याद आती है एक बार गिद्धों का एक बड़ा झुंड उड़ता-उड़ता एक टापू पर जा पहुँचा। वह टापू समुद्र के बीचों-बीच था, जहाँ शांति ही शांति थी। मछलियाँ, मेंढक और छोटे समुद्री जीवों की भरमार थी। वहाँ गिद्धों को भोजन की कोई कमी नहीं थी। और सबसे बड़ी बात—टापू पर कोई शिकारी जानवर नहीं था।

गिद्धों को जैसे स्वर्ग मिल गया हो। आरामदायक जीवन, बिना किसी खतरे के। हर दिन मौज-मस्ती, भरपेट भोजन और चैन की नींद। गिद्धों में अधिकतर युवा थे। उन्होंने वहीं बस जाने का मन बना लिया। वे बोले, अब जंगल का क्या काम? वहाँ खतरे हैं, मुश्किलें हैं। हम यहीं रहेंगे, यही हमारा भविष्य है।

लेकिन उसी झुंड में एक बूढ़ा गिद्ध भी था। उसने वह जंगल देखा था जहाँ जीवन कठिन था, लेकिन सच्चा था। उसने शिकारी जानवरों से जूझना सीखा था, भूख में उड़ना सीखा था, और गिरकर उठना सीखा था।एक दिन बूढ़े गिद्ध ने सभा बुलाई। उसने कहा, ऽबेटों, यह टापू तुम्हें मजबूत नहीं बना रहा, यह तुम्हें कमज़ोर कर रहा है। तुम उड़ना भूल चुके हो, पंजे कुंद हो गए हैं, और आँखें आलस की धुंध में धँस चुकी हैं। चलो, लौट चलें जंगल की ओर, जहाँ जीवन कठिन है, लेकिन वो तुम्हें जीवित रहना सिखाता है।

युवा गिद्ध हँस पड़े। एक ने कहा, बाबा, तुम पुरानी सोच के हो। अब जमाना बदल गया है। हमें आराम मिल रहा है, फिर जंगल क्यों लौटें?

बूढ़े ने बहुत समझाया, लेकिन कोई नहीं माना। वो अकेला ही उड़



गया। समय बीता।

कुछ महीने बाद बूढ़े गिद्ध को अपने पुराने साथियों की याद आई। उसने सोचा, देखूं, सब कैसे हैं। वह वापस टापू पर लौटा।पर वहाँ जो उसने देखा, उससे उसकी आँखें भर आईं।

हर ओर गिद्धों की लाशें पड़ी थीं। कुछ घायल गिद्ध तड़प रहे थे। उसने दौड़कर एक घायल गिद्ध से पूछा, ये क्या हो गया?

घायल गिद्ध की आँखों में पश्चाताप था। उसने कहा, बाबा, आपके जाने के कुछ दिन बाद एक जहाज आया। जहाज से कुछ शिकारी कुत्ते इस टापू पर छोड़ दिए गए। पहले तो उन्होंने कुछ नहीं किया, लेकिन फिर उन्हें पता चल गया कि हम उड़ नहीं सकते। हमारे पंजे बेकार हो चुके हैं, नाखून कुंद हो चुके हैं। फिर उन्होंने हम पर हमला किया।।। और एक-एक कर मार डाला। हम चाहकर भी भाग नहीं सके। हमें माफ कर दीजिए, हमने आपकी बात नहीं मानी।

बूढ़े गिद्ध ने सिर झुका लिया। वह जानता था, जो होना था, वह हो चुका है।अत: हमें अपने दम पर मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने की कोशिश में लगे रहना चाहिए भारत आत्मनिर्भर देश है अंग्रेजो को भगाया आजादी में जी रहें हैं हमें किसी देश की धमकी नहीं डरा सकती है।अत: हम खुद ही अपने ताकत और ईमानदारी से मेहनत से उड़ते हैं हमारे पंजे बेकार नहीं हैं, हमारे आदर्श भगवान श्री राम है जिसमें गिद्ध ने भगवान के लिए अपने प्राण भी दे दिए और जटाउ ने तो रावण से सीता माता को रावण से विमान से छुराने के लिए संघर्ष किया और भगवान श्री राम की गोद में अपने प्राण त्याग दिया और उसी के भाई संपात्ति ने रामेश्वरम के धनुषकोटि से भगवान श्री राम के साथ वानर सेना को देखकर अपने भाई का हाल पूछा और राजा सुग्रीव और सभी वानर सेना सीता माता की खोज में निकलें थे और हताश हो गए थे तभी सम्पाती ने चट्टान के ऊपर से देखकर बता दिया की सीता माता लंका में रावण के अशोकवाटिका में बैठी है और तभी उसने ऐ भी कहा गिद्ध की नजर याने देखने की क्षमता अन्य प्राणियों से काफी अधिक होती है भारत एक ऐसा , देश है जो हजारों वर्षों से युद्ध लड़ता आया, जिसने ज्ञान, बलिदान, तप और त्याग की विरासत पाई थी। लेकिन अब वह टापू के गिद्धों की तरह दूसरे देश के झुण्ड में चलने से अच्छा अपना रास्ता चुने जो आत्मनिर्भर भारत गांधीजी का एक सपना था। भारत के वीर सेना के ऊपर ट्रम्प ने उनकी बहादुरी को बिलकुल दरकिनार कर दिया और अब चाहता है कि मेरा सिक्का भारत में चले ऐ देश के स्वाभिमान का प्रश्न है भारत का एक एक नागरिक अपने मातृभूमि से प्यार करता है सर कटा सकते हैं लेकिन सर झुका सकते नहीं भारत माता के स्वाभिमान की रक्षा के लिए ऑपरेशन सिंदूर में उनकी भूमिका महान थी जिसे देश पर गर्व है।भारत आजाद है किसी से डरने की चिंता करना नहीं है मीडिया और विपक्ष को अब देश में ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना के प्रति रना सकारात्मक होना चाहिए घटना घटी वहाँ कोई सिपाही मौजूद नहीं था और आतंकवादी ने सभी पर्यटक को मार डालें कभी कभी घटना अनजाने में हो जाती है जिसे राज्य सरकार को देखना चाहिए लेकिन उन बीते हुए कल को याद कर किसी पर दोष देकर मीडिया और दूसरे देश में मजाक उड़ाते हैं लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद मारे गए पर्यटक को न्याय जरूर मिला जबकी 26/11/2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमले में केवल आतंकवादी ही मारे गए और कसाब को इतना दिन तक जिन्दा क्यों रखा और यदि बयान देने और सवाल पूछने के बाद आखिर क्या हुआ।

-संजय गोस्वामी

# ट्रंप की टैरिफ दबाव नीति के आगे भारत झुकेगा नहीं - संसद में वाणिज्यमंत्री की हुंकार राष्ट्रहित सर्वोपरि

वैश्विक स्तरपर विश्वबैंक आईएमएफ सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसीयों ने हर बार अपनी रिपोर्ट्स में भारत को विश्व की सबसे अधिक उभरती हुई अर्थव्यवस्था बताया है,तथा भारत की आंतरिक एजेंसियां भी हर बार सकारात्मक भारत की रिपोर्टिंग देती है।अभी पासपोर्ट सूचकांक में भी भारत ने छलांग लगाई है, परंतु फिर भी अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत पर 25 पेर्सेंट टैरिफ प्लस पेनल्टी टैरिफ को 1 अगस्त 2025 से लागू कर देने के बावजूद बयान देना कि भारत व सोवियत संघ की अर्थव्यवस्था दोनों मिलकर अपनी डेड इकोनॉमी की ओर नीचे गिर सकते हैं। इस तरह का बयान सोचनीय है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि,चूँकि भारत किसी भी बात पर अमेरिका के टैरिफ पैतरेबाजी से डील में उनकी मर्जी से फिट नहीं हो रहा है, तथा अन्य बड़े-बड़े देशों के उनके सामने झुकने के बावजूद भारत किसी अड्सट्टे में नहीं आ रहा है, और ना ही, किसी टैरिफ धमकी के दबाव में आ रहा है, बल्कि दो कदम आगे बढ़कर दिनांक 31 जुलाई 2025 को देर शाम तक चली ससंद कार्यवाही में वाणिज्य मंत्री महोदय ने साफ-साफ कह दिया कि उनके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है, हम उसको ध्यान में रखते हुए निर्णय लेंगे। बता दें वैसे भी भारत अमेरिका से कम समान बुलाता है, तथा भेजता अधिक है, तो उन सेक्टर में जैसे फार्मा, प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक, कृषि सहित कुछ क्षेत्रों पर फर्क पड़ने की संभावना जरूर है, परंतु इन क्षेत्रों को सपोर्ट करने भारत की कुछ नीतियां रणनीतियां बनाने पर शायद कार्य शुरू हो चुका होगा। परंतु संसद परिसर में 31 जुलाई 2025 को ही विपक्ष के नेता का बयान देकर ट्रंप द्वारा कहे गए शब्दों का सपोर्ट करते देखे गए जो उचित नहीं है, क्योंकि फैक्ट्स बता रहे हैं कि 2014 में इकोनॉमी 11वे नंबर से 2025 में चौथे नंबर तक पहुंच चुकी है।जीडीपी 2024- 25 में 6.5 पेर्सेंट यूपीडी ट्रांजेक्शन 17200 करोड़ और महंगाई पर 2004-2014 में 8.2 पेर्सेंट से 2015-2025 में 5 पेर्सेंट तक लाना यह आंकड़े दिखा रहे हैं कि वाकई विश्व बैंक तथा आईएमएफ का आंकलन सही है, वाकई यह बयान एक डील की पैतरेबाजी हो सकती है। परंतु भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ चुका है, व अमेरिका की दबाव नीति में आने की संभावना कम है,इसलिए आज हममीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप की टैरिफ दबाव नीति से भारत झुकेगा नहीं, संसद में वाणिज्यमंत्री की हुंकार राष्ट्र हित सर्वोपरि। साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा भारतीय इकोनॉमी को डेड कहना व इसके एनकाउंटर में हमारे तथ्यों की करें तो,ट्रंप का यह पोस्ट भारत पर 25 फीसदी टैरिफ ऐलान के बाद आया है। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में लिखा, मुझे इस बात की परवाह नहीं है कि भारत रूस के साथ क्या-क्या करता है, लेकिन वे दोनों मिलकर अपनी डेड इकोनॉमी को और नीचे गिरा सकते हैं। अमेरिकी एक्सपर्ट डेलरिम्पल ने गुरुवार को कहा कि वास्तव में भारत की अर्थव्यवस्था डेड होने से कोसों दूर है,बल्कि पिछले साल अमेरिका की तुलना में दोगुनी तेजी से बढ़ी है और इस साल अमेरिका की तुलना में तीन गुना तेजी से बढ़ने का अनुमान है, इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के नए वर्ल्ड इकोनॉमिक आंकड़ा डेलरिम्पल की बातों को सपोर्ट करता है।आईएमफ के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था 2025 और 2026 दोनों में 6.4 पेर्सेंट की दर से बढ़ने का अनुमान है,जबकि अमेरिका की इकोनॉमी ग्रोथ 1.9 पेर्सेंट और 2 पेर्सेंट रहने का अनुमान है। कैलेंडर वर्ष के दौरान भारत के 2025 में 6.7 पेर्सेंट की ग्रोथ होने का अनुमान है। आईएमफ के अनुसंधान विभाग के प्रमुख डेनिज इगन ने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि वास्तव में हमारी ग्रोथ दर काफी स्थिर है। संशोधित भारतीय अनुमानों में अप्रैल के अपडेट की तुलना में 2025 के लिए 0.2 प्रतिशत अंकों की ग्रोथ और 2026 के लिए 0.1 प्रतिशत अंकों की ग्रोथ दर्ज की गई है। इसके विपरीत ग्लोबल अर्थव्यवस्था के 2025 के दौरान 3 पेर्सेंट की रेट से बढ़ने का अनुमान है, जबकि अमेरिका समेत विकसि?त अर्थव्यवस्थाओं की ग्रोथ रेट 2 फीसदी से नीचे रहने का अनुमान है,चीन की ग्रोथ रेट 4.8 फीसदी रहने का अनुमान है। गौरतलब है कि बुधवार को ट्रंप ने भारत से आयात पर आने वाली सभी वस्तुओ पर 25 पर्सेंट टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, साथ ही रूसी कच्चे तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद पर नराजगी जाहिर करते हुए जुर्माना लागने की बात कही, ट्रंप ने कहा, भारत में किसी भी देश की तुलना में सबसे कठोर और अप्रिय गैर-मौद्रिक व्यापार अवरोध हैं. उन्होंने भारत के टैरिफ को दुनियाँ में सबसे ज्यादा बताया है। साथियों बात अगर हम टैरिफ व डेड इकोनामी का मुद्दा 31 जुलाई 2025 को संसद में उठने व वाणिज्य मंत्री द्वारा देर शाम इसपर जवाब देने की करें तो,अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 25 फीसदी टैरिफ का मुद्दा गुरुवार को संसद में उठा, लोकसभा में हंगामे के बीच वाणिज्य मंत्री ने सदन से अमेरिका को जवाब दिया, उन्होंने कहा कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ के असर पर सरकार नजर रखे हुए है, किसानों, श्रमिकों, उद्यमियों, निर्यातकों समेत उद्योग जगत के सभी हितधारकों के कल्याण पर सरकार की नजर है, इसके लिए जो भी जरूरी होगा, कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत मात्र एक दशक से भी कम समय में दुनिया की सबसे तेजी बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। हम अपने रिफॉर्म, किसानों, एमएसएमई और उद्यमियों की कड़ी मेहनत से 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से टॉप-5 में आ गए हैं, हम कुछ ही सालों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे, आज अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं और अर्थशास्त्री भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक ब्राइट स्पॉट के रूप में देखते हैं। भारत वैश्विक विकास में लगभग 16 पर्सेंट का विकास दे रहा है। भारत पर कुल 26 पर्सेंट टैरिफ की घोषणा की गई थी।यह टैरिफ 9 अप्रैल से प्रभावी होना था, लेकिन 10 अप्रैल को इसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया, बाद में ये स्थगन 1 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया गया। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि दुनियाँ की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड कहना क्या ट्रंप की ट्रेड डील की पैतरेबाजी है। ट्रंप की टैरिफ दबाव नीति के आगे भारत झुकेगा नहीं- संसद में वाणिज्य मंत्री की हुंकार राष्ट्रहित सर्वोपरि विश्वबैंक आईएमएफ सहित दुनियाँ की दिग्गज रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्ट में भारत विश्व की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, फिर भी ट्रंप द्वारा मृत अर्थव्यवस्था करार देना सरासर अनुचित है।

-किशन सनमुखदास भावनानी

# एआई का विस्तार या नौकरी का संकुचनः बड़ी चुनौती

भारत जैसे युवाओं वाले और उभरती अर्थव्यवस्था वाले देश में तकनीकी विकास के प्रति उत्साह हमेशा गहरा रहा है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप क्रांति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकें समाज, राष्ट्र और अर्थव्यवस्था में तीव्र बदलाव की सारथि बनी हैं। हर वर्ग और क्षेत्र ने इस परिवर्तन को आशा एवं सकारात्मकता के साथ अपनाया है, इस उम्मीद में कि तकनीकी तरक्की के साथ रो?गार के नए अवसर भी सृजित होंगे। लेकिन हाल ही में आईटी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा ने इस उम्मीद पर पानी फेर दिया और इसे ब?ा झटका दिया है। निस्संदेह, छंटनी का यह फैसला आईटी क्षेत्र में आसन्न संकट की आहट को ही दर्शाता है। छंटनी बाबत टीसीएस की दलील है कि इन नौकरियों में कटौती कौशल की कमी और अपने विकसित होते व्यावसायिक मॉडल में कुछ कर्मचारियों को फिर से नियुक्त करने में असमर्थता के चलते की गई है। हालांकि, कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का दावा है कि इस कदम के पीछे एआई से प्रेरित उत्पादकता वृद्धि नहीं है। यह संख्या कंपनी के कुल कार्यबल का लगभग 2 प्रतिशत है, और मुख्यत: मध्यम और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों को प्रभावित करेगी। एआई और ऑटोमेशन केवल तकनीक नहीं हैं, वे कार्य संस्कृति, संगठन संरचना और मानव संसाधन नीति को मूल रूप से बदल रहे हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, एआई से प्रेरित उत्पादकता और लागत में कटौती की प्रवृत्ति बढ़ रही है। उदाहरण के तौर पर, एमेजोन ने 30,000 सॉफ्टवेयर एप्लिकेशनों को एआई की मदद से मात्र छह महीनों में अपग्रेड किया, जो कार्य सामान्यत: डेवलपर्स को एक वर्ष लगता। इससे कंपनी को लगभग 250 मिलियन डॉलर की बचत हुई। इसी प्रकार, माइक्रोसोफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों में कोडिंग का 20 से 50 प्रतिशत कार्य एआई से कराया जा रहा है। भारत में एआई का प्रसार अभी अमेरिका या यूरोप की तुलना में सीमित है, लेकिन इसकी गति तीव्र है। देश के स्टार्टअप और आईटी क्षेत्र में छंटनियों की संख्या बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, केवल वर्ष 2025 के शुरुआती पांच महीनों में भारत में 3600 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया, जिसमें एआई आधारित लागत नियंत्रण एक प्रमुख कारण रहा। यह स्पष्ट करता है कि एआई के कारण दोहराव वाले कार्यों की उपयोगिता घट रही है और उनकी जगह स्मार्ट तकनीक ले रही है। मौजूदा समय में यह कदम लागत-अनुकूलन पहलों के चलते अन्य आईटी सेवा कंपनियों में भी छंटनी को ब?ावा दे सकता है। इसमें दो राय नहीं




कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कारोबार के नियमों में मौलिक बदलाव के चलते, भविष्य के लिये तैयार रहना हर व्यावसायिक उद्यम के एजेंडे में सबसे ऊपर होगा। इस नई हकीकत को देखते हुए, अनेक सवाल सबसे ज्यादा विचलित करने वाले बनकर उभर रहे हैं कि क्या यह तकनीकी बदलाव अनिवार्य रूप से कर्मचारियों की कीमत पर होना चाहिए? एआई युग में नौकरी की अनिश्चितता क्या तकनीक विकास के नाम पर विस्थापन नहीं है? छंटनी की चपेट में युवाओं का भविष्य क्या तकनीकी प्रगति के नाम पर मानव श्रम पर आघात नहीं है? क्या स्मार्ट मशीनें के दौर में भारत में रोजगार को नई चुनौती और इंसानों को हताशा में धकेलना नहीं है? एआई का विस्तार यानी नौकरी का संकुचन क्या भारत के लिए बड़ी चेतावनी की घड़ी बन रहा है? इन प्रश्नों के परिप्रेक्ष्य में देश में बेरोजगारी का संकट किसी से छिपा नहीं है। देश में श्रमबल का कौशल विकास धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है। सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में आईटी पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। लेकिन टीसीएस के इस फैसले से आईटी पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर रहे उन लाखों छात्रों और डिग्री लेकर निकल रहे उत्साही इंजीनियरों में निराशा व्याप्त होगी। भारत में बढ़ता रोजगार संकट केंद्र सरकार से निरंतर हस्तक्षेप की मांग करता है। हाल ही में हरियाणा में हुई एक परीक्षा में लाखों युवाओं की भागीदारी इस बात का संकेत है कि रोजगार की मांग कितनी व्यापक और अवसर कितने सीमित हैं। देश ही नहीं, दुनिया में रोजगार का संकुचन एक ब?ी चुनौती बनता जा रहा है। गोल्डमैंन सोच्स की रिपोर्ट के अनुसार, एआई और ऑटोमेशन के चलते दुनिया भर में लगभग 300 मिलियन नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं। विश्व आर्थिक मंच का आकलन है कि 2030 तक 92 मिलियन नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन उसी अवधि में 170 मिलियन नई नौकरियां भी पैदा होंगी। यह एक दोधारी तलवार है, जो बदलेगा, बचेगा; जो रुकेगा, वो हाशिए पर जाएगा। टीसीएस का दावा है कि छंटनी का निर्णय भविष्य की जरूरतों के अनुसार संगठन को ढालने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी का ध्यान एआई में निवेश, नए बाजारों में प्रवेश, ग्राहक अनुभव सुधार और कार्यबल मॉडल के पुनर्गठन पर केंद्रित है। हालांकि, यह तर्क उन हजारों कर्मचारियों की व्यथा को शांत नहीं कर सकता जिनकी आजीविका पर इसका सीधा प्रहार हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस निर्णय से न केवल कंपनी के भीतर बल्कि समूचे आईटी क्षेत्र में आशंका, आक्रोश एवं अनिश्चितता का माहौल बन गया है। खासकर युवाओं और आईटी की पढ़ाई कर रहे लाखों छात्रों के लिए यह एक मानसिक झटका है। तकनीकी शिक्षा में दाखिले बढ़ रहे हैं, लेकिन रोजगार के अवसर घटते जा रहे हैं। यह असंतुलन देश की सामाजिक स्थिरता को भी प्रभावित कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें बताती हैं कि विश्व स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत नौकरियां एआई के कारण जोखिम में हैं। भारत में अनुमान है कि 2025 तक 12-18 मिलियन नौकरियां एआई आधारित ऑटोमेशन के चलते प्रभावित हो सकती हैं, विशेषकर आईटी और बीपीओ क्षेत्रों में। एटेमबर्ग के संस्थापक के अनुसार, भारत में 40-50 प्रतिशत व्हाइट कॉलर नौकरियां एआइ से प्रभावित होने के कगार पर हैं, जिससे देश के मध्यवर्ग की आर्थिक स्थिरता को गहरा झटका लग सकता है। टीसीएस की छंटनी ने बेरोजगारी के दौर में बड़ी हलचल मचाई है, हालांकि आईटी और तकनीकी पाठ्यक्रमों में दाखिले बढ़े हैं, लेकिन उनमें व्यावहारिक और भविष्य-उन्मुख कौशल की कमी है। यह असंगति ही भविष्य में अधिक छंटनियों का कारण बन सकती है। एआई हर भूमिका को खत्म नहीं करेगा, बल्कि उसे पुनर्परिभाषित करेगा। जहां दोहराव और विश्लेषण की आवश्यकता है, वहां एआई प्रभावी होगा, लेकिन रचनात्मकता, सहानुभूति और निर्णय क्षमता जैसे गुणों में मानव की भूमिका बनी रहेगी। डॉक्टर, शिक्षक, वकील, पत्रकार जैसे पेशों में एआईएक सहयोगी के रूप में कार्य करेगा, प्रतिस्थापन के रूप में नहीं। मेटा के प्रमुख एआई वैज्ञानिक यान लेकुन के अनुसार, 'एआई अधिकतर कार्यों का केवल एक हिस्सा ही कर सकता है, वह भी पूरी तरह परिपूर्ण नहीं। मानव श्रमिकों का सीधा प्रतिस्थापन संभव नहीं है।'निश्चित तौर पर एआई और तकनीकी बदलाव अपरिहार्य हैं। सवाल यह है कि हम इसके लिए कितने तैयार हैं? इसके लिए तीन प्रमुख कदम जरूरी हैं, पहला पुन:कौशल और सतत शिक्षा यानी कार्यबल को भविष्य के अनुरूप प्रशिक्षित करना होगा। डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, एआई एथिक्स, सॉफ्ट स्किल्स जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण अनिवार्य बनाना होगा। दूसरा नीतिगत समर्थन यानी सरकार को एआई नीति, डिजिटल समावेशन और श्रमिक सुरक्षा के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय करने होंगे। रोजगार खोने वालों के लिए पुनर्वास योजनाएं और स्किल अपडेट कार्यक्रम आवश्यक हैं। तीसरा सांस्कृतिक और सामाजिक समायोजन यानी एआई को केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के रूप में भी देखा जाना चाहिए। इसे अपनाने में पारदर्शिता, विश्वास और सहयोग का वातावरण बनाना होगा। तकनीकी बदलाव नई संभावनाएं लेकर आते हैं, लेकिन वे अनायास ही चुनौतियां भी खड़ी करते हैं। टीसीएस की छंटनी से जो संदेश मिलता है वह यही है कि एआई युग में केवल वही टिकेगा जो परिवर्तनशील रहेगा। अब समय आ गया है कि हम तकनीक को केवल उपकरण नहीं, बल्कि नीति और जीवनशैली का हिस्सा मानें। सतत सीखना, अनुकूलन और सामाजिक न्याय, यही तीन स्तंभ हैं, जो भारत को इस तकनीकी क्रांति में न केवल जीवित, बल्कि अग्रणी बना सकते हैं।

-ललित गर्ग

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर।** आवकें कमजोर रहने से शुक्रवार को तिलहनों में सरसो बाजार तेजी पर रहे। सोयाबीन व रायडे में मजबूती आयी। दलहनों में चना बढ़त पर रहा। किराना जिंसों में सूखे मेवों में बाजार सुर्खी पर देखे गये। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार सरसो में आवकें कमजोर रहने से भावों में जोरदार तेजी आयी। सोयाबीन व सरसो में व्यापार की मात्रा कम ही रही। दलहनों में चना पूछपरख के चलते बढ़त पर रहा। मूंग व मसूर में टिकाव रहा। उधर, किराना जिंसों में सूखे मेवों में लेवाली से बाजार मजबूती बनाये रहे। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4215-4240, खोपरा गोला 320-375, खोपरा बूरा 4400-6600 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 250-265, मीडियम 280-285, ऊंझा हल्का 270-275, बेस्ट 290-320, हल्दी निजामाबाद 170-210, सांगली 265-270, साबूदाना हल्का 4500-4600, मीडियम 4650-4850, बेस्ट 5100-5500, ग्लास 6100, वरलक्ष्मी 5350, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 110-250, एस्ट्रा बेस्ट 300-400, सौंफ बारिक 280-400, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 900-1200, क्लीन 1300-1500, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 725-780, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2850-2950, विरूद्ध नगर 2950-3025, मीडियम 2975-3050, बोल्ड 3075-3150, एक्ट्रा बोल्ड 3250-3450, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1550-1900, तरबूज मगज 665-690, काजू (240) 950-960, काजू (210) 950-1000, काजू (320) 830-860, काजू एस. डब्ल्यू 800-810, जे.एच. 840-860, टुकड़ी 780-850, बादाम मगज 860-880, अमेरिकन 750-780, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 510-800, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1400-1600, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3300-3350, (160) 4100-4150, (200) 4800-4850, (250) 5000-5100

**तेल**- सींगदाना 1370-1390, मुम्बई 1400, राजकोट तेलिया 2185, सोया साल्वेंट 1150-1155, सोया रिफाइंड 1215-1220, कपास्या 1305-1310, धूलिया 1310, कड़ी 1315,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1330-1350, मुम्बई पाम 1205, मुम्बई सोया 1240,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2300, देवास-उज्जैन 2300, खंडवा-बुरहानपुर 2275, अकोला 3175 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 6900-7100, रायडा 6600-6800, सोयाबीन 4500-4600, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 6450-6500, एवरेज 6000-6100, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रशियन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6100-6200, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 7500-7600, पाला 7600-7700, चमकी 7700-7800, नायलोन 7900-8000, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7400-7500, एवरेज 7200-7300, शंकर 7000-7100, हल्की 6900-7000,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7700-8300, बोल्ड 8600-8800, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7750-7850, बेस्ट 7950-8100, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9000-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11000, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 320, उज्जैन 280, रतलाम 280 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर।** शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार कमजोर ही रहा। दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 111500, चॉंदी (99) 111400, टंच 110600, सिक्का 1200, सोना 10 ग्राम 99000,

# रुपया बढ़त पर बंद

**नई दिल्ली।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबल शुक्रवार को भारतीय रुपया 6 पैसो की बढ़त के साथ ही 87.59 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस रुपया 87.65 पर बंद हुआ था। दिन के कारोबार के दौरान रुपया 87.74 तक भी गिर गया, लेकिन फिर थोड़ा संभल गया। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी तथा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप की आशंका के बीच रुपया सुबह शुरुआती कारोबार में 40 पैसे मजबूत होकर 87.25 प्रति डॉलर पर पहुंच गया।वहीं अंतरबैंक विदेशी विनिमय मुद्रा बाजार में रुपया 87.60 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में 87.25 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 40 पैसे की बढ़त दिखाता है।

# आज का राशिफल

**मेष**- आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। दांपत्य जीवन में खुशहाली आएगी और आप राजनीति की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। आप अपने बिजनेस में कुछ नए लोगों को शामिल करेंगे। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी। आपकी अच्छी सोच से आपके काफी काम बनेंगे। नेतृत्व क्षमता को बल मिलेगा। आपको किसी पुरानी छोड़ी हुई नौकरी का ऑफर आ सकता है। आपको अपने कामों को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए आलस्य को त्याग कर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको किसी काम में उसके नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको थोड़ा धैर्य रखकर कामों को करना बेहतर रहेगा। लेनदेन से संबंधित मामलों में आप थोड़ा सा धैर्य बनाए रखें। आप किसी के बहकावे में आकर कोई बड़ा जोखिम न लें, नहीं तो बाद में यह आपके लिए समस्या बन सकता है और आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। परिवार में किसी पूजा पाठ का आयोजन होने से परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए कला व कौशल में सुधार लेकर आएगा। घर में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। भावनात्मक मामले बेहतर रहेंगे। आप अपनी बुद्धि का प्रयोग करके हर बड़ी मुश्किल से आसानी से निकल सकते हैं। जीवन साथी से यदि आपकी किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो आप उन्हें दूर करने की कोशिश करें। आपको अपने कामों को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा। यदि आप कमीशन का काम करते हैं, तो आपको कोई अच्छा लाभ मिलने की संभावना है।

**कर्क**- आज आपके मन में परस्पर सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोलें। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लेकर आएंगे। आप अपने खर्चों को करने में सोच विचार नहीं करेंगे, जिससे आने वाले समय में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। संतान को पढ़ाई लिखाई के लिए आप कहीं बाहर भेज सकते हैं। आप दूसरों की कहीं सुनी बातों पर भरोसा न करें और यदि आपका कोई कानूनी मामला लटका हुआ था, तो उसके लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप भाईचारे को बढ़ावा देंगे। आपको किसी पैत्रक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती हैं। आप कुछ अनजान लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे। आप अपने आलस्य के कारण कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे। विद्यार्थी अपने विषयों में कोई बदलाव कर सकते हैं। आप अपने घर परिवार में चल रही समस्याओं को दूर करने की कोशिश करें।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। परिवार में चल रही समस्या दूर होंगी और सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे। विद्यार्थियों के लिए समय खास रहेगा। आप पढ़ाई लिखाई पर पूरा फोकस बनाने की कोशिश करेंगे, जिससे आपको एक अच्छा मुकाम हासिल होगा। आपका कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात होगी और उनके विवाह की बात पक्की हो सकती है।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपनी खुशियां परिवार के सदस्यों से साझा करेंगे। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी हो सकती हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को नया काम ना मिलने से थोड़ी टेंशन बनी रहेगी। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए धन संबंधी मामलों में अच्छा रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। आपका कोई नुकसान हो सकता है और आप अपनी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाही न करें। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए बढिया रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपकी कला व कौशल में सुधार आएगा। आपके बॉस भी आपके काम से काफी खुश रहेंगे। आपके प्रमोशन की बात आगे बढ़ सकती हैं। सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों के साथ-साथ बचत पर भी पूरा ध्यान देंगे।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए किसी बड़े लक्ष्य को बनाए रखने के लिए रहेगा। आप अपने करियर को लेकर कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। आपको किसी काम में उसके नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको बेवजह के कामों मे पड़ने से नुकसान हो सकता है। आपको संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकते है।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको मन मुताबिक लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होगी। आपके किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जाने की संभावना है। आपका चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा। आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेना नुकसान दे सकता है। आपको अपनी सोच व समझदारी से ही कामों को करना होगा और आप अपनी वाणी पर संयम रखे, नहीं तो बेवजह के लड़ाई झगड़े खड़े हो सकते हैं। कुछ नए लोगों से मेलजोल थोड़ा सोच समझ कर बढ़ाना होगा।

## शब्दजाल - 7978

*शब्द जाल में आंध्रप्रदेश के 10 जिलों के नाम ढूंढिए, नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं।*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | आ | ए | क | धि | का | र | प | क |
| न | का | क | दि | इं | झे | ने | ग | ति | मा | री |
| अ | दा | र | ला | मा | ग | अ | द | ह | प | म |
| है | द | रा | बा | द | न | स | नं | ह | लि | न |
| त | अ | अ | द | न | कृ | ष्णा | ह | त | न | ग |
| ख | म्म | न | र | व | प | का | त | ह | पु | र |
| ग | मा | ल | मा | व | चि | ला | र | मा | न | र |
| न | र | भा | र | न | प | तु | रा | ल | वि | ला |
| क | गुं | बा | क | ड | प्पा | प | र | न | जू | दे |
| र | टु | ति | मा | न | सिं | ब्रा | रु | का | प | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | क | र्नू | ल | र | र |

आदिलाबाद, हैदराबाद, अनंतपुर, गुंटूर, चितुर, कृष्णा, कर्नूल, कडप्पा, खम्मन करीमनगर,

### शब्दजाल - 7977 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धु | ह | अ | गां | द | ब | क | घा | हा | श | क |
| ब | म | तु | ला | व | म | स | या | ट | र | आ |
| री | गॉ | ल | क | छा | र | कुं | भ | म | प | द |
| क | ड | क | र्क | या | क | र्त | का | म | रू | प |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6922

**बायें से दायें:-**

१. अभिषेक, सुनील, ऐश, शबाना की 'बहका दिया' गीत वाली फिल्म-४,२
४. 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली सुनील शेट्टी, सुष्मिता, नम्रता की फिल्म-३
६. 'छोड़ो मुझे' गीत वाली फिल्म 'जानू' में जैकी के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'दिल खुश है आज उनसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
९. फिल्म 'प्यार का साया' में राहुलराय के साथ नायिका कौन थी-२
११. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'गजगामिनी' में मुंशी प्रेमचंद की 'निर्मला' की भूमिका किसने की है-३
१३. राजेंद्रकुमार, बबीता की 'रिमझिम के गीत सावन गाए' गीतवाली फिल्म-४
१४. 'रामजी की निकली सवारी' गीतवाली ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
१६. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२०. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'कभी शाम ढले तू मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमीं से मोहब्बत हमीं से' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२३. अनिलकपूर, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'फूल सा चेहरा चाँद सी' गीत वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-२,२,२
२८. देव आनंद, गिरीश, टीना मुनीम की 'आवाज सुरीली का' गीत वाली फिल्म-५

**ऊपर से नीचे:-**

१. सतीश, सुभाष घई, अर्चना की फिल्म-३
२. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरी चाहत में दीवाना हूँ' गीत वाली फरदीन खान, सेलिना की फिल्म-४
४. संजयदत्त, अतुल, रवीना, करिश्मा की 'काश तुम मुझसे एक' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, ऋषिकपूर, पूनम की फिल्म-३
८. 'तुम भी चलो हम' गीत वाली फिल्म-३
१०. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
१२. अक्षयकुमार, रवीना टण्डन की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
१३. फिल्म 'पुष्पक' में कमल हासन के साथ नायिका कौन थी-३
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१५. 'उड़ जा काले कावां' गीतवाली फिल्म-३
१६. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की फिल्म-२
१७. शशि कपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
१९. अनिलकपूर, जैकी, अजय, मनीषा, माधुरी, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
२०. 'मेरा सेहरा तू है' गीत वाली फिल्म-२
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२४. 'चढ़ती जवानी मेरी चाल' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'अजूबा' में 'शहजादी हिना' की भूमिका किसने की थी-३
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली फिल्म-३
२७. फिल्म 'शर्मीली' में शशिकपूर के साथ नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6921

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | यु | ग | | जा | न | ए | म | न |
| भी | | वा | | दि | ल | | ला | | या |
| अ | क्स | | शि | वा | | खा | न | दा | न |
| ल | | ठि | का | ना | | मो | | | शा |
| वि | | | र | | आ | शी | र्वा | द | |
| दा | मि | नी | | भा | ई | | | ह | स्ती |
| ना | | ल | क्ष्य | | ना | ला | य | क | |
| क | स | म | | स | | ट | | | मं |
| ह | | | दौ | ड़ | | सा | थ | सा | थ |
| ना | स्ति | क | | क | री | ब | | | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**2 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.39 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कन्या | 08.51 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 11.02 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 13.16 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 15.32 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 17.37 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.24 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.57 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 22.27 बजे से |
| | | वृष | 00.07 बजे से |
| | | मिथुन | 02.06 बजे से |
| | | कर्क | 04.19 बजे से |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2025 वर्ष का 214 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ला
**तिथि** अष्टमी 07.24 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा अहोरात्र।
**योग** शुक्ल(शुक्र) अहोरात्र।
**करण** बव 07.24 बजे तदनन्तर बालव 20.35 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 08.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 45'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872424
**जूलियन दिन** 2460889.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सफर
**तारीख** 07

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः जीने का ढंग

एक शिष्य ने गुरु से पूछा, 'गुरुवर! संसार में किस ढंग से रहना चाहिए?' गुरु बहुत ही ज्ञानी थे। पहले तो प्रश्न सुनकर मुस्कराए फिर बोले, 'अच्छा प्रश्न किया है, एक दो दिन में व्यवहार द्वारा ही उत्तर दूंगा।' अगले दिन एक श्रद्धालु मिठाइयां लेकर आए और उन्होंने स्नेहपूर्वक गुरु को मिठाइयां भेंट कीं। संत ने उन्हें ले लिया और पीठ फेरकर सब खा गए। न वहां बैठे लोगों में से किसी को दिया, न भेंट करने वाले की ओर कोई ध्यान दिया। जब वह चला गया तो गुरु ने शिष्य से पूछा, 'उस व्यक्ति पर क्या प्रतिक्रिया हुई?' शिष्य ने बताया, 'दुखी होकर भला-बुरा कहता गया है। कहता था ऐसा भी क्या संत। सब खा गया। न मुझे पूछा, न किसी और को।' अगले दिन दूसरा व्यक्ति भेंट लाया। संत ने भेंट उठाकर पीछे फेंक दी और लाने वाले से बड़े प्यार से बातें करते रहे। बाद में पता चला कि वह व्यक्ति भी दुखी होकर गया। उसका कहना था, 'अजीब संत हैं। मुझसे तो इतना प्यार जताया, मगर मेरी भेंट का अपमान कर दिया।' फिर तीसरा व्यक्ति भेंट लाया। संत ने उसे आदर से लिया। कुछ स्वयं खाया, कुछ उसे दिया और कुछ अन्य शिष्यों में वितरित करवा दिया। भेंट देने वाले से स्नेहपूर्वक चर्चा भी की। शिष्य ने सूचना दी कि यह व्यक्ति प्रसन्न होकर उनकी सराहना करता हुआ गया। गुरु ने शिष्य को समझाया, 'बेटे। तीन तरह के व्यवहार में यही ढंग ठीक लगता है। दाता यानी भगवान बड़ी भावना से हमें विभूतियां देता है, हम उन्हें तो भोगते हैं, दाता की ओर ध्यान नहीं देते, यह पहला व्यवहार हुआ। दूसरा व्यवहार यह है कि हमने उसकी दी विभूतियों को तो त्याग दिया और उसकी खूब स्तुतियां करते रहे। तीसरा व्यवहार यह है कि दाता का उपकार मानते हुए उसकी ही विभूतियों का सही ढंग से प्रयोग करें। उनसे परमार्थ करें और दाता के साथ भी सहज संबंध बनाकर रखें। यही ढंग ठीक है।'

## सूडोकु नवताल- 7231

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7230 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 8446

**बाएँ से दाएँ**

1. आस्तिक, अनुगामी, पूजक-2
2. रख-रखाव-2,3
6. देह, बदन-2
7. कारण-3
8. तपस्या-2
9. बंदूकधारी(अंग्रेजी-3)
11. पति की बहन-3
12. प्रतिज्ञा, वचन-3
14. पिता, डैडी-2
16. मन मोहने वाला-5
18. आनंदित-2
19. लवण, खार-3
21. बख्तरबंद, आवरण-3
23. पासों से भविष्य जानना-3
25. आमिर व काजोल की फिल्म-2
27. मुलायम, कोमल-3
28. उस समय-2
29. भ्रमण, घूमना-3,
30. कोलाहल-2

**ऊपर से नीचे**

1. खतरनाक-4
2. सनम, बालम-3
3. रहने का तरीका-3,3
4. चावल-2
5. बिजली का कौंधना-5
6. कौवा, काग-2
10. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
13. मन को भाने वाला-5
15. सहयात्री-5
17. कटि-3
20. निम्न, न्यूनतम-4
22. उत्कर्ष-3
24. अधर, होठ-2
26. संबोधन-2

### शब्द पहेली - 8445 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | भ | क्त | | श्र | | | | |
| से | हा | रा | | यं | | र | ज | त |
| ह | | | ज | हा | न | त | | मी |
| त | न | | मा | | की | | आ | ज |
| | ब | हा | व | | र | वा | ना | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही अमेरिका के भारत पर लगाये 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद पड़े दबाव के कारण आई है। इससे दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 585.67 अंकों की गिरावट के साथ ही 80,599.91 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों पर आधारित एनएसई का निफ्टी भी 203.00 अंकों की गिरावट के साथ ही 24,565.35 अंकों पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। आज करोबार के दोरान सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 6 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ ऊपर आये। वहीं शेष सभी 24 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ नीचे आये। इसी तरह, निफ्टी 50 की 50 में से सिर्फ 11 कंपनियों के शेयर ही बढ़कर बंद हुए। बची हुई सभी 39 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल ट्रेंट के शेयर सबसे ज्यादा 3.23 फीसदी बढ़त पर बंद हुए। वहीं दूसरी तरफ, आज सनफार्मा के शेयर सबसे ज्यादा 4.49 फीसदी नीचे आये। इनके अलावा, आज टाटा स्टील के शेयर 3.04 फीसदी, मारुति सुजुकी 2.65 फीसदी, टाटा मोटर्स 2.60 फीसदी, इंफोसिस 2.52 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 1.91 फीसदी, भारती एयरटेल 1.74 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.71 फीसदी, बजाज फिनसर्व 1.67 फीसदी, बीईएल 1.55 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.35 फीसदी, एलएंडटी 1.27 फीसदी, टीसीएस 1.13 फीसदी नीचे आकर बंद हुए। वहीं सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स 1.40फीसदी , हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.17 फीसदी, आईटीसी 1.14 फीसदी और कोटक महिंद्रा बैंक 0.88 फीसदी ऊपर आये। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला। आज सुबह सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंक की गिरावट के साथ ही 81,074 पर खुला। इसी प्रकार निफ्टी भी टूटकर 24,734.90 पर खुला। ब्रोडर मार्केटस में निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.1 फीसदी की तेजी रही पर निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.18 फीसदी की गिरावट आई। क्षेत्र के आधार पर देखें तो निफ्टी फार्मा इंडेक्स सबसे ज़्यादा 1.5 फीसदी गिरा। निफ्टी आईटी इंडेक्स भी 0.5 फीसदी टूटा। जबकि निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स में 1 फीसदी की बढ़त रही। वहीं दूनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट आई।




# ट्रंप के टैरिफ लगाने से टेंशन में तेल रिफाइनरी कंपनियां, रुस से तेल खरीदना किया बंद

नई दिल्ली। टैरिफ को लेकर अमेरिका के दबाव के बीच भारत की कई सरकारी तेल रिफाइनरी कंपनियों ने रूस से कच्चे तेल की खरीद पर अस्थाई रोक लगा दी है। इनमें इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और मैंगलोर रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल जैसी कंपनियां शामिल हैं। इन्होंने रूस से कच्चे तेल खरीदना फिलहाल रोक दिया है। इसके बजाए इन कंपनियों ने तेल खरीद के लिए मिडिल ईस्ट और अफ्रीका का रुख किया है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भारत की इन सरकारी कंपनियों ने बीते हफ्ते से कच्चा तेल इंपोर्ट नहीं किया है। अभी तक इन कंपनियों और सरकार की ओर से इस पर कोई जवाब नहीं आया है। हालांकि, रिलायंस और नायरा जैसी भारत की निजी तेल रिफाइनरी कंपनियां सालाना सौदे के तहत अभी भी रूस का तेल आयात कर रही हैं। 2022 के बाद से रूस से भारत जिन सस्ती दरों पर तेल खरीद रहा था। उसमें गिरावट आई है। बता दें ट्रंप ने रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रंप ने 90 से ज्यादा देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान किया है। भारत पर एक अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। रूस से तेल खरीद को लेकर ट्रंप भारत पर अतिरिक्त पेनाल्टी भी लगा सकते हैं। बता दें भारत तेल आयात के मामले में दुनिया का तीसरा बड़ा देश है। वह चीन के बाद रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीद रहा है।

# आज पहली तारीख.यूपीआई, गैस सिंलेडर, फास्टैग सहित इन सुविधाओं में हो गया बदलाव

नई दिल्ली। 1 अगस्त 2025 से आम लोगों की जेब से जुड़े कई बदलाव हो रहे हैं। इन बदलाव का असर अपनी जैब पर सीधा पड़ने वाला है। जहां भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने यूपीआई लेनदेन के प्रतिक्रिया समय को कम करने के लिए 1 अगस्त, 2025 से कुछ बदलाव लागू किए हैं। बैलेंस चेक लिमिट में प्रतिदिन 50 कर दी गई है। ऑटो-पे ट्रांजैक्शन केवल नॉन-पीक आवर (गैर-व्यस्त समय) के दौरान ही प्रोसेस किए जाएंगे। इतना ही नहीं बैंकों को हर लेनदेन के साथ बैलेंस अपडेट भेजना अनिवार्य होगा, ताकि उपयोगकर्ताओं को हर बार मैन्युअल रूप से जांच न करनी पड़े। वहीं 1 अगस्त से कॉमर्शियल एजपीजी सिलेंडर 35 रुपये तक सस्ता हुआ है। हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां सिलेंडर और विमान के ईंधन (एविएशन फ्यूल) के दामों पर फैसला लेती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 1 जुलाई, 2025 से कॉल मनी, मार्केट रेपो और ट्राई-पार्टी रेपो बाजारों के कारोबारी घंटों में विस्तार की घोषणा की थी, जो दो चरणों में प्रभावी होगा। 1 अगस्त, 2025 से, मार्केट रेपो और ट्राई-पार्टी रेपो के लिए कारोबारी घंटे शाम 4:00 बजे तक बढ़ा दिए गए हैं। नया समय सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक है। इतना ही नहीं 10 जुलाई, 2025 को जारी एनपीसीआई सर्कुलर के अनुसार, 31 अगस्त से उपयोगकर्ताओं को एफडी, शेयर, बॉन्ड, सोना, संपत्ति, व्यक्तिगत/व्यावसायिक ऋण आदि द्वारा समर्थित पूर्व-स्वीकृत क्रेडिट लाइनों (ऋण/ओवरड्राफ्ट) को यूपीआई से जोड़ने की अनुमति होगी। इस सप्ताह एक बड़ी बैठक होने वाली है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली बैठक 4 से 6 अगस्त तक तय है। इस बैठक में रेपो दर में बदलाव सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की जा सकती हैं। यदि रेपो दर में कमी आती है, तब होम या कार लोन की ईएमआई सस्ती हो सकती है।

# एकल अभियान संच द्वारा चलित कम्प्यूटर लैब का पूजन कर किया शुभारंभ

लांजी(पद्मेश न्यूज)। राष्ट्र सेवा में समर्पित वनांचल क्षेत्र में शिक्षा के माध्यम से बच्चों में संस्कार आचरण व्यवहार स्थापित करने के लिए एकल अभियान संच लांजी, अंचल बालाघाट, महाकौशल (म प्र) के द्वारा 30 दिवसीय अखंड श्री रामचरित मानस पाठ आयोजन दादा कोटेश्वर धाम लांजी में किया जा रहा है इसी के सानिध्य में वनांचल व अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल वैन जिसमें कंप्यूटर लगे हुए हैं के द्वारा गांवों में जाकर बच्चों को शिक्षा प्रदान करेगी। जिसका 1 अगस्त को एकल अभियान संच लांजी के अध्यक्ष झनकार किरनापुरे, उपाध्यक्ष विशाल राउत, सचिव परमेश्वर कुथे एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों की प्रमुख उपस्थिति में पंडित सुरेन्द्र उपाध्याय द्वारा विधि-विधान से बच्चियों से पूजन कराकर चलित कम्प्यूटर लैब का विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया गया। एकल अभियान संच लांजी के द्वारा एक अनूठी पहल की शुरुआत की गई है। इस पहल के तहत वनांचल और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा देने के लिए एक चलित (मोबाइल) कंप्यूटर लैब शुरू की गई है। इस मोबाइल वैन में कंप्यूटर लगे हैं, जो गांव-गांव जाकर बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करेगी। एकल अभियान संच लांजी के अध्यक्ष झंकार किरनापुरे ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य




दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना है। कई बच्चे स्कूल तक आसानी से नहीं पहुंच पाते और कंप्यूटर शिक्षा से पूरी तरह अनजान हैं। ऐसे बच्चों के लिए यह मोबाइल वैन एक वरदान साबित होगी।मोबाइल वैन में कंप्यूटर और प्रशिक्षित शिक्षक मौजूद होंगे। यह वैन हर दिन चार गांवों में जाएगी। प्रत्येक गांव में वैन दो घंटे रुकेगी, जहां बच्चे कंप्यूटर सीख सकेंगे। इस तरह, रोजाना चार गांवों के बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा मिलेगी।आपने आगे कहा कि आज का युग डिजिटल युग है। कंप्यूटर शिक्षा के बिना बच्चों का भविष्य अधूरा है। इस मोबाइल लैब के माध्यम से बच्चे न केवल कंप्यूटर चलाना सीखेंगे, बल्कि डिजिटल दुनिया से जुड़कर अपने भविष्य को बेहतर बना सकेंगे। यह अभियान बच्चों में शिक्षा, संस्कार और अच्छे व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए भी काम कर रहा है। इस अवसर पर विजय रामटेककर, संतोष मोरघड़े, योगेन्द्र दहीकर, ललीत अग्रवाल, महेंद्र रणदिवे, अजय खरगाल, डॉ राजेश रणदिवे, डॉ किशोर सोनवाने, लक्ष्मण रामटेककर, प्रकाश मुरकुटे, उमाकांत उपराड़े, श्रीमती लता किरनापुरे, दुर्गा रामटेककर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र संगठन के चुनाव संपन्न

लांजी(पद्मेश न्यूज)। विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लांजी में 1 अगस्त 2025 को छात्र संगठन का चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से हुआ। एक सप्ताह पहले मतदाता सूची जारी की गई और सभी मतदाताओं को परिचय पत्र दिए गए। प्रत्येक कक्षा से 8 प्रतिनिधियों ने वोट डाला। चुनाव प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी के निर्देशन में हुआ। इसमें बालकिशोर भारती परिषद अध्यक्ष, सांस्कृतिक परिषद अध्यक्ष, क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष और कन्या भारती परिषद अध्यक्ष के लिए वोटिंग हुई। चुनाव में आचार्य सदरुलाल बोहने, आचार्या श्रीमती सिसोदिया दीदी, त्र्यम्बक भगत, लेखराम ठाकरे और टेम्भरे दीदी ने निर्वाचन अधिकारी के रूप में सहयोग दिया। मस्करे जी, कटरे दीदी और साकेत बोहने ने सहायक की भूमिका निभाई। चुनाव के बाद ईवीएम को सील किया गया और मतगणना के बाद परिणाम घोषित हुए। अजय सोनवाने (बालकिशोर भारती परिषद अध्यक्ष), वैधांशी ढोक (सांस्कृतिक परिषद अध्यक्ष), मयंक बडघैया (क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष) और भावना भोंडेकर (कन्या भारती परिषद अध्यक्ष) विजयी रहे। सभी विजेताओं को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी गई। यह चुनाव ईवीएम से हुआ, जो विद्यालय के लिए एक अनोखा प्रयास था। इससे छात्र-छात्राओं को ईवीएम से वोटिंग की प्रक्रिया समझने का मौका मिला। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।






# श्री लक्ष्मीकान्ता कॉलेज का एम.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम

लांजी(पद्मेश न्यूज)। राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में श्री लक्ष्मीकान्ता कॉलेज ऑफ टेक्नालॉजी, लाँजी में स्नातकोत्तर का परीक्षा परिणाम शत्-प्रतिशत रहा। राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा 31 जुलाई को एम.एस.सी. जन्तुशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है इसी के अंतर्गत श्री लक्ष्मीकान्ता कॉलेज ऑफ टेक्नालॉजी, लाँजी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें एम.एस.सी. (जन्तुशास्त्र) चतुर्थ सेमेस्टर में छात्रा आयशा हुसैन 82 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, छात्रा स्वाति खैरवार 81.50 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं छात्रा छाया महिष्वरे 81.25 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। एम.एस.सी. (जन्तुशास्त्र) चतुर्थ सेमेस्टर में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के नाम इस प्रकार है - डिलेश्वरी उईके, दिनेश्वरी मातरे, काजल टेम्भुरने, नलिनी सातपुते, नेहा रामटेक्कर, ओमेश्वरी डोये, पायल मोरघड़े, पूनम मोरघड़े, साक्षी वानखेड़े, संजना दशहरे छात्रों की इस सफलता पर महाविद्यालय के संस्थापक लक्ष्मीचन्द करहि, संचालक श्री किशोर कुमार करहि, गुलाबचन्द बड़घैया, डॉ. ताराचन्द बड़घैया, एवं श्रीराम करहि, प्राचार्य एवं समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ ने शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# अमृत हरित महाभियान के तहत नगर परिषद ने माँ काली मंदिर परिसर में किया वृक्षारोपण

लांजी(पद्मेश न्यूज)। नगर परिषद लांजी के द्वारा 1 अगस्त को शासन के निर्देशानुसार अमृत हरित महाभियान के तहत नगर वार्ड क्रमांक 5 माँ काली मंदिर परिसर में 200 पौधे रोपे गये। इन पौधो में नीम, पीपल, अमलतास, आवला, अशोक, सोनपत्ती इत्यादी लगाए गए है। उक्त पौधा रोपण कार्य में नगर परिषद लांजी से अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, सभापति किशोर रामटेक्कर, श्रीमती शीखा गोस्वामी, श्रीमती कस्तुरा वाकडे एवं पार्षदगण में सौरभ पशीने, श्रीमती कल्पना डोलस, सांसद प्रतिनिधि ताराचंद कालबेले, विधायक प्रतिनिधि कैलाश गोस्वामी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, पूर्व पार्षद लीलाधर डोलस, काली मंदिर परिसद समिति के अध्यक्ष योगेश रामटेक्कर, सदस्य बबूल शिवालिया, राजू मोहारे, टेकचंद बिहोने, शरद आसटकर, मधु आसटकर एवं समिति के अन्य सदस्य ने उपस्थिति देते हुए पौधा रोपण कर जनभागीदारी से सहयोग प्रदान किया गया एवं आमजन से भी अनुरोध किया गया कि इस अभियान को सफल बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपन कर शासन/प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। उक्त कार्यक्रम का अयोजन मुख्य नगरपालिका अधिकारी मयूर वाहने के निर्देशन पर नगर परिषद के आमजन से अनुरोध किया गया कि वातावरण को शुद्ध रखने हेतु पौधा रोपण कर उनका संरक्षण करें। कार्यालय नगर परिषद से अधिकारी/कर्मचारियों में अमृत हरित महाभियान नोडल श्रीमती वंदना भार्गव, संतोष भार्गव, तेजराम आसटकर, छगन मिश्रा, रनदिप वराडे, श्रीमती जैवंती कचवाहे, मचलेश चोरवाडे, शैलेन्द्र दुरूगकर, श्रीमती सुरेखा चोरवाडे, श्रीमती पुजा श्रीवास्तव, नितिन बरगैया, बिहारी महोबिया, श्याम वगारे, लक्ष्मीकांत सोनवाने, शमीम खान इत्यादी की उपस्थिति रही।




# विद्याभारती बाल भाऊ देवरस सरस्वती शिशु मंदिर कारंजा में किया वृक्षारोपण

लांजी (पद्मेश न्यूज)। विद्याभारती बाल भाऊ देवरस सरस्वती शिशु मंदिर आवासीय विद्यालय, कारंजा, जिला बालाघाट में हाल ही में अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रांत प्रचारक राजकुमार मटाले जी का अल्प प्रवास हुआ। इस अवसर पर श्री मटाले जी ने विद्यालय परिसर का अवलोकन किया और विद्यालय के साथ-साथ न्यास परिसर के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए। उनके मार्गदर्शन से विद्यालय के शैक्षणिक, सांस्कृतिक और भौतिक विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। श्री मटाले जी ने विद्यालय की व्यवस्थाओं, शैक्षणिक गतिविधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए चलाए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विद्यालय के प्रबंधन और आचार्यों को भारतीय संस्कृति, मूल्यों और शिक्षा के समन्वय को और सशक्त करने पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने विद्यालय परिसर को पर्यावरण के अनुकूल बनाने और



विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान श्री मटाले ने वृक्षारोपण किया एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और विद्यालय के सभी सदस्यों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह कदम विद्यालय के हरे-भरे परिसर को और समृद्ध करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल थी। इस अवसर पर संघचालक विजय रामटेककर, विद्यालय के व्यवस्थापक सचिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष देवेश ऐड़े, कोषाध्यक्ष श्यामराव राखड़े, मोरेश्वर फूण्डे, झनक लाल बिसेन सहित विद्यालय के आचार्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने श्री मटाले के मार्गदर्शन को ध्यानपूर्वक सुना और उनके सुझावों को लागू करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य चुन्नीलाल बोपचे ने श्री मटाले और सभी उपस्थित महानुभावों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्री मटाले का यह दौरा और उनके दिशा-निर्देश विद्यालय के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं, जो भविष्य में विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होंगे।

# एक कॉल आते ही रुकी अतिक्रमण की कार्रवाई

## प्रशासनिक अधिकारी वापस लौटे, तीन दिन की दी मोहलत

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 15 बड़ा राम मंदिर के ठीक सामने स्थित सीट क्रमांक 1-डी, खसरा नंबर 11/2 रकबा 6263 वर्गफुट की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे के आस-पास शुरू हुई और महज 15 मिनट में ही नायब तहसीलदार के फोन पर एक कॉल आते ही थम गई. माननीय व्यवहार न्यायालय के फैसले के बाद नायब तहसीलदार पुलिस बल और नगर परिषद के कर्मचारियों के साथ जेसीबी मशीन लेकर अवैध कब्जे को हटाने के लिए पहुंचे थे लेकिन नायब तहसीलदार को कॉल आते ही जेसीबी मशीन रूक गई और प्रशासनिक अमला आधी-अधूरी कार्रवाई कर वापस लौट गया. यह कॉल किसका था इसकी पुष्टि तो नहीं की जा सकती. लेकिन कार्रवाई के रुकते ही एक सवाल खड़ा हो गया कि आखिर यह कॉल किसका था जिसके बाद अतिक्रमण की कार्रवाई अचानक से रूक गई. नायब तहसीलदार ने कार्रवाई को रोकते हुए अनावेदक पक्ष को तीन दिनों का समय देकर स्वेच्छा से कब्जा हटाने के लिए कहा है और नहीं हटाने पर पुन: कार्रवाई करने की हिदायत दी है। पूरा मामला वैभव पालीवाल की खसरा नंबर 11/2 की भूमि से जुड़ा हुआ है. न्यायालय ने जो फैसला सुनाया है उसके अनुसार राजस्व रिकार्ड में यह भूमि वैभव पालीवाल के नाम दर्ज है जिस पर जितेन्द्र त्रिवेद्वी ने अवैध तरीके से कब्जा कर लकड़ी की टॉल, राशन दुकान, ड्रम और चूने की बोरियों को रखा है. न्यायालय ने अपने फैसले में यह भी बताया कि तहसील न्यायालय ने जितेंद्र त्रिवेदी को कब्जा हटाने आदेशित किया था. जिसके बाद अनावेदक जितेंद्र त्रिवेदी ने एसडीएम न्यायालय और अतिरिक्त कमिश्नर के यहां भी अपील की. वहां से भी आवेदन खारिज कर दिए गए. ऐसे में जितेंद्र त्रिवेदी ने करीब 03 वर्ष पहले व्यवहार न्यायालय में राहत के लिए धारा 151 का आवेदन किया. न्यायालय ने अपने फैसले में साफ पर कहा है कि जितेंद्र त्रिवेदी तहसील न्यायालय की कार्रवाई से बचने के लिए यथास्थिति आदेश प्राप्त करना चाहता है. व्यवहार न्यायालय में उनका आवेदन निरस्त कर दिया. न्यायालय से जितेंद्र त्रिवेदी के अधिवक्ता ने आवेदन पत्र पर तर्क के लिए समय की मांग की है न्यायालय ने 6 अगस्त का समय दिया है लेकिन इस फैसले के आते ही तहसील न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की गई थी जो एक कॉल आते ही रूक गई। प्रशासनिक अधिकारी जब अवैध कब्जा हटाने के लिए पहुंचे तो यहां पर जितेन्द्र त्रिवेद्वी की पत्नी और उनके कुछ रिश्तेदार कार्रवाई को रोकने का प्रयास करते हुए भी नजर आए लेकिन कार्रवाई नहीं रूकी किंतु नायब तहसीलदार को एक कॉल आते ही जेसीबी का फावड़ा थम गया. महिला लगातार लग रही थी कि उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई और सीधे कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई. जबकि प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि 07 दिन की मोहलत दी गई थी. महिला बार-बार कहते हुए सुनाई दे रही थी कि भीतर अनाज रखा है. बता दें कि जितेंद्र त्रिवेदी उचित मूल्य की दुकान का संचालन करते है।



# ग्राम बासी में हुआ सड़क हादसा स्कूल बस से टकराया बाइक सवार

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम बासी में गुरूवार की शाम करीब साढ़े 05 बजे के आस-पास सड़क हादसा हुआ है. स्कूल बस से एक दोपहिया वाहन के टकराने से बाइक सवार का पैर टूट गया है. जिसका जिला अस्पताल बालाघाट में उपचार जारी है. मिली जानकारी अनुसार कामठी निवासी लक्ष्मीचंद पिता सुकराम बाइक क्रमांक एमएच 31 सीई 3554 पर सवार होकर देवरी से अपने घर कामठी की तरफ जा रहा था. ग्राम बासी में श्री मां सांई पब्लिक स्कूल की बस क्रमांक एमपी 50 पी 0365 से टक्कर हो गई. जिससे बाइक सवार का पैर टूट गया. स्कूल बस बच्चों को छोड़ने के लिए गांवों की तरफ जा रही थी. सड़क हादसे की सूचना मिलने पर डॉयल 100 घटनास्थल पर पहुंची थी. जिसने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल लाकर भर्ती करवाया था. सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है।




# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का जिला स्तरीय सम्मेलन 5 को

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बालाघाट जिला परिषद का जिला त्रिवर्षीय सम्मेलन 5 अगस्त 2025 दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे से कृषि उपज मंडी, हमाल एवं रेजा मजदूर एवं राइस मिल यूनियन संघ कटंगी रोड वारासिवनी मे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला सचिव का 3वर्ष के रिपोर्ट पर चर्चा, शाखा परिषद और पार्टी सदस्यता रिनिवल और नए सदस्य बनाने पर चर्चा, नई जिला परिषद का चुनाव करना, पार्टी का राज्य सम्मेलनमे प्रतिनिधि भेजने बाबद चर्चा करना, पार्टी का मुख पत्रक मुक्ति संघर्ष, बढ़ता कारवां ट्रेड यूनियन पेपर पर चर्चा, समय पर अन्य विषय पर चर्चा का. कृष्णा मोदी के निधन पर शोकसभा आयोजित की जाएगी। तथा इस जिला सम्मेलन में वर्तमान राजकीय परिस्थिति पर एवं संगठनात्मक विषयों पर केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीति पर चर्चा की जाएगी । तत्संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव दिनेश रामटेके ने समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# राजधानी में ब्लैक स्पॉट पर पहुंचे न्यायमूर्ति सप्रे

## - लेफ्ट टर्न, जेबरा क्रॉसिंग-सिग्नल को भी देखा

भोपाल । सुप्रीम कोर्ट की सडक़ सुरक्षा समिति के अध्यक्ष और पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने शुक्रवार को भोपाल के उन ब्लैक स्पॉट को देखा, जहां सबसे ज्यादा एक्सीडेंट हुए हैं। इनमें वो जगह भी शामिल हैं जहां फिर से हादसा होने का खतरा है। उन्होंने करीब 3 घंटे में 8 ब्लैक स्पॉट का जायजा लिया और अफसरों से चर्चा की। लेफ्ट टर्न, जेबरा क्रॉसिंग और सिग्नल को भी देखा। कुछ स्पॉट पर उन्होंने अफसरों से पूछा कि यहां एक्सीडेंट होने की क्या वजह है?

न्यायमूर्ति सप्रे सुबह 11 बजे प्लेटिनम प्लाजा के सामने अटल पथ पर पहुंचे। यहां पहले से निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण, स्मार्ट सिटी सीईओ अंजू कुमार, जिपं सीईओ इला तिवारी, एडीएम अंकुर मेश्राम, एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक बीएस कौल, एसडीएम रविशंकर राय, एसीपी अजय



वाजपेयी, विजय दुबे आदि अफसर मौजूद थे।

### तरुण पुष्कर तिराहे पर लेफ्ट टर्न बनेगा

प्लेटिनम प्लाजा चौराहे पर न्यायमूर्ति सप्रे ने हादसों के बारे में जानकारी ली। इस पर पुलिस अफसरों ने बताया कि नेहरू नगर से अटल पथ होते हुए वाहन माता मंदिर की ओर तेजी से पहुंचते हैं। इस वजह से हादसे होते हैं। पिछले हादसों की वजह भी यही थी। यहां करीब 20 मिनट तक निरीक्षण किया। तरुण पुष्कर तिराहे पर लेफ्ट टर्न की जगह कम होने की बात सामने आई। हालांकि, एडिशनल डीसीपी कौल बोले कि स्मार्ट पोल शिफ्टिंग के बाद लेफ्ट टर्न सही किया जा रहा है। इसके बाद न्यायमूर्ति सप्रे रेडक्रास हॉस्पिटल के पहले चौराहे पर पहुंचे। पुलिस अफसरों ने बताया कि चौराहे की रोटरी को बेहतर कर रहे हैं। यहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगी है। इसे अच्छी जगह पर शिफ्ट करने पर विचार कर रहे हैं। इस चौराहे पर देर रात बड़े हादसे होने की जानकारी भी दी गई। जिला कोर्ट के सामने चौराहे पर भी लेफ्ट टर्न को बेहतर करने की बात हुई। फिर पर्यावास भवन के पास उस ब्लैक स्पॉट को देखा, जिसे डेढ़ साल पहले की बंद किया गया था। यहां से टीम सीधे अवधपुरी से पहले भेल चौराहे पर पहुंची। फिर रायसेन रोड स्थित रत्नागिरी चौराहे का निरीक्षण किया।

### हादसे की वजह, मृतकों की संख्या की जानकारी ली

न्यायमूर्ति सप्रे ने निरीक्षण के दौरान हादसों की वजह, मृतकों की संख्या और वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अतिक्रमण हटाने और ब्लैक स्पॉट को जल्द समाप्त करने को कहा। बता दें कि पिछले तीन साल में शहर में 16 ब्लैक स्पॉट्स पर 99 हादसों में 27 लोगों की मौत हो चुकी है। इस मामले में जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जजों की टीम भोपाल पहुंची है। शुक्रवार को टीम शहर में जायजा लिया। इससे पहले गुरुवार को न्यायमूर्ति सप्रे ने बैठक ली थी। जिसमें भोपाल जिले में पिछले 5 साल में हुई दुर्घटनाओं, ब्लैक स्पॉट चिह्नांकन एवं उनके सुधार कार्यों, चालानी कार्रवाई, जन-जागरूकता अभियानों और अन्य नवाचारों के बारे में जाना था। उन्होंने कहा था कि हर व्यक्ति का जीवन अमूल्य है और किसी की गलती से निर्दोष की जान न जाए यह तय किया जाए।

# आईएफएस एसोसिएशन के मोहंता अध्यक्ष विजय सचिव बने

भोपाल। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक हरिशंकर मोहंता आईएफएस एसोसिएशन के अध्यक्ष बनाए गए। इसके पहले वीएस अन्नागिरी एसोसिएशन के अध्यक्ष थे। एसोसिएशन की उपाध्यक्ष सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की संचालक राखी नंदा, वन विहार डायरेक्टर विजय कुमार को सचिव और विदिशा डीएफओ हेमंत यादव को सह सचिव बनाया गया है।

इसके एसोसिएशन विभागीय समन्वय, सेवा हितों की रक्षा, पारस्परिक संवाद और वन अधिकारियों के संगठनात्मक हितों के लिए कार्य करता है। हरिशंकर मोहंता को विभाग में एक अनुशासित, निष्पक्ष और नीतिगत अधिकारी के रूप में जाना जाता है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में एसोसिएशन की भूमिका और अधिक सशक्त और सक्रिय होगी।

# पंचायत सचिव ले रहा था 10 हजार की घूस, ईओडब्ल्यू ने रंगे हाथो दबोचा

## मकान का नक्शा पास करने के ऐवज में मांगे थे 20 हजार

भोपाल। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की इंदौर टीम ने पंचायत सचिव को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता रोशन वर्मा पिता केदार वर्मा ने बीती 24 जुलाई को ईओडब्ल्यू इंदौर के अधिकारियो को लिखित शिकायत करते हुए बताया की उनके मकान का नक्शा पास करने के ऐवज में पंचायत सचिव ओम गुप्ता ग्राम पंचायत मगरखेडा जनपद पंचायत सावेर जिला इन्दौर द्वारा 20 हजार की रिश्वत दिये जाने की मांग की जा रही है। शुरुआती जॉच में आरोपी पंचायत सचिव ओम गुप्ता द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत सही पाये जाने पर एसपी ईओडब्ल्यू द्वारा पंचायत सचित को रंगे हाथो पकड़ने की योजना तैयार करते हुए ट्रैप टीम बनाई गई। प्लानिंग के मुताबिक ईओडब्ल्यू टीम ने रिश्वत की रकम देने के लिये फरियादी को आरोपी के कहे अनुसार 1 अगस्त शुक्रवार को ग्राम पंचायत मगरखेडा,जनपद पंचायत सांवेर जिला इंदौर के कार्यालय,अरविंदो टोल टैक्स के पास भेजा। इससे पहले हुई बातचीत में आरोपी पंचायत सचित रिश्वत की पहली किस्त के रुप में 10 हजार की रकम लेने पर तैयार हो गया था। जैसे ही पंचायत सचिव ओम गुप्ता ने फरियादी रोशन वर्मा से रिश्वत की रकम अपने कब्जे में ली। उसी समय फरियादी द्वारा दिये गये इशारे से वहॉ घात लगाकर मौजूद ईओडब्ल्यू टीम ने उसे रिश्वत की पहली किश्त की रकम 10 हजार सहित रंगे हाथों दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 7(सी) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर आगे की जॉच की जा रही है। ट्रैप टीम का नेतृत्व डीएसपी कन्हैयालाल दांगी द्वारा किया गया। टीम में निरीक्षक राजेश साहू,कैलाशचन्द्र पाटीदार,आमोद सिंह राठौर, उप निरीक्षक, पूनम सिंह, सहायक उप निरीक्षक, हरीश वर्मा,प्रदीप मिश्रा,विशाल भायरे,अजय सोलंकी,नीलम कुशवाह और प्रकाश सिंह राठौर की मुख्य भूमिका रही।

# प्रश्नों का जवाब देने आए शाह पर भड़का विपक्ष, कहा इस्तीफा दो, हंगामे के बीच कार्यवाही 1 बजे तक स्थगित

भोपाल। भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ.विजय शाह आज शुक्रवार को पूरी तैयारी के साथ विधानसभा पहुंचे थे। सदन में उन्हे कई सवालों के जवाब देना थे। मंत्री शाह प्रश्नों के जवाब देते इससे पहले ही विपक्ष के निशाने पर आ गए। दरअसल, मप्र विधानसभा के मानसून सत्र के 5वें दिन प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस ने जमकर हंगामा किया। उनकी मांग थी कि सेना का अपमान करने वाले मंत्री विजय शाह सवालों के जवाब कैसे दे सकते हैं। उन्हे तत्काल मंत्री पद से हटाया जाना चाहिए या वे स्वयं इस्तीफा दे दें। इस मांग को लेकर कांग्रेस के कई विधायक आसंदी के सामने बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने विधायकों को शांत करने का प्रयास करते रहे। जब उनकी बात नहीं सुनी गई तो उन्होंने एक बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थिगित कर दी।

शुक्रवार को राज्य विधानसभा की कार्यवाही शुरु हुई और प्रश्नकाल बिना किसी बड़े हंगामे के सामान्यता चल रहा था। इसी दौरान कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद अपना पूरक प्रश्न करने के लिए खड़े हुए ही थे कि विधायक फूल सिंह बरैया ने मामले को उठाते हुए कहा कि माननीय अध्यक्ष महोदय जिसने सेना का अपमान किया है ऐसे मंत्री को जवाब नहीं इस्तीफा देना चाहिए। इतना सुनते हुए कांग्रेस विधायक सचिन



यादव, महेश परमार,सोहनलाल बाल्मीक सहित कई विधायक खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। विजय शाह इस्तीफा दोउइस्तीफा दो के नारे लगाते हुए आसंदी के सामने पहुंच गए। इसके बाद गर्भगृह में बैठकर काफी देर तक नारेबाजी करते रहे। इधर सत्तापक्ष की तरफ से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विश्वास सारंग सहित तमाम सत्ता पक्ष के सदस्य खड़े हो गए और पक्ष विपक्ष एक दूसरे पर आरोप लगाने लगे। शोरगुल के बीच सत्तापक्ष की तरफ से कहा गया कि ये पाकिस्तान और चीन के दलाल हैं। इस पर हंगामा ज्यादा बढ़ा और विधानसभा अध्यक्ष ने एक बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थिगित कर दी।

### बरैया बोले- तो भाजपा की ऑक्सीजन खत्म हो जाएगी

भांडेर से कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने कहा- भारतीय सेना का अपमान करने वाले मंत्री सदन में आ गए। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। ये देश और आर्मी का अपमान है। हमारी बहन सोफिया जी का, हमारी बहनों का अपमान है। उन्हें सदन में नहीं आना चाहिए, बल्कि इस्तीफा देना चाहिए।

फूल सिंह बरैया ने कहा भाजपा के पास बचने के लिए चार-पांच शब्द हैं पाकिस्तान, मुसलमान, लव जिहाद, आतंकवाद और कश्मीर ये पांच-छह शब्द हटा दिए जाएं तो भाजपा की सरकार की ऑक्सीजन खत्म हो जाएगी। जब वो कमजोर पड़ते हैं और कोमा में जाने वाले होते हैं तो ये ऑक्सीजन लगा लेते हैं।

### पद पर रहने का हक नहीं, वो जवाब देने आया- मसूद

वहीं सदन के बाहर कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि आज मंत्री विजय शाह बहाने से विधानसभा में जवाब देने आए थे। जिस व्यक्ति को पद पर रहने का अधिकार नहीं है, वो जवाब देने कैसे आ सकता है।

# खाद की बोरियां लेकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेसी बोले- ब्लैक में बिक रही खाद

भोपाल। मध्य प्रदेश के विधानसभा के मानसून सत्र के 5वें दिन भी कांग्रेस ने विधानसभा सभा पर प्रदर्शन किया। आज यानी शुक्रवार को प्रदर्शनकारी खाद की बोरियां लेकर पहुंचे और खाद बीज का प्रदेश में संकट बताया। उनका आरोप था कि खाद ब्लैक में बिक रही है और किसानों को खाद से वंचित किया जा रहा है। वहीं कृषि मंत्री ने कहा कि कांग्रेस जबरियां प्रोपेगेंडा खड़ा करती है कहीं कोई खाद का संकट नहीं है और किसान काफी खुशहाल है।

विपक्ष ने कहा कि किसान खाद बीज के संकट से जूझ रहा है। नैनो खाद किसानों पर थोपी जा रही है। किसान मुआवजे और कर्ज को लेकर परेशान है, आय दोगुनी नहीं हो रही है। इधर, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कांग्रेस के प्रदर्शन पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि मैं भी किसान हूं, मध्य प्रदेश में कहीं कोई खाद की किल्लत नहीं है। कहीं कोई आंदोलन नहीं हुआ है। कांग्रेस को तो बेवजह मुद्दा बनाने की आदत पड़ गई है। गुना में आई बाढ़ पर कहा कि मैं वहां का प्रभारी मंत्री हूं, मुख्यमंत्री भी लगातार बाढ़ पर नजर बनाए हुए हैं।मंत्री गोविंद ने आगे कहा कि आज विधानसभा सत्र खत्म होते ही वह गुना के दौरे पर जाएंगे। अधिकारियों को व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। अगर किसानों को फसलों का नुकसान हुआ होगा तो उसका भी आकलन कराया जाएगा। वहीं कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। किसानों तक खाद पहुंचाया जा रहा है। कांग्रेस केवल झूठ बोलती है। किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद दिया जा रहा है।

# स्मार्ट मीटर स्थापना रोकने को लेकर सुप्रीम कोर्ट अथवा मप्र हाईकोर्ट के निर्णय की खबर निराधार

## स्मार्ट मीटर से न घबराएं, स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को लाभ

भोपाल। स्मार्ट मीटर की स्थापना रोकने को लेकर सुप्रीम कोर्ट अथवा मध्यप्रदेश हाईकोर्ट द्वारा किसी भी प्रकार का निर्णय या आदेश नहीं दिया गया है। स्मार्ट मीटर एक देश व्यापी स्कीम है जिसके तहत समूचे देश में स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में कतिपय प्रिंट तथा सोशल मीडिया में यह खबर फैलाई जा रही है कि सुप्रीम कोर्ट अथवा मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने कहा है कि स्मार्ट मीटर लगवाना अनिवार्य नहीं है। यह खबर असत्य, भ्रामक और निराधार है। सुप्रीम कोर्ट अथवा मध्यप्रदेश हाईकोर्ट द्वारा इस प्रकार का कोई भी फैसला नहीं दिया गया है।

स्मार्ट मीटर के संबंध में विद्युत वितरण कंपनी ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर निर्धारित प्लान के अनुसार लगाये जा रहे हैं और उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगवाने से मना नहीं कर सकते हैं। इसी प्रकार सोशल मीडिया में यह भ्रम भी फैलाया जा रहा है कि स्मार्ट मीटर तेज चल रहे है यह



बात विभिन्न टेस्टिंग लैब में गलत साबित हो गई है। स्मार्ट मीटर में किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं है और स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं द्वारा उपभोग की जा रही बिजली के अनुसार ही तकनीकी रूप से वास्तविक और सटीक रीडिंग दर्ज कर रहे हैं।

### उपभोक्ताओं को घरेलू स्मार्ट मीटर से मिलने वाले फायदे

विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर ऊर्जा की खपत को ट्रैक करने और ऊर्जा की बचत करने में मदद करता है, बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में कोई गलती नहीं होती, एप के जरिए, मोबाइल पर रियल-टाइम डेटा देखकर ऊर्जा की खपत को नियंत्रित कर सकते हैं, ऊर्जा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी मिलती है, जिससे ऊर्जा की खपत को बेहतर बना सकते हैं और ऊर्जा की खपत को कम करने से पर्यावरण पर पड़ने वाला प्रभाव कम होता है।

# संदेश जैन बने एम्स भोपाल के नए डिप्टी डायरेक्टर, 4 अगस्त को संभालेंगे कार्यभार

भोपाल। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी संदेश कुमार जैन को एम्स भोपाल का नया डिप्टी डायरेक्टर (प्रशासन) नियुक्त किया गया है। वे 4 अगस्त को औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण करेंगे। संदेश जैन वर्तमान में पुलिस अधीक्षक (रेडियो), भोपाल के पद पर कार्यरत हैं। यह पहली बार है जबकि किसी पुलिस अधिकारी को एम्स जैसे उच्च चिकित्सा संस्थान में प्रशासनिक पद की जिम्मेदारी दी गई है।

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अधीनस्थ संस्था पीएमएसएसवाई द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जैन की नियुक्ति तीन साल की प्रतिनियुक्ति पर की गई है। उनकी तकनीकी और प्रशासनिक दक्षता को इस पद के लिए सबसे उपयुक्त माना गया है। यहां बताते चलें कि संदेश कुमार जैन एक तकनीकी रूप से दक्ष अधिकारी हैं। उन्होंने मैनिट भोपाल से बीटेक और आईटी में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। इसके साथ ही, नक्सल ऑपरेशन, एटीएस और पुलिस रेडियो जैसे संवेदनशील विभागों में उनकी सेवा का लंबा अनुभव उन्हें प्रशासनिक नेतृत्व के लिए, उपयुक्त बनाता है। वे राज्य पुलिस सेवा के एक अनुभवी अधिकारी हैं, जिनकी छवि एक अनुशासित



और दक्ष प्रशासक की रही है।

### 100 से अधिक उम्मीदवारों में से चयन

एम्स भोपाल के डिप्टी डायरेक्टर पद के लिए 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से कई रिटायर्ड आर्मी अधिकारियों और विभिन्न प्रशासनिक पृष्ठभूमियों से थे। नई दिल्ली में हुए इंटरव्यू के बाद संदेश कुमार जैन को सबसे उपयुक्त उम्मीदवार के रूप में चुना गया।

### डिप्टी डायरेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका

एम्स जैसे संस्थान में डिप्टी डायरेक्टर (प्रशासन) की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यह पद क्लीनिकल सेवाओं, मानव संसाधन प्रबंधन, अनुसंधान संचालन और संसाधन वितरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ा होता है। जैन की नियुक्ति से एम्स भोपाल में प्रशासनिक अनुशासन, पारदर्शिता और कार्यकुशलता के नए मानक स्थापित होने की संभावना जताई जा रही है।

### वर्तमान और भविष्य की स्थिति

फिलहाल यह जिम्मेदारी कर्नल (डॉ.) अजीत कुमार के पास है। इससे पहले श्रमदीप सिन्हा, जो वर्तमान में एम्स राजकोट में कार्यरत हैं, को एम्स भोपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।

# मंत्रियों के कामकाज की होगी मॉनिटरिंग

## सीएम हाउस में आयोजित बैठक में दिया गया मंत्र

भोपाल। सत्ता के साथ पार्टी में आए संक्रमण की रोकथाम के लिए अब भाजपा में पार्टी संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई जिलाध्यक्ष के पद पर और कसावट की जा रही है। कार्यकर्ताओं का मान बना रहे और जिला अध्यक्ष सत्ता और संगठन के बीच की मजबूत कड़ी बने, इसके लिए बाकायदा पार्टी की ओर से डू एण्ड डोंट्स तय कर दिए गए हैं। इसके तहत भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने सीएम हाउस की बैठक में प्रभारी मंत्रियों को कामकाज संबंधी समझाइश दी है। इन मंत्रियों के कामकाज की मॉनिटरिंग भी होगी। जिलों में होने वाले उनके दौरे रिजल्ट ओरिएंटेड रहें और मैदानी कार्यकर्ताओं से संवाद व समन्वय बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिलाध्यक्षों को भी सरकारी बैठकों और ट्रांसफर पोस्टिंग मामलों से दूर रहने को कहा गया है।

भाजपा संगठन को मजबूत बनाने के लिए बुलाई गई इस बैठक में मौजूद सभी जिलाध्यक्षों को भी शिवप्रकाश ने संगठन के कामकाज समझाए। जिलाध्यक्षों के साथ प्रभारी मंत्रियों को पहली बार बैठक में बुलाया गया था। शिवप्रकाश बोले-प्रभार के जिलों में मंत्रियों का दौरा कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्षों की सहमति से बनाएं। जिलाध्यक्ष ही उनके दौरे कार्यक्रम फाइनल करेंगे। उन्होंने कहा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि मैदानी कार्यकर्ताओं का जिले के प्रभारी मंत्री से बेहतर संवाद और समन्वय बना रहे। कार्यकर्ताओं की शिकायतें दूर हों और उन्हें समुचित सम्मान भी मिले। बैठक में सीएम डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद थे। इस अवसर पर शिवप्रकाश ने जिलाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे ट्रांसफर-पोस्टिंग जैसे मामलों से स्वयं को दूर रखें। अपने करीबियों के कामकाज को लेकर मंत्रियों के चक्कर नहीं लगाएं। सरकारी बैठकों में जिलाध्यक्षों का होना जरूरी नहीं है। इसके लिए वे प्रभारी मंत्री से समन्वय बना कर रखें। बैठक में आपसी तालमेल बढ़ाने, कार्यकर्ताओं को सम्मान और साथ लेकर काम करने को कहा गया है।

### कार्यकर्ता की खोई ताकत लौटाने की कवायद

अधिकारिक रुप से कोई परिपत्र भले ना जारी किया गया हो, लेकिन पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की ओर से ये बता दिया गया है कि जिलाध्यक्षों की वर्किंग में क्या बदलाव जरुरी है। पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने जिलाध्यक्षों से कहा है कि अगर कोई कार्यकर्ता ये कहता है कि जो जिलाध्यक्ष के साथ सांसद या विधायक के करीब है, उसका काम हो जाता है, लेकिन हमारा नहीं होता। ये संगठन के लिए चिंता की बात है। जिलाध्यक्षों को हिदायत दे दी गई है कि ट्रांसफर की फाइल लेकर मंत्रियों के दरवाजे अब ना पहुंचे।

### भाजपा में जिलाध्यक्षों की क्लास

मध्य प्रदेश भाजपा में निजाम बदलने के बाद अब पार्टी संगठन में कसावट लाने पर जोर है। सबसे ज्यादा चिंता पार्टी में इस बात को लेकर है कि भाजपा में सत्ता और दलबदल के साथ जो संक्रमण आया, उसकी संभाल कैसे हो। जिस कार्यकर्ता के दम पर बूथ जीत लेने का दम भाजपा दिखाती है, उस कार्यकर्ता की खोई ताकत कैसे लौटाई जाए। पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने जिलाध्यक्षों से दो टूक कहा है कि यदि कोई कार्यकर्ता यह कहता है कि जो जिला अध्यक्ष, सांसद या विधायक के करीब है, उसका काम हो जाता है, लेकिन हमारा नहीं होता, तो यह संगठन के लिए चिंतनीय है। इस स्थिति की जिम्मेदारी जिला अध्यक्ष को लेनी होगी। उन्होंने जिलाध्यक्षों को जो वर्किंग गाइडलाइन दी है। उसमें स्पष्ट कहा है कि कार्यकर्ता से संवाद और उनकी समस्या का समाधान सबसे पहले होना चाहिए। जिलाध्यक्षों की सीएम मुख्यालय में हुई बैठक में गाइडलाइन बना दी गई है कि जिसमें खास जोर इस पर कि उन्हें क्या नहीं करना है। सरकारी बैठकों में भी यूं भी जिलाध्यक्षों की मौजूदगी नहीं होनी चाहिए, लेकिन अब भाजपा ने सख्ती कर दी है और निर्देशित कर दिया गया है कि हर सरकारी बैठक में जिलाध्यक्ष की उपस्थिति नहीं होनी चाहिए।

# अशोक वर्णवाल भी मुख्य सचिव की दौड़ में शामिल

## एक्सटेंशन नहीं मिला तो इस महीने सेवानिवृत होंगे अनुराग जैन और जय नारायण

भोपाल। प्रदेश में इस महीने बड़े प्रशासनिक फेरबदल के आसार हैं। 1989 बैच के मुख्य सचिव अनुराग जैन और अपर मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया इसी महीने रिटायर होंगे। हालांकि जैन को एक्सटेंशन मिलने की पूरी संभावना है। यदि दोनों अधिकारी रिटायर होते हैं, तब सरकार में इस महीने प्रमुख पदों पर पदस्थापना होना है। ऐसे में वन विभाग के अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल (1991) भी मुख्य सचिव की दौड़ में शामिल हो गए हैं। वर्णवाल को अपर मुख्य सचिव गृह भी बनाया जा सकता है।

मुख्य सचिव अनुराग जैन की सेवानिवृत्ति के बाद जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा (1990) सबसे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी होंगे। राजौरा को पिछले महीने 6 जुलाई को मुख्यमंत्री कार्यालय से हटाया गया था। इस पदस्थापना को अगले मुख्य सचिव की नियुक्ति से जोड़कर देखा गया है। मुख्य सचिव की दौड़ में राजौरा के अलावा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पद दिल्ली में पदस्थ 1990 बैच की अलका उपाध्याय का नाम भी है। अलका का नाम उस समय भी मुख्य सचिव के लिए चर्चा में आया था, जब सितंबर 2024 में पूर्व मुख्य सचिव वीरा राणा का सेवावृद्धि कार्यकाल पूरा होने पर नया मुख्य सचिव तय होना था। हालांकि राजौरा के नाम की तमाम अटकलों के बीच आखिरी समय में अनुराग जैन को मुख्य सचिव बनाया गया। एक बार फिर जैन के एक्सटेंशन या नए मुख्य सचिव के निर्णय पर भी आखिरी समय तक सस्पेंस बने रहने की संभावना है।

प्रशासनिक सूत्र बताते हैं कि जैन को एक्सटेंशन मिलने की संभावना ज्यादा है। यदि वे एक्सटेंशन नहीं लेते हैं, तब जैन वापस दिल्ली की राह पकड़ सकते हैं। उन्हें भारत सरकार में सलाहकार के तौर पर किसी अहम परियोजना की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

### राजौरा के बाद वर्णवाल सबसे वरिष्ठ अधिकारी

अनुराग जैन की सेवानिवृत्ति के बाद राजेश राजौरा मप्र में सबसे वरिष्ठ अधिकारी होंगे। तब अशोक वर्णवाल (1991) दूसरे सबसे वरिष्ठ अधिकारी होंगे। हालांकि उनसे वरिष्ठ दो अधिकारी अलका उपाध्याय (1990) और मनोज गोविल (1991) दिल्ली में पदस्थ हैं। ये सभी मुख्य सचिव की दौड़ में शामिल हैं। इनमें राजौरा मई 2027, अलका उपाध्याय अगले साल मई 2026, मनोज गोविल मार्च 2029, अशोक वर्णवाल जनवरी 2027 में सेवानिवृत्त होंगे।

# भारत को इंग्लैंड पर बढ़त, जायसवाल-राहुल क्रीज पर; मेजबानों की पहली पारी 247 पर समाप्त

लंदन। भारत की दूसरी शुरू हो चुकी है। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल क्रीज पर मौजूद हैं।

इंग्लैंड की पहली पारी समाप्त

इंग्लैंड की पहली पारी 247 पर समाप्त हो गई और मेजबानों को भारत पर 23 रन की बढ़त मिली है। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 10 विकेट पर 224 रन बनाए थे। इंग्लैंड के खिलाफ भारत की ओर से मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने चार-चार विकेट झटके। वहीं, आकाश दीप को एक सफलता मिली।

जैक क्राउली और बेन डकेट ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी हुई जिसे आकाश दीप ने तोड़ा। उन्होंने डकेट को अपना शिकार बनाया जो 38 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 43 रन बना पाए। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कप्तान ओली पोप ने कुछ अच्छे शॉट खेले और 37 रन जोड़े। क्राउली 57 गेंदों में 64 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने पवेलियन की राह दिखाई।

दूसरे सत्र में भारत ने गेंदबाजों के दम पर शानदार वापसी की। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने इस सत्र में तीन-तीन विकेट लेकर इंग्लैंड को बैकफुट पर ला दिया। क्राउली के बाद ओली पोप (22), जो रूट (29), जैकब बेथेल (6), जेमी स्मिथ (8), जेमी ओवरटन (0) ने अपने विकेट खोए। इंग्लैंड ने तीसरे सत्र में भारत पर बढ़त जरूर हासिल की, लेकिन कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। गस एटकिंसन 11 और हैरी ब्रूक 53 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, जोश टंग बिना खाता खोले नाबाद रहे। क्रिस वोक्स पहले ही चोट के कारण बाहर हो गए। यही वजह है कि इंग्लैंड नौ बल्लेबाजों के साथ उतरी है।

### ब्रूक का अर्धशतक

हैरी ब्रूक का अर्धशतक पूरा हो गया है। वह 53 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं और उनका साथ देने के लिए जोश टंग मौजूद हैं। इंग्लैंड ने भारत पर 23 रन की बढ़त हासिल कर ली है।

### बारिश के कारण रुका मैच

बारिश के कारण मैच रुक गया है। इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 242 रन बना लिए हैं। हैरी ब्रूक 49 गेंदों में 48 और जोश टंग बिना खाता खोले क्रीज पर मौजूद हैं। इंग्लैंड ने भारत पर 18 रन की बढ़त हासिल कर ली है।



# अंपायर कुमार धर्मसेना की गलती सेभारत को नुकसान हुआ -बांगर

ओवल। भारत के पूर्व कोच संजय बांगर ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांचवें क्रिकेट टेस्ट मैच में श्रीलंकाई अंपायर कुमार धर्मसेना की आलोचना करते हुए कहा है कि उनके कारण भारतीय टीम को नुकसान हुआ है। पहले दिन अंपायर कुमार धर्मसेना की एक गलती से मेजबान टीम को लाभ हुआ। भारतीय पारी के दौरान साई सुदर्शन के खिलाफ इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने एलबीडब्लू की अपील की थी। इसपर अंपायर ने आउट नहीं दिया। ऐसे में मेजबान टीम रिव्यू लेने जा रही थी पर धर्मसेना ने अपने दोनों हाथों की उंगलियों से कुछ ऐसा इशारा किया जिसके बाद इंग्लैंड की टीम को अंदाजा हो गया कि खिलाड़ी नाटआउट है और उसने रिव्यू लेने का इरादा छोड़ दिया।

ये मामला 13वें ओवर की दूसरी गेंद का है। मेजबान गेंदबाज जोश टंग की गेंद को खेलते हुए सुदर्शन संतुलन बिगड़ने से गिर गये। इस दौरान गेंद उनके पैड के निचले हिस्से से टकराई और मेजबान टीम ने एलबीडब्लू की अपील हुई। अंपायर कुमार धर्मसेना ने बल्लेबाज को आउट नहीं दिया। उन्होंने उंगलियों से इशारा किया कि गेंद पहले बल्ले के अंदरुनी किनारे पर लगी और फिर पैड से टकरायी। इससे इंग्लैंड की टीम समझ गयी कि खिलाड़ी आउट नहीं है और उसने डीआरएस नहीं लिया और उसका एक रिव्यू बच गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही अंपायर कुमार धर्मसेना पर सवाल उठने लगे हैं। ये कहा जाने लगा कि अंपायर ने जानबूझकर इस प्रकार के संकेत किये। जिससे मेजबानों को लाभ हुआ। इसस प्रकार के आरोपों से बांगर सहमत नहीं हैं पर उनका कहना है कि नुकसान धर्मसेना की आदत से हुआ है। साथ ही कहा कि अंपायर को ऐसा नहीं करना चाहिए। हालांकि, उन्होंने साथ में माना कि धर्मसेना ने जानबूझकर ऐसा नहीं किया है और पूरा मामला अंपायरों की आदत से जुड़ा हुआ है पर उन्हें ये ध्यान रखना चाहिये की उनके दिमाग में जो चल रहा है वह बाहर नहीं आना चाहिये। इससे अपील कर रही टीम को संकेत मिल जाते हैं। वहीं अनुभवी भारतीय अंपायर अनिल चौधरी ने धर्मसेना का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि जो कुछ भी हुआ वो गलती से हुआ क्योंकि कोई भी अंपायर जानबूझकर इस प्रकार के संकेत नहीं देता।



# भारत के साई किशोर और चहल काउंटी चैंपियनशिप में छाये

लंदन। भारतीय स्पिनर साई किशोर और यजुवेंद्र चहल यहां इंग्लैंड में जारी काउंटी चैंपियनशिप में छाये हुए हैं। साई ओर चहल दोनो ने ही अपनी-अपनी टीमों की ओर से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन कर पांच-पांच विकेट लिए हैं। साई किशोर की शानदार गेंदबाजी से सरे ने डरहम को हराकर काउंटी चैंपियनशिप खिताब जीतने की ओर कदम बढ़ाया है। इस मैच के दौरान सरे की ओर से खेलते हुए साई ने दूसरी पारी में पांच विकेट लेकर विरोध टीम की बल्लेबाजी ध्वस्त कर दी। वहीं सैम करन ने भी 40 रन बनाये। डरहम ने पहली पारी में 153 और दूसरी में 344 रन बनाए थे, जबकि सरे ने 322 और पांच विकेट पर 176 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। साई किशोर ने पहली पारी में भी दो विकेट लिए थे।

इस जीत से सरे को 21 अंक मिले, जिससे वह अंक तालिका में नंबर एक पर है और वह खिताब जीतने की ओर बढ़ रही है। वहीं डरहम के केवल तीन तीन अंक है जिससे उसके बाहर होने की संभावाएं हैं। डरहम की ओर से दूसरी पारी में ग्राहम क्लाक ने 42 और कोडी यूसुफ ने 43 रन बनाये। इन दोनो के बची 71 रन की साझेदारी हुई जिससे उनकी उनकी बढ़त 136 तक पहुंच गई पर साई और सैम करन की घातक गेंदबाजी से डरहम के अंतिम चार विकेट 33 रनों पर ही खो दिये।

इसके बाद सरे को 176 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने डॉम सिबली ने 35 रन, कप्तान रोरी बर्न्स 24 और रियान पटेल 28 के डैन लॉरेंस नाबाद 32 रनों की सहायाता से हासिल कर लिया।

वहीं नॉर्थैम्पटनशायर की ओर से चहल ने डर्बीशायर के खिलाफ पांच विकेट लिए। इससे उनकी टीम को पहली पारी में 173 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में भी उन्होंने दो विकेट लिए हैंअ और उनकी टीम अंतिम एक पारी से जीत सकती है। ऑलराउंडर जस्टिन ब्रॉड और रॉब कीओघ की शानदार शतकीय पारियों की सहायता से चहल की टीम ने डर्बीशायर की पहली पारी के 377 रनों के जवाब में नौ विकेट पर 550 रन बनाये। ब्रॉड ने 171 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 18 चौके और एक छक्का शामिल था। यह उनका इस महीने का दूसरा 150 से अधिक का स्कोर है। वहीं कीओघ ने नाबाद 125 रन बनाए। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 208 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की, जो डर्बीशायर के खिलाफ नॉर्थैम्पटनशायर की सातवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले चहल ने पहली पारी में 118 रन देकर 6 विकेट लिए थे और डर्बीशायर की टीम 377 रनों पर ऑलआउट हो गई।




# करुण सबसे लंबे समय के बाद अर्धशतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने

ओवल। आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले बल्लेबाज करुण नायर का बल्ला आंखिर चल ही गया। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के शुरुआती मैचों में विफल रहे करुण ने मेजबान टीम के खिलाफ यहां जारी अंतिम अंतिम क्रिकेट टेस्ट में दबाव के बीच ही नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर भारतीय टीम को संभाला। जब टीम के अन्य बल्लेबाज विफल हो रहे थे तो

करुण ने एक छोर संभाले रखा और अपने पचास रन पूरे किये। करुण ने इस प्रकार 3149 दिनों के बाद 50 रन बनाये हैं। इससे पहले दिसंबर 2016 में उन्होंने अर्धशतक लगाया था। ये टेस्ट मैचों में दो अर्धशतकों के बीच दूसरा सबसे लंबा अंतराल है।

वहीं भारतीय बल्लेबाजों द्वारा दो टेस्ट अर्धशतकों के बीच सबसे लंबे अंतराल का रिकॉर्ड पूर्व क्रिकेटकीपर पार्थिव पटेल के नाम है। पार्थिव ने चौथा अर्धशतक साल अक्टूबर 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 54 और पांचवां अर्धशतक नवंबर 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 67 के बीच सबसे लंबा अंतराल, 4426 दिन का है। पहले दिन का खेल खत्म होने तक वह करुण ने जहां 52 रन बनाये। वहीं भारतीय टीम अपनी अपनी पारी में 6 विकेट पर 204 रन बनाने में सफल रही। करुण ने अपनी करियर की शुरुआत में भी इंग्लैंड के खिलाफ ही तिहरा शतक 303 रन बनाये थे। इसके बाद वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होने के कारण टीम से बाहर हो गये थे।

करुण इस सीरीज के शुरुआती तीन मैच में असफल रहे जबकि चौथे मैच में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। अब पांचवे मैच में अपने प्रदर्शन से करुण ने साबित कर दिया कि उनका चयन सही था।



## अश्विन ने इंग्लैंड के युवा ऑलराउंडर बेथेल को भविष्य का सुपरस्टार बताया

चेन्नई । दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के युवा ऑलराउंडर जैकब बेथेल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह आने वाले समय में एक बेहतरीन खिलाड़ी के तौर पर उभरेंगे। बेथेल को लेकर अश्विन ने कहा कि पांचवें टेस्ट से क्रिकेट जगह को एक नया सितारा मिलेगा। साथ ही कहा कि वह एक एक अलग तरह की प्रतिभा है। अश्विन ने इस खिलाड़ी की बल्लेबाजी और बाएं हाथ की गेंदबाजी दोनों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि बेथेल गेंदबाजी के साथ अच्छी बल्लेबाजी भी करता है। इंग्लैंड की टीम अभी इस सीरीज में 2-1 की बढ़त पर है। उसे कप्तान बेन स्टोक्स की जगह शामिल किया गया है। ऐसे में उसपर जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। अब वह कप्तान की जगह पर उतरते हुए अपने को साबित करना चाहेगा। इस सीरीज की शुरुआत में इंग्लैंड ने जीत दर्ज की थी पर भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट को जीत कर अच्छी वापसी की। तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम को करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में अंतिम टेस्ट बेहद अहम है जिससे सिरिज का फैसला होगा।

## संन्यास के बाद भी करोड़ों कमा रहे यूसुफ पठान

वडोदरा। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान खेल से संन्यास के बाद भी मोटी कमाई कम रहे हैं। यूसुफ पठान की नेट वर्थ तकरीबन 200 करोड़ रुपए के आसपास है। पठन बीसीसीआई की पेंशन और लीग क्रिकेट के ही निवेश से भी सालाना करीब 18 करोड़ रुपए कमाते हैं। यूसुफ पठान जून 2024 से पश्चिम बंगाल के बहरामपुर लोकसभा सीट से सांसद भी हैं। उनका वडोदरा में एक आलीशान घर है, जिसकी कीमत लगभग 6 करोड़ के आसपास है।

## ईसीबी ने 'द हंड्रेड' की टीमों के लिए चार फ्रेंचाइजियों को अपना रणनीतिक साझेदार बनाया

लंदन। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने 'द हंड्रेड' की टीमों के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की चार फ्रेंचाइजियों को अपना रणनीतिक साझेदार बनाया है। इन टीमों को इस साल एक अक्टूबर तक परिचालन नियंत्रण प्राप्त हो जाएगा इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि जिन चार टीमों को साझेदार बनाया गया है। वे हैं जीएमआर, सन टीवी नेटवर्क लिमिटेड, आरपीएसजी समूह और रिलायंस समूह। ईसीबी के अनुसार इस प्रकार के करार से उसे खेल के विकास के लिए करोड़ों पाउंड की राशि मिलेगी। ईसीबी ने कहा कि दो और साझेदारों की बाद में औपचारिक रूप से पुष्टि हो जाएगी।

इन आईपीएल टीम मालिकों ने हाल के महीनों में 'द हंड्रेड' की टीमों में हिस्सेदारी हासिल की थी। इनमें से कुछ मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के मालिक हैं। दक्षिण अफ्रीका की प्रमुख टी20 प्रतियोगिता एसए20 में प्रतिस्पर्धा करने वाली टीमों के मालिक भी हैं। बोर्ड ने कहा, ''ईसीबी ने आज 'द हंड्रेड' के विकास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि की पुष्टि की है जिसके अंतर्गत 'द हंड्रेड' टीमों के पहले छह रणनीतिक साझेदारों के साथ सौदे पूरे हो गए हैं। ''

### अब तक इनके साथ हुए करार

लंदन स्पिरिट - टेक टाइटन्स (49 फीसदी)

बर्मिंघम फीनिक्स - नाइटहेड कैपिटल मैनेजमेंट, एलएलसी, अपने निवेशकों (नाइटहेड) की ओर से (49फीसदी)

मैनचेस्टर ओरिजिनल्स - आरपीएसजी ग्रुप (70फीसदी)

नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स - सन टीवी नेटवर्क लिमिटेड (100फीसदी)

सदर्न ब्रेव - जीएमआर ग्रुप (49फीसदी)

वेल्श फायर - वाशिंगटन फ्रीडम (50फीसदी)

# भारतीय टेबल टेनिस टीमों ने 2026 लंदन WTTC के लिए क्वालीफाई किया

नई दिल्ली/इंदौर। भारत की पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने लंदन में होने वाली प्रतिष्ठित 2026 विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। उन्होंने काठमांडू में आयोजित 2025 दक्षिण एशिया क्षेत्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

एशियाई क्षेत्र से प्रत्येक वर्ग में केवल 16 कोटा स्थान उपलब्ध थे, जिसमें चार क्षेत्रीय चैंपियन (मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया) सीधे ड्ढ्ढञ्जञ्जष्ट के लिए क्वालीफाई करते हैं। भारतीय टीमों ने अपने दमदार प्रदर्शन से दक्षिण एशियाई क्षेत्र में अपनी सर्वोच्चता साबित की।

पुरुष टीम, जिसमें आकाश पाल, रोनित भंजा, अनिर्बान घोष, पी.बी. अभिनंद और दिव्यांश श्रीवास्तव शामिल थे, पांच देशों के राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में अपराजित रही। उन्होंने बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव को एक समान 3-0 के स्कोर से हराया, जो उनकी बेहतरीन फॉर्म और रणनीति को दर्शाता है।

इसी तरह, क्रितविका सिन्हा, सेलेनेदीप्ति सेल्वाकुमार, तनीशा कोटेचा, सायली वानी और सिंडरेला दास की महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्हीं चार प्रतिद्वंद्वी टीमों को 3-0 से मात दी। उन्होंने क्वालिफिकेशन के दौरान एक भी मैच नहीं गंवाया।

टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों को रोटेट करते हुए उभरती हुई प्रतिभाओं को महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी दिया, जिससे टीम की बेंच स्ट्रेंथ और ड्ढ्ढञ्जञ्जष्ट के लिए उनकी तैयारी का पता चलता है। लंदन 2026 में होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए भारत का समय से पहले क्वालिफाई करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह न केवल क्षेत्रीय वर्चस्व को दिखाता है, बल्कि इस बड़े इवेंट के लिए तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर भी प्रदान करता है, जहाँ वैश्विक रैंकिंग, ओलंपिक के निहितार्थ और राष्ट्रीय गौरव दांव पर होंगे।



## शुभमन टेस्ट, विराट एकदिवसीय और टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तान

ओवल। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली का दबदबा तीनों ही प्रारुपों में है। फिर चाहे टेस्ट हो या एकदिवसीय और टी20। उनके नाम सीरीज में सबसे अधिक रनों का रिकार्ड है। टेस्ट में हालांकि युवा कप्तान शुभमन गिल के सीरीज में सबसे ज्यादा रनों का रिकार्ड बनाने के बाद विराट तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं पर एकदिवसीय और टी20 में वह पहले नंबर पर हैं।

शुभमन गिल ने इंग्लैंड दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए 743 रन बनाकर एक सीरीज में सबसे अधिक रनों 732 रनों का पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का रिकार्ड तोड़ा है। वहीं विराट किसी एक सीरीज में 655 रन बनाकर सबसे अधिक रनों के मामले में तीसरे नंबर पर खिसक गये है लेकिन एकदिवसीय और टी20 में किस उनके नाम सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। एकदिवसीय सीरीज में विराट ने सबसे अधिक 558 व टी20 सीरीज में 231 रन बनाये थे।

टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय कप्तान

743 - शुभमन गिल बनाम इंग्लैंड (2025)

732 - सुनील गावस्कर बनाम वेस्टइंडीज (1978)

655 - विराट कोहली बनाम इंग्लैंड (2016)

एकदिवसीय सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय कप्तान

558 - विराट कोहली बनाम दक्षिण अफ्रीका (2018)

453 - विराट कोहली बनाम वेस्टइंडीज (2018)

330 - विराट कोहली बनाम श्रीलंका (2017)

टी20 सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय कप्तान

231 - विराट कोहली बनाम इंग्लैंड (2021)

183 - विराट कोहली बनाम वेस्टइंडीज (2019)

170 - शुभमन गिल बनाम जिम्बाब्वे (2024)

## सहायक कोच ने बताया बुमराह के नहीं खेलने का कारण

ओवल। भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच रयान टेन डोएशेट ने कहा है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपनी फिटनेस को बनाये रखने के लिए ही लगातार नहीं खेल रहे। बुमराह ने पीठ की सर्जरी करायी है और उनके लिए अपने शरीर पर अधिक दबाव देना ठीक नहीं है। इस सीरीज से पहले ही साफ कर दिया गया कि बुमराह इंग्लैंड दौरे पर केवल तीन ही मैच खेलेंगे। बुमराह ने सीरीज का पहला, तीसरा और चौथा मैच खेला था। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट की शुरुआत पर कप्तान शुभमन गिल ने कहा था कि बुमराह को आराम दिया गया है। ऐसे में टीम में उनकी जगह पर प्रसिद्ध कृष्णा की वापसी हुई है। डोएशेट ने कहा, मुझे लगता है कि बुमराह का मामला काफी कठिन है। हम निश्चित रूप से उन्हें खिलाना चाहते हैं पर हम उनके शरीर की स्थिति का भी सम्मान करना चाहते हैं, और इसी आधार पर, हमें लगा कि उन्हें टीम में शामिल करना ठीक नहीं है, मेडिकल टीम ने भी बुमराह को न खेलने की सलाह दी थी।

# अभिमन्यु को फिर अवसर नहीं मिलने से पिता हुए नाराज, कप्तान और कोच से पूछे सवाल

### टीम प्रबंधन के रवैये पर भी नाराजगी जतायी

नई दिल्ली। बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को इसबार भी टेस्ट डेब्यू का अवसर नहीं मिला। वह पिछले चार साल से इसी प्रकार से बैंच पर बैठे हुए हैं जबकि अभिमन्यु ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। वह भारत ए टीम के भी कप्तान रहे हैं। इंग्लैंड दौरे पर उम्मी कि की पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के कारण उन्हें अंतिम ग्यारह में उतरने का अवसर मिलेगा पर ऐसा नहीं हुआ। इससे उनके पिता बेहद नाराज हैं और उन्होंने अभिमन्यु को शामिल न करने के कारण बताने को कहा है। अभिमन्यु का चयन पहली बार भारतीय टीम में साल 2022 बांग्लादेश दौरे पर हुआ था। तब से लेकर करीब 15 खिलाड़ियों ने डेब्यू किया है पर नायर वहीं के वहीं हैं। अभिमन्यु के पिता ने कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर से सवाल किये हैं। अपने बेटे को अवसर नहीं मिलते देखने से नाराज अभिमन्यु के पिता ने टीम प्रबंधन पर भी नाराजगी जतायी है।

उन्होंने कहा, मैं अभिमन्यु के टेस्ट डेब्यू का इंतजार करने के दिनों की गिनती नहीं कर रहा हूं। मैं सालों की गिनती कर रहा हूं; अब तीन साल हो गए हैं। एक खिलाड़ी का काम रन बनाना होता है और उसने काफी रन बनाये हैं। ये भी कहा गया कि उसने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में इंडिया ए के दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, इसलिए उसे अवसर नहीं मिला पर अगर पिछले साल से लेकर इस साल तक तक का आंकलन करें तो तो अभिमन्यु ने लगभग 864 रन बनाए हैं। इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि कुछ खिलाड़ी अपने आईपीएल प्रदर्शन के जरिए सभी की नजरों में आ जाते हैं पर टेस्ट टीम चुनते समय आईपीएल के प्रदर्शन को ध्यान में नहीं रखा जाना चाहिए बल्कि रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी को आधार बनाया जाना चाहिये।

उन्होंने साथ ही कहा, । उन्होंने करुण नायर को मौका दिया। ठीक है, उन्होंने 800 से ज्यादा रन बनाए पर इतने ही रन अभिमन्यु ने भी बनाये उसे भी अवसर मिलना चाहिये। चयनकर्ताओं ने उन पर भरोसा जताया है। मेरा बेटा थोड़ा उदास लग रहा है, लेकिन ऐसा होना स्वाभाविक है। कुछ खिलाड़ी आईपीएल के प्रदर्शन के आधार सुर्खियां बटोरते हैं, जिससे उन्हें टेस्ट टीम में जगह मिल जाती है।

## पीकेएल का 12 वां सत्र 29 अगस्त से शुरु होगा

नई दिल्ली। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 12 वां सत्र 29 अगस्त से शुरु होगा और 23 अक्टूबर तक खेला जाएगा। पीकेएल-12 के सभी मुकाबले विशाखापट्टनम, जयपुर, चेन्नई और दिल्ली जैसे 4 शहरों में खेले जाएंगे। इन शहरों में कुल 108 लीग स्तर के मैचों का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट का शुरुआती मुकाबला राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगु टाइटंस, तमिल थलाइवास और बेंगलुरु बुल्स बनाम पुनेरी पलटन के बीच खेला जाएगा। पीकेएल-12 के कार्यक्रम की घोषणा मशाल स्पोर्ट्स के बिजनेस हेड और पीकेएल लीग के कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने की। इस सत्र में कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी और मुकाबले चार शहरों विशाखापट्टनम जयपुर चेन्नई और दिल्ली में खेले जाएंगे। 2018 के बाद पहली बार विशाखापट्टनम में पीकेएल की वापसी हो रही है। कमिश्नर गोस्वामी ने कहा, ये 12 वां सत्र प्रो कबड्डी लीग के विकास में एक रोमांचक नया अध्याय है। मल्टी-सिटी फॉर्मेट के साथ हम देशभर के प्रशंसकों तक शीर्ष स्तर के कबड्डी मैच ला रहे हैं। विशाखापट्टनम में वापसी को लेकर हम बेहद उत्साहित हैं। यह दिखाता है कि हम अपने प्रशंसकों के करीब जाना चाहते हैं। सीजन 12 प्रो कबड्डी लीग के विकास को भी दिखाता है। विशाखापट्टनम में वापसी को लेकर हम बेहद उत्साहित हैं। यह दिखाता है कि हम अपने प्रशंसकों के करीब जाना चाहते हैं।

### 25 प्रतिशत टैरिफ लागू होना था, इससे अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान महंगे होंगे, भारत सरकार बोली

# अब 7 अगस्त से लगेगा ट्रम्प का टैरिफ

## किसानों का हित सर्वोपरि... दबाव में नहीं करेंगे समझौता

नई दिल्ली। भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर आज से लगने वाला 25 प्रतिशत टैरिफ अब 7 अगस्त से लगेगा। व्हाइट हाउस ने 1 अगस्त की डेडलाइन खत्म होने से ठीक पहले ही इसका ऐलान किया। कस्टम्स और बॉर्डर प्रोटेक्शन को नए शुल्क वसूलने के लिए जरूरी बदलाव करने का समय मिल सके, इस कारण टैरिफ डेडलाइन को बढ़ाया गया है।उधर, ट्रंप के टैरिफ को लेकर एक सरकारी अधिकारी का बड़ा बयान सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि ट्रंप के 25 फीसदी टैरिफ का भारत पर कुछ खास प्रभाव पडने् वाला नहीं है. भारत द्वारा किसानों, डेयरी और एमएसएमई के साथ समझौता करने की कोई संभावना नहीं है. संशोधित फसलों के आयात को लेकर अनुमति देने की कोई संभावना नहीं है.

ट्रम्प ने रूस से व्यापार के चलते भारत पर पेनल्टी लगाने की भी बात कही थी। हालांकि उन्होंने ये साफ नहीं किया कि ये पेनल्टी क्या होगी या कितनी होगी। अभी औसतन करीब 10 प्रतिशत टैरिफ लगता है। 25 प्रतिशत टैरिफ के कारण भारत से जाने वाले सामान, जैसे दवाइयां, कपड़े और इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स महंगे हो जाएंगे। इससे अमेरिकी बाजार में भारतीय प्रोडक्ट्स की मांग कम हो सकती है। भारत का अमेरिका के साथ ट्रेड सरप्लस (निर्यात से होने वाला फायदा) भी कम हो सकता है।



### भारत दोस्त लेकिन उसका टैरिफ

### दुनिया में सबसे ज्यादा

भारत हमारा दोस्त है, लेकिन हमने पिछले कई सालों में उनके साथ ज्यादा कारोबार नहीं किया, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं, शायद दुनिया में सबसे ज्यादा। साथ ही उनके यहां गैर-आर्थिक व्यापारिक रुकावटें भी बहुत सख्त और परेशान करने वाली हैं। इसके अलावा, भारत हमेशा से अपनी ज्यादातर सैन्य चीजें रूस से खरीदता है और चीन के साथ रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है। ये सब तब हो रहा है, जब हर कोई चाहता है कि रूस यूक्रेन में लोगों को मारना बंद करे। ये सब ठीक नहीं है! इसलिए, भारत को 1 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ और ऊपर बताई गई वजह (रूस से व्यापार) से पेनल्टी भी देनी होगी। ध्यान देने के लिए शुक्रिया। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन!

### एग्रीकल्चर, डेयरी पर अमेरिका की नजर

ट्रंप टैरिफ के प्रभाव से परिचति सरकारी अधिकारी ने कहा कि भारत किसानों का हित सर्वोपरि रख रहा है. इससे बढक़र भारत के लिए अभी कुछ भी नहीं है. भारत अमेरिका के लिए एग्रीकल्चर, डेयरी और एमएसएमई के साथ समझौता नहीं करने वाला है. सीधे शब्दों में कहें तो अमेरिका जिन सेक्टर्स पर टैरिफ कम करने के लिए बार-बार भारत पर टैरिया या अन्य प्रतिबंधों से दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, उस सेक्टर्स के लिए भारत किसी भी मार्केट खोलने को तैयार नहीं है. अधिकारी ने यह भी कहा कि 25 प्रतिशत टैरिफ का मामूली प्रभाव है और यह प्रभाव भारतीय बाजारों पर बिल्कुल भी चिंताजनक नहीं है। अमेरिका भारत से चाहता है कि डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए टैरिफ कम किया जाए. ताकि अमेरिका के लिए मार्केट ओपेन हो सके. भारत इसपर बिल्कुल भी सहमत नहीं दिख रहा है. वहीं एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स पर भी टैरिफ खत्म करने या कम करने को लेकर भी अमेरिका भारत पर दबाव बढ़ा रहा है. ताकि भारत में अमेरिकी एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स की एंट्री हो सके.

### भारत क्यों नहीं करना चाहता समझौता

कृषि और डेयरी सेक्टर को लेकर प्रमुख सेक्टर मानता है, जिसके तहत अगर वह समझौता करता है तो भारत की इकोनॉमी के लिए खतरा होगा. जिस कारण भारत एग्रीकल्चर और डेयरी पर दूसरे देशों से इम्पोर्ट पर ज्यादा टैरिफ लगाता है, ताकि घरेलू चीजों की डिमांड बनी रहे और विदेशी प्रोडक्ट्स हावी नहीं हो पाएं. अमेरिका ने बुधवार को भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया था, जिसे आज से लागू करने वाला था, लेकिन अब इसकी डेडलाइन को आगे बढ़ा दिया है. अब इसे 1 सप्ताह के लिए टाल दिया गया है. यानी अगली डेडलाइन 7 अगस्त कर दी गई है.

## जनाब अब्दुल मुकीम कुरैशी के सेवानिवृति पर दी गई स्नेहिल बिदाई, विविध कार्यक्रमों का भी हुआ आयोजन

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। शिक्षा, शिक्षक और शिक्षार्थी को अथक संबल प्रदान करने वाले जनाब अब्दुल मुकीम कुरैशी पिता अब्दुल जब्बार कुरैशी (उच्च. श्रेणी शिक्षक) शास. माध्य. शाला बड़गाँव को उनकी सेवानिवृत्ति के पावन अवसर पर उनके भावी जीवन के स्वस्थ्य एवं सुखी होने की कामना के साथ हार्दिक रूप से यह सम्मान पत्र भेंट किया गया। इस दौरान बताया गया है जनाब अब्दुल मुकीम कुरैशी ने अपने शिक्षकीय जीवन की यात्रा दिनांक 27/02/1984 को शिक्षा विभाग के शास. माध्य. शाला बड़गाँव (किरनापुर) में सहा. शिक्षक पद से प्रारम्भ कर शास. प्राथमिक शाला आमगाँव में दिनांक 10/10/1994 से दिनांक 06/07/1999 तक, शास.पी.एस.एम. महाविद्यालय जबलपुर में दिनांक 07/07/1999 से 15/05/2000 तक, शास. प्राथ. शाला आमगाँव में दिनांक 16/05/2000 से दिनांक 15/08/2024 तक, शास. मा. शाला बड़गाँव में दिनांक 16/08/2024 से दिनांक 31/07/2025 को सेवानिवृत्त हो रहे है। इस तरह कुल 41 वर्ष 05 माह 04 दिन सफलतम शासकीय सेवा तथा म.प्र. शिक्षक संगठन में 35 वर्षों तक विभिन्न पदो के दायित्वो का निर्वहन कर शिक्षक, छात्रहित में पूर्ण ईमानदारी एवं लगन के साथ निर्वाह किया । सादा जीवन उच्च विचार आपकी पूँजी है, सरलता, शालीनता एवं प्रेम वात्सल्य आपके व्यक्तित्व को पूर्ण एवं गौरवमयी बनाते है। जिसका प्रचुर मात्रा में अत्यंत पिछड़े क्षेत्र के विद्यालयों के छात्रों, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों को सदैव वितरण किया ।आज भी आपका उत्साह, लगन, समर्पण, निष्ठा, अनुशासन एवं



सेवाभाव छात्र एवं संकुल के शिक्षकों के लिए अनुकरणी उदाहरण है ।संकुल के समस्त शिक्षक, विकासखण्ड एवं जिले के अधिकारी वर्ग भी आपके शासकीय सेवानिवृत्ति के इस पावन अवसर पर आपकी सुखी, समृद्ध, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते है । जनाब अब्दुल मुकीम कुरैशी जी की बिदाई पर बडगांव विद्यालय से उनके गृह ग्राम मुर्री तक डीजे की धुनों पर नाचते हुए युवाओं की टोली पहुंची। सभी लोगों द्वारा जनाब अब्दुल मुकीम कुरैशी जी का अभिनंदन कर स्वागत सत्कार किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान गणेश सोनी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड किरनापुर,पवन बिसेन संगठन मंत्री म.प्र.शि. संघ, किरनापुर,घर्मेन्द्रपुरी गोस्वामी ब्लाक अध्यक्ष म.प्र.शि.संघ वि.ख. किरनापुर,धर्मेन्द्र वराड़े तहसील अध्यक्ष म.प्र.शि. संघ, तह. किरनापुर, प्रधानपाठक देवेन्द्रपुरी गोस्वामी,महेश बोपचे, मनोज मेश्राम, श्रीमती प्रेमलता बघेले,श्रीमती विनेश्वरी राहंगडाले, तेजेश्वर भौतेकर,माधवसिंह बघेले ,प्रभारी प्रधान शासकीय प्राथमिक शाला आमगांव पीतमलाल पांचे प्राथमिक शिक्षक, प्रकाश चौहान प्राथमिक शिक्षक, घर्मेंद्रपुरी गोस्वामी, सुरेश वासनिक, कुमचंद बिसेन प्रकाश वैद्य , पवन बिसेन, धर्मेन्द वराडे, लखन यादन, भूपेन्द अजीत, उर्मिला भालाधरे, रीता मेश्राम, रेखलाल राहंगडाले,जितेन्ड सिहोरे पूर्व सरपंच ब??गाँव संतोष खरे सरपंच आमगांव, दिलेंद्र सिल्हारे उप आमगाँव, प्रमोद नागेश्वर एस एम सी अध्यक्ष आमगाव सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीणजनों की मौजूदगी रही। वही इस दौरान आयोजित स्नेह मिलन समारोह के अवसर पर ऑर्केस्ट्रा एवं स्नेह सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या मे क्षेत्रवासियों ने शिरकत की।

## ग्रामीण आजीविका मिशन कर्मचारियों ने सौपा ज्ञापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश डे ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी/कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा है।मुख्यमंत्री के नाम सौपे गए इस ज्ञापन में उन्होंने प्रमुख रूप से वर्ष 2023 की संविदा नीति का लाभ दिए जाने की गुहार लगाई है।ज्ञापन सौंपने पहुंचे संगठन के पदाधिकारियों ने अपनी प्रमुख मांगों के संबंध में बताया कि ग्रेड पे में सुधार किया जाएं। आजीविका मिशन के अधिकारी कर्मचारियों की प्रगति के नाम पर अनावश्यक सेवाएं समाप्त की जा रही है जिसे रोका जाना चाहिए। वर्ष 2013 संविदा नीति में स्पष्ट लिखा है कि किसी भी कर्मचारी की 62 वर्ष तक सेवा समाप्त नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान किसी कर्मचारी के साथ अनहोनी घटना हो जाती है। जिसमें कर्मचारी की मृत्यु होने पर उनके



परिवार के सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जाए। इसके अलावा अन्य मांगे भी है जिनको लेकर ज्ञापन सौपा गया है।

### संविदा नीति नियम 2023 का दिया जाए लाभ -सुनीता

कलेक्ट्रेट कार्यालय में सौपे गए इस ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान संगठन की अध्यक्ष सुनीता चंदने ने बताया कि म.प्र डे ग्रामीण आजीविका मिशन 2023 की संविदा नीति में कर्मचारी व आजीविका मिशन के अधिकारियों के लिये नीति लागू की गई है। इस नीति के तहत अधिकारी कर्मचारियों को जो लाभ दिया जाना है वह आज दिनांक वर्ष 2025 तक नहीं दिया जा रहा है। जिसके विरोध में आज मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों के ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने जिलों में कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है।जिसमे शीघ्र वर्ष 2023 की संविदा नीति के तहत जो नियम बनाये गये है उसका लाभ दिये जाने की मांग की गई है।

## पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना रेप मामले में दोषी करार

मैसूरु(ईएमएस)। बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का पोते प्रज्वल रेवन्ना को मेड से रेप मामले में दोषी ठहराया। कोर्ट शनिवार को सजा सुनाएगी। कोर्ट का फैसला आने के समय रेवन्ना भावुक दिखा और बाहर निकलते वक्त रो पड़ा। रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की एक महिला ने पिछले साल अप्रैल में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था।

कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है।

### प्रज्वल पर कई महिलाओं से यौन उत्पीडऩ का आरोप

पिछले साल प्रज्वल रेवन्ना का नाम कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में सामने आने के बाद चर्चा में आया था। उस पर 50 से ज्यादा महिलाओं से यौन उत्पीडऩ का आरोप है। उनके खिलाफ रेप, छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग और धमकी देने के आरोपों से जुड़े अब तक 4 एफआईआर दर्ज की गई हैं। पिछले साल, रेवन्ना के सोशल मीडिया पर 2,000 से ज्यादा अश्लील वीडियो क्लिप सामने आए थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में रेवन्ना ने कर्नाटक की हासन संसदीय सीट पर दूसरी बार चुनाव लड़ा था, लेकिन वह अपनी सांसदी नहीं बचा सका। उसके खिलाफ दर्ज मामलों के बाद जेडीएस ने उसे पार्टी से निलंबित भी कर दिया था।

## नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए हॉकी एवं चित्रकारिता प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला खेल और युवा कल्याण विभाग के शहीद चंद्रशेखर आजाद एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान के परिसर में नशे से दूरी है जरूरी जागरुकता अभियान अन्तर्गत हाकी मैच 7 ए साइट प्रतियोगिता 30 जुलाई को दो टीमों नेहरू स्पोर्टिंग क्लब एवं फीडर सेंटर डे बोर्डिंग के मध्य आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कराते प्रशिक्षण केंद्र मुलना स्टेडियम में कराते एवं एथलेटिक्स के खिलाड़ियों द्वारा जागरूकता के संदेश देते हुए पेंटिंग बनाई गई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली विजेता टीम नेहरू स्पोर्टिंग क्लब रही एवं द्वितीय स्थान फीडर सेंटर हॉकी डे बोर्डिंग ने प्राप्त किया। सेवेन ए साइट हॉकी मैच में रेफरी की भूमिका में विशाल द्वारा की गई। प्रतियोगिता के विजेता, उप विजेता को मुख्य अतिथि किरण भाई द्विवेदी द्वारा ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सभी खिलाडिय़ों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष नरेश धुवारे, जिला हॉकी संघ के सचिव विजय वर्मा, जिला खेल प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन, विजय सूर्यवंशी जन अभियान परिषद, कार्यालय प्रमुख योगेंद्र पटले एवं धीरज डोंगरे, खेलो इंडिया कोच आशु पवार, स्टेडियम वरिष्ठ कर्मचारी शंकर लाल रांहगडाले, श्री ओमप्रकाश दमाहे ऐ बी फिटनेस एकाडमी, सीनियर हॉकी खिलाड़ी नवीता मैथ्यू, कार्यालयीन सहायक दीपक अवचट, विभागीय युवा समन्वयक श्रीमती दिव्या मोहारे एवं लवकुमार नगपुरे की उपस्थित रही।



### बिहार वोटर वेरिफिकेशन-चुनाव आयोग ने जारी की नई लिस्ट

# 65 लाख 6 हजार 375 नाम कटे

पटना। बिहार में चुनाव आयोग ने शुक्रवार को नई वोटर लिस्ट जारी कर दी है। इसे सभी 38 जिलों के डीएम के साथ राजनीतिक पार्टियों से साझा किया गया है। नई लिस्ट इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट पर पब्लिश हो गई है। बिहार में कुल 65 लाख वोटर्स के लिस्ट से नाम कटे हैं। नई लिस्ट प्रदेश में चलाए गए घर-घर मतदाता सत्यापन अभियान के आधार पर तैयार की गई है। मतदाता को वोटर लिस्ट में नाम जुडने्, हटने या गलत जानकारी को लेकर शिकायत है, तो उन्हें सुधार का एक मौका मिलेगा। इसे लेकर 2 अगस्त से एक सितंबर 2025 तक विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जहां मतदाता अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करवा सकेंगे। राजद के हेडक्वार्टर इंचार्ज मुकुंद सिंह ने बताया कि, 65 लाख 6 हजार 375 नाम काट दिए गए हैं। ये नाम ड्राफ्ट होकर नहीं आए हैं। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधित्व के साथ निर्वाचन आयोग ने बैठक की थी। किशनगंज में 1,45,913 नाम लिस्ट में नहीं हैं। वहीं सहरसा में 1.31 लाख, खगडिय़ा में 79,551, सारण में 2.73 लाख, शेखपुरा में 26,256, बक्सर में 87,645, सुपौल में 1 लाख 28 हजार 207, भागलपुर में 2 लाख 44 हजार 612, पश्चिम चंपारण में 1,91,376, मधेपुरा में 99,076 नाम काटे गए हैं।



### किस जिले में कितने नाम हटे

### किशनगंज में 1,45,913 नाम लिस्ट में नहीं

किशनगंज की चारों विधानसभा में लगभग 1,45,913 कुल मतदाता का नाम लिस्ट में नही है। इसमें मृतक, पलायन कर चुके, लापता या डुप्लीकेट (2-2 जगह) नाम वाले मतदाता शामिल हैं। इनमें सबसे अधिक किशनगंज विधानसभा क्षेत्र में 49,340 मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए। वहीं, सबसे कम ठाकुरगंज में 29,277 मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए। वहीं, बहादुरगंज में 36,574 और कोचाधामन में 30,722 वोटरों के नाम मतदाता सूची से काटे गए। चारों विधानसभा किशनगंज, बहादुरगंज, कोचाधामन, ठाकुरगंज विधानसभा के कुल 12 लाख 31 हजार 910 मतदाताओं में से 10 लाख 85 हजार 996 मतदाताओं के ईएफएस फॉर्म जमा हो चुके हैं।

### सहरसा में 1.31 लाख वोटर्स के नाम कटे

सहरसा की 4 अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के कुल 13,91,674 वोटर थे, लेकिन स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बाद 12 लाख 60 हजार 78 मतदाता रह गए है। 1 लाख 31 हजार 596 मतदाताओं का नाम इस जिले में कटा है।

### खगडिय़ा में 79,551 मतदाताओं के नाम कटे

खगडिय़ा में पहले कुल 12,16,202 मतदाता थे, जो अब 11,36,651 रह गए हैं। 79,551 के नाम कटे हैं। चारों विधानसभा क्षेत्रों में नए आंकड़े जारी किए गए हैं।

### सारण में 2.73 लाख वोटर्स के नाम कटे

सारण जिला में 2,73,223 नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए है। पहले 31,34,108 मतदाता थे,लेकिन स्ढ्ढक्र के बाद अब 28,60,885 मतदाता न सूची तैयार हुआ है।

### शेखपुरा में 26, 256 वोटर्स के नाम कटे

शेखपुरा में 5,11,468 मतदाता थे। अब 4,85,212 मतदाता बचे हैं। शेखपुरा में 26,256 मतदाताओं के नाम कट गए हैं। 26,256 मतदाताओं में से 13015 मतदाता शेखपुरा विधानसभा क्षेत्र में है। जबकि 130241 मतदाता बरबीघा विधानसभा क्षेत्र में हैं।

### बक्सर में 87,645 वोटसे के नाम कटे

बक्सर में कुल 1,351,861 मतदाताओं में से 87,645 नाम हटाए गए हैं। अब कुल वोटर्स की संख्या 12,64,216 है।

### सुपौल में 1 लाख 28 हजार 207 वोटर्स के नाम कटे

सुपौल में पहले 16,40,664 वोटर्स थे। अब 15,12,457 बचे हैं। कुल 1,28,207 मतदाताओं के नाम कटे हैं।

भागलपुर में पहले कुल 24 लाख 414 मतदाता थे। जो अब घटकर 21 लाख 55 हजार 802 रह गए हैं। इस जिले में 2 लाख 44 हजार 612 वोटर्स के नाम कटे हैं।

### पश्चिम चंपारण में 1,91,376 वोटर्स के नाम कटे

पश्चिम चंपारण में पहले 27,60990 मतदाता थे,लेकिन अब 25,69,614 मतदाता की सूची तैयार की गई है। जिला में 1,91,376 वोटर्स के नाम कटे हैं। दरभंगा में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि जिले में 30,03,167 मतदाता थे। इसमें 2 लाख 3 हजार 315 लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं।

### मधेपुरा में 99,076 नाम लिस्ट में नहीं है

मधेपुरा की चारों विधानसभा में 99,076 मतदाता का नाम लिस्ट में नहीं है। इसमें मृतक, स्थानांतरित और डुप्लीकेट श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा आलमनगर विधानसभा क्षेत्र में 32,657 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। वहीं सबसे कम सिंहेश्वर में 20,820 मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं। जबकि बिहारीगंज में 21,424 तथा मधेपुरा में 23,175 के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। मधेपुरा में पहले 14 लाख 32 हजार 119 मतदाता थे। अब 13 लाख 33 हजार 043 मतदाता हैं।

## धारापुरी के हरीश पटेल का पीएनबी में चयन, किसान परिवार से निकलकर बनेंगे असिस्टेंट मैनेजर

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। धारापुरी निवासी किसानपुत्र हरीश पटेल बोपचे ने अपने संघर्ष, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत के दम पर सफलता की मिसाल कायम की है। हाल ही में उनका चयन पंजाब नेशनल बैंक (क्कहृक्च) में असिस्टेंट मैनेजर (स्ष्ड्डद्य-1 ह्वद्धद्घद्बष्द्गह्म्) पद के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरा धारापुरी गांव और पवार समाज गौरवान्वित हुआ है। हरीश मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के एक छोटे से गांव धारापुरी के निवासी हैं, जो जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर, हट्टा के पास स्थित है। उनके पिता होलिराम बोपचे एक मेहनती किसान हैं, जबकि माँ श्रीमती गीता बोपचे एक गृहिणी हैं। उनके दादाजी फगलाल बोपचे, जो स्वयं एक सरकारी कर्मचारी रह चुके हैं, का अनुशासन और सादगी हरीश के जीवन में प्रेरणा का स्रोत रहा है। हरीश ने क्चस्ष् (र्ड्डह्लद्धद्गद्वड्डह्लद्बष्ह्य) के साथ-साथ ह्रष्ट की %ष्ट% सर्टिफिकेट ट्रेनिंग प्राप्त की। उनका सपना भारतीय सेना में अधिकारी बनने का था और उन्होंने कई बार इंटरव्यू तक पहुँचकर अपना साहस दिखाया, लेकिन अंतिम चयन न हो पाने के बाद उन्होंने अपने करियर को नई दिशा दी। उन्होंने स्क्च करने के बाद ॥स्नस्ष्ट बैंक में निजी क्षेत्र में कार्य किया, परंतु उन्हें महसूस हुआ कि उनकी असली मंज़िल सरकारी सेवा ही है। इसी सोच के साथ उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में सरकारी नौकरी की तैयारी शुरू की और सफलता प्राप्त की। हरीश को ढ्ढढ्ढरू अमृतसर, ढ्ढढ्ढरू बैंगलोर और ढ्ढढ्ढरू अहमदाबाद जैसे देश के शीर्ष संस्थानों में कार्य करने का अवसर मिला, जहाँ उन्होंने शिक्षा और प्रबंधन की गहरी समझ विकसित की। वर्ष 2018 में हरीश को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मिलने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ, जो उनके जीवन के सबसे प्रेरणादायक क्षणों में से एक रहा। इसी मुलाकात ने उनके भीतर देश सेवा के प्रति समर्पण को और प्रबल किया। लगातार मेहनत, अनुशासन और धैर्य के बल पर हरीश ने बैंकिंग परीक्षाओं में सफलता पाई और अब उनका एक राष्ट्रीयकृत बैंक — क्कहृक्च — में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर चयन हुआ है।




बहुत जल्द वे अपनी जॉइनिंग प्रक्रिया पूरी कर इस नई भूमिका में कार्यभार संभालेंगे। हरीश का मानना है कि कभी भी खुद की तुलना दूसरों से नहीं करनी चाहिए, अपने लक्ष्य खुद तय करें, पूरे समर्पण के साथ मेहनत करें और सबसे जरूरी बात — खुद से प्यार करें और खुश रहें। वे अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दादाजी, समस्त बोपचे परिवार और शिक्षकों को देते हैं, जिनके आशीर्वाद, प्रेरणा और मार्गदर्शन ने उन्हें हर कठिन मोड़ पर हौसला दिया। यह उपलब्धि न केवल बोपचे परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि सम्पूर्ण पवार समाज और धारापुरी गांव के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है कि उनका एक बेटा आज एक राष्ट्रीयकृत बैंक में अधिकारी बनने जा रहा है और जल्द ही देश सेवा में योगदान देगा।

## छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव सम्पन्न



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव 01 अगस्त को सम्पन्न कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री आलोक चौरे द्वारा बताया गया कि निर्वाचन प्रक्रिया संस्था के शिक्षक राजकुमार चौहान एवं मनोहर मरकाम द्वारा संपन्न कराया गया। निर्वाचन के माध्यम से शाला नायक, शाला उपनायक एवं छात्रा प्रतिनिधि का चयन किया गया। इसके साथ ही विद्यालय की अनुशासन समिति, क्रीड़ा समिति, छात्रा सुरक्षा समिति आदि समितियां का गठन किया गया। चुनाव में शाला नायक पृथ्वी यादव, शाला उपनायक साकेत मरावी, छात्रा प्रतिनिधि कु. संध्या धुर्वे एवं छात्रा उप प्रतिनिधि कु. शिवानी सिन्दराम निर्वाचित हुए। निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती लक्ष्मी वारके के द्वारा शपथ दिलाई गई।

## गोंदिया फोरलेन ब्रिज के ऊपर दर्दनाक सड़क हादसा

# मोटर साइकिल आपस में टकराने से तीन लोगों की मौत

### गंभीर रूप से घायल गौरव हायर सेंटर रेफर, दो मृतक राइडर होने की संभावना



**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। गोंदिया रोड मंगोली कला के पास फोरलेन ब्रिज के ऊपर दो मोटरसाइकिल आपस में टकराने से दोनों मोटरसाइकिल में सवार दो युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं गंभीर से घायल एक व्यक्ति ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया । 1अगस्त को 3 बजे हुई इस हृदय विदारक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल एक युवक को जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है। यह युवक गौरव पिता महेश कामड़े 17 वर्ष ग्राम खारा निवासी है। इसी युवक के दोस्त कुणाल पिता बीरबल वैध 20 वर्ष खारा किरनापुर निवासी की फोरलेन ब्रिज के ऊपर मौत हुई। किरनापुर पुलिस ने मौके पर पहुचकर मृत कुणाल वैध ग्राम खारा और एक अन्य मृतक ऋषि कुमार हांडा पितानंद किशोर हांडा वेस्ट बंगाल निवासी बताया जा रहा है।दोनो का शव को उठाकर किरनापुर अस्पताल भिजवा दी है। मौके पर मृत व्यक्ति सुधीर सहगल पिता सुभाष सहगल रामकी वन नॉर्थ डोडाबालापुर रोड आंवलाहाली बेंगलुरु कर्नाटक निवासी बताया गया है। दोनों मृतक के राइडर होने की संभावना। तीनों मृतकों का शव जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिया गया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरव कामड़े माता-पिता का इकलौता बेटा है। जिसकी एक बहन है। गौरव कामड़े ने हाल ही में आईटीआई प्रवेश हेतु फॉर्म भरा था। गौरव कामड़े और कुणाल वैध दोनों आपस में दोस्त है ।बताया गया है कि 1 अगस्त को 3:00 बजे करीब गौरव कामड़े और कुणाल वैध दोनों मोटरसाइकिल में अपने गांव खारा से रजेगांव अपने किसी काम के लिए जा रहे थे। गोंदिया रोड फोरलेन से जाते समय ग्राम मंगोली कला समीप बने घिसरी नदी के फोरलेन ब्रिज के ऊपर से जाते समय उसी समय एक मोटरसाइकिल में सवार दो लोग जो रजेगांव की ओर से बालाघाट तरफ तेज रफ्तार से आ रहे थे। ब्रिज के ऊपर ही दोनों मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई। दोनों मोटरसाइकिल की आपस मे हुई जबरदस्त टक्कर में दोनों मोटरसाइकिल में सवार चारो लोग मोटरसाइकिल से उछलकर रोड पर गिर गए जिनमे कुणाल वैध खारा निवासी और दूसरी मोटरसाइकिल में सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और गौरव कामड़े और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे इस सड़क दुर्घटना के दौरान दोनों तरफ भीड़ लग गई और दोनों तरफ वाहन भी खड़े हो गए थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से गंभीर रूप से घायल गौरव कामड़े और एक अन्य व्यक्ति को जिला अस्पताल लाकर भर्ती किये जहा उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल इस व्यक्ति ने दम तोड़ दिया और खबर मिलते ही गौरव कामड़े के परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए थे। गौरव कामड़े को जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। किरनापुर थाने की रजेगांव पुलिस ने फोरलेन ब्रिज के ऊपर हुए सड़क हादसे में मृत कुणाल वैध और एक अन्य व्यक्ति का शव को उठाकर भिजवाये। जिला अस्पताल में मृत व्यक्ति का शव जिला अस्पताल पुलिस ने अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दी है। इनके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर जिला अस्पताल में मृत व्यक्ति ऋषि कुमार हांडा पितानंद किशोर होडा वेस्ट बेंगल, और मौके पर मृत व्यक्ति सुधीर सहगल पिता सुभाष सहगल रामकी वन नार्थ डोडा बालापुर रोड आंवला हाली बेंगलुरु कर्नाटक निवासी। जिनकी मोटरसाइकिल कपड़े हेलमेट को देखकर दोनों के राइडर होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इस दुर्घटना में मृत तीनों लोगों के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है तीनों का शव जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिया गया है जिनका पोस्टमार्टम 2 अगस्त को किया जाएगा।

## 02 से 06 अगस्त की अवधि में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारत मौसम विज्ञान विभाग नई दिल्ली के क्षेत्रिय कार्यालय भोपाल से प्राप्त पांच दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में 02 से 06 अगस्त 2025 की अवधि में हल्की से मध्यम वर्षा होने के साथ बिजली गिरने, आसमान में मध्यम बादल छाये रहने के साथ आंधी-तूफान चलने की संभावना बताई गई है । इस दौरान अधिकतम तापमान 28.2 से 30.7 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 22.5 से 23.6 डिग्री सेल्सियस तथा सुबह हवा में 90 सक 96 प्रतिशत तथा दोपहर में 59-63 प्रतिशत नमी रहने की संभावना है। आने वाले दिनो में हवा कि गति लगभग 3 से 6 किलोमीटर प्रति घंटा दक्षिण पश्चिम से उत्तर पश्चिम दिशा में रहने की संभावना है। मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए किसानों को सलाह दी गई है कि वर्षा जल को खेत में संरक्षित करने के लिए मेड़ बनाएं। मेड़ ऊँचा एवं चौड़ा होना चाहिए ताकि वर्षा जल का अधिकाधिक संचय खेत में हो सके।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464




## कनिष्क आपूर्ति अधिकारी ने एक पत्रकार पर लगाया ब्लैकमेल और धमकी देने का आरोप

### मानेगांव में 50 लीटर पेट्रोल जप्ती कार्रवाई को लेकर की जा रही थी रुपए की मांग, रुपए नहीं देने पर निपटने की दी जा रही थी धमकी, तथाकथित पत्रकार प्रदीप बिसेन के विरुद्ध अपराध दर्ज

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बैहर बिरसा क्षेत्र पत्रकारिता के आड़ में ब्लैकमेलिंग का कारोबार अच्छा खासा फल फूल रहा है। किसी भी अधिकारी की कार्रवाई को लेकर इस क्षेत्र के तथाकथित पत्रकार ब्लैकमेल और धमकी देने आमाद हो जाते हैं। ऐसे ही एक तथाकथित पत्रकार का सामना इस क्षेत्र के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव को करना पड़ा। जिन्हें ग्राम मानेगांव मैं स्थित एक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान से ज्वलनशील पदार्थ 50 लीटर पेट्रोल की जप्ती कार्यवाही को लेकर इस क्षेत्र के पत्रकारिता से जुड़े एक पत्रकार ने उन्हें ब्लैकमेल करते हुए जान से मारने की धमकी दे दी। आपूर्ति अधिकारी श्री श्रीवास्तव द्वारा की गई रिपोर्ट पर बिरसा पुलिस ने तथाकथित पत्रकार प्रदीप बिसेन ग्राम करौंदा बहरा निवासी के विरुद्ध ब्लैकमेल डराने धमकाने और जान से खत्म करने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव ने बिरसा पुलिस के साथ ग्राम पंचायत मालेगांव के सामने स्थित ठाकरे मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर दुकान की जांच की थी। जांच दौरान इस दुकान से ज्वलनशील पदार्थ 50 लीटर पेट्रोल की जप्त किये थे। दुकान के संचालक दीपक ठाकरे द्वारा अपनी दुकान में पेट्रोल रखकर अवैध रूप से पेट्रोल बेचा जा रहा था। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव ने 50 लीटर पेट्रोल की जप्ती कार्यवाही कर गणपति पेट्रोलियम पेट्रोल पंप मंडई के संचालक प्रबंधक गुलाब सिंह पवार की अभिरक्षा में सौप दिये थे। और इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर बालाघाट, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर को सूचित भी किए थे।इस कार्यवाही के दौरान मोबाइल से फोटो वीडियो भी बनाया गया था। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव द्वारा इस कार्रवाई के दौरान प्रदीप बिसेन करौंदा बहरा निवासी ने कनिष्क आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव द्वारा की गई कार्यवाही को बाधित करते हुए शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किया गया था। किन्तु कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव ने प्रदीप बिसेन की इस हरकत को नजर अंदाज करते हुए अपनी कार्रवाई संपादित की थी। 30 जुलाई को प्रदीप बिसेन ने आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव को फोन कर अपने आप को एक अखबार का पत्रकार बताते हुए 25 जुलाई को ग्राम मानेगांव में पेट्रोल जप्ती के मामले के संबंध में की गई कार्रवाई के बारे में पुन: जानकारी लेना चाह । जिस पर कनिष्क आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव ने उसे मानेगांव में की गई कार्रवाई एवं यथा स्थिति से अवगत कराया गया। यह भी बताया गया कि उक्त दिनांक को की गई कार्रवाई के दौरान बिरसा पुलिस भी साथ में थी। प्रदीप बिसेन द्वारा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव से यह भी कहा गया कि जिस व्यक्ति पर जप्ती की कार्रवाई की गई है उससे कितने पैसे लिए। और प्रदीप बिसेन द्वारा आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव पर दबाव बनाते हुए ब्लैकमेल करने का प्रयास किया और रुपए की मांग की जाने लगी और रुपए नहीं देने पर मानेगांव तरफ आने पर जान से खत्म करवाने की धमकी भी दी जाने लगी। प्रदीप बिसेन द्वारा लगातार धमकी दी जाने लगी थी। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव, प्रदीप बिसेन द्वारा अवैध तरीके से धन की कि जा रही मांग और नहीं देने पर निपटने की धमकी देने के कारण मानसिक रूप से परेशान हो चुके थे। जिन्होंने बिरसा पुलिस थाने में एक लिखी शिकायत दी थी। बिरसा पुलिस ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री श्रीवास्तव द्वारा की गई शिकायत पर प्रदीप बिसेन ग्राम करौंदा बहरा थाना बिरसा निवासी के विरुद्ध धारा 351(3) 221 308(4) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज का विवेचना शुरू की है।

## 05 अगस्त को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। आगामी 05 अगस्त को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में दोपहर 1:30 बजे से प्रारंभ होगी। इस बैठक में कृषि विभाग की समस्त शाखाओं, शिक्षा विभाग, आदिम जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला एवं बाल विकास विभाग, गौण खनिज मद एवं श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा की जायेगी। जिला पंचायत के सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने के लिए सूचना भेज दी गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ ने ग्रामीण विकास से जुड़े विभागों के अधिकारियों को बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.९, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट